## एक नजर

### एसपी ने राजघाट चौकी इंचार्ज को किया निलंबित

**शाहजहांपुर।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने सरकार कार्य में लापरवाही बरतने पर राजघाट चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक मानचन्द्र गौतम को निलंबित कर दिया है। एसपी कार्यालय से जाने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न करना और शिकायतकर्ता की शिकायत को न सुनना और सरकारी कार्य में लापरवाही का वरतना है। हालांकि एसपी ने मंगलवार देर शाम तक किसी की पोस्टिंग नहीं की है।

### मेडिकल कॉलेज में चार बजे तक रहेगा स्टाफ

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा राजेश कुमार ने बताया कि ओपीडी में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ सुबह आठ बजे से दो बजे तक रहते थे। दो बजे के बाद डॉक्टर व स्टाफ अपने घर चले जाते थे। अब डाक्टर तथा स्टाफ दो बजे के बाद घर नहीं जाएंगे बल्कि चार बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे, जो अपने कक्ष या इधर-उधर मौजूद रहेंगे। लेकिन ओपीडी दो बजे तक ही खुलेगी। इससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

# सभासद ने गालियां दीं तो कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे कर्मचारी

## पूरे दिन चलता रहा धरना-प्रदर्शन, ईओ ने फोन पर दिया सभासद पर कार्रवाई का आश्वासन तब शाम को खत्म हुआ धरना

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** एक सभासद के गालियां देने पर बंडा नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों का गुस्सा भड़क गया। सभासद के विरोध में सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर धरने बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। कर्मचारी आरोपी सभासद पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिले से बाहर होने के कारण ईओ ने घटना की जानकारी होने पर कर्मचारियों से फोन पर वार्ता कर सभासद पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

मंगलवार सुबह 10 बजे बंडा नगर पंचायत कार्यालय में एक सभासद पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि दूसरे मोहल्लों में कर्मचारी पहले सफाई करने चले जाते हैं। उनके मोहल्ले में कर्मचारी सबसे बाद में पहुंचते हैं। इससे जनता के ताने उन्हें सुनने पड़ते हैं। आरोप है कि इस दौरान सभासद ने बिना किसी का नाम लिए सार्वजनिक तौर पर कर्मचारियों को गालियां देना शुरू कर दिया। इससे कार्यालय में मौजूद सभी कर्मचारी भड़क गए। उन्होंने दफ्तर का काम बंद कर दिया और पंचायत कार्यालय परिसर में जाकर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।

कर्मचारियों का कहना था कि वे लोग सही से काम कर रहे हैं। इसके बावजूद अनावश्यक झूठे आरोप लगाकर एक साथ सभी को निशाने पर लेकर गाली-गलौज की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक आरोपी सभासद के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी और उनके मान सम्मान का ख्याल नहीं रखा जाएगा तब तक कार्य करना संभव नहीं होगा।

मंगलवार को ईओ सत्येंद्र प्रकाश किसी काम से जिले से बाहर गए थे। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठने की जानकारी उन्हें फोन पर दी गई। उन्होंने फोन पर ही कर्मचारियों को समझाया कि वह नगर पंचायत कार्यालय बुधवार को लौटेंगे। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपी सभासद के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। मगर इसके बाद भी कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हुए। सुबह से शाम तक सभी कर्मचारी धरने पर बैठे नारेबाजी करते रहे। शाम को एक बार फिर कर्मचारियों से फोन पर ईओ ने बात की और उन्हें सभासद के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने का भरोसा दिया। कहीं जाकर कर्मचारी शांत हुए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सात अगस्त को दोबारा कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन करेंगे।



बंडा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सभासदों में काम कराने को लेकर चल रही टशन

नगर पंचायत बंडा इससे पहले ग्राम सभा थी। पहली बार नगर पंचायत का चुनाव हुआ और सभासद चुने गए। अब सभासदों में अपने-अपने वार्ड में पहले काम कराए जाने को लेकर वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। यदि कोई सफाई कर्मचारी एक मोहल्ला छोड़कर दूसरे मोहल्ले में चला जाए, तो यह बाद पहले मोहल्ले के सभासद को नागवार गुजर जाती है। इसी का नजीता रहा कि मंगलवार को विवाद बढ़ गया और धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया।

"अभी तो मैं बाहर हूं। नगर पंचायत कार्यालय लौटने पर सीसीटीवी कैमरे दिखवाए जाएंगे। यदि उसमें सभासद किसी तरह की अभद्रता कर रहे होंगे तो यह तय है कि मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

–सत्येंद्र प्रकाश, अधिशासी अधिकारी

## छह महीने बाद भी दुरुस्त नहीं हो पाईं खोदी गई गलियां

**सिंधौली, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के ठेकेदार की ओर से पाइप डालने के लिए खोदी गयी गलियों को दस माह बाद भी दुरुस्त नहीं किए जाने से नाराज जिला पंचायत सदस्य ने जिला प्रशासन के बाद मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समस्या समाधान की मांग की है। करीब दस माह पूर्व पानी के पाइप डालने के लिए जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा नगर की गलियों को खुदवाया गया था। महीनों बाद गड्ढे न भरे जाने से नाराज नगर वासियों ने जिलाधिकारी से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की थी। यह प्रकरण जिला पंचायत की बैठक में भी उठाया गया था। जिसके बाद सम्बंधित ठेकेदार ने आक्रोशित नगरवासियों से दो माह का समय मांगा था। फिर भी छह माह से अधिक बीत जाने के बाद भी समाधान नहीं हो सका। बस्ती की गलियों में बने हुए गड्ढों में आए दिन राहगीर या पशु गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है।

# गंगा की लहरें थमीं, दिक्कतें बरकरार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** गंगा की बाढ़ का कहर मंगलवार को थमा रहा, लेकिन कई गांवों में बाढ़ का पानी भरा होने से मुसीबत बरकरार हैं। पानी कम होने के बाद उससे उठ रही सड़ांध ने लोगों का रहना मुहाल कर दिया है। संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग का कैंप लगाने की मांग की है। मिर्जापुर क्षेत्र के कई गांवों में गंगा की बाढ़ का पानी अभी भी भरा हुआ है। सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को जलस्तर कमी देखी गई जिससे जलालाबाद शमशाबाद स्टेट हाइवे पर चल रहे बाढ़ के पानी का स्तर करीब एक फिट रह गया है। जिससे आवागमन सुचारू रूप से चलने लगा है। नगला बसोला चौरा मार्ग पर भी बाढ़ का पानी चल रहा है लेकिन उसकी धार कम हुई है।



मिर्जापुर इलाके में सड़कों के किनारे भरा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार

● जलभराव से निकल रही सड़ांध के कारण लोगों का रहना मुहाल

पैलानी, कटैलानगल, बांसखेड़ा, आजाद नगर, मस्जिद नगला, इस्लामनगर समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण पानी से बदबू आने लगी है। जिससे गांव में रह रहे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। संक्रामक रोगों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है। कटैलानगला निवासी शिवकुमार सिंह, रामदेव दीक्षित, समाजसेवी रिजवान अहमद, पैलानी प्रधानपति फारूक अली ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की है। जिससे संक्रामक रोगों से निपटा जा सके।

# कोटे की दुकानों पर निशुल्क राशन वितरण आज से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्डधारकों को अगस्त माह में वितरित होने वाले राशन का निशुल्क वितरण 7 से 21 अगस्त के मध्य होगा। साथ ही प्रथम आवक और प्रथम पावक के आधार पर राशन वितरित किया जाएगा।

प्रति कार्डधारक को कुल 35 किलो राशन निशुल्क दिया जाएगा। इसमें 2 किलो बाजरा प्रति कार्ड, 14 किलोग्राम गेहूं व 19 किलोग्राम चावल वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार प्रति यूनिट 2 किग्रा गेहूं, 2 किग्रा चावल और 1 किलोग्राम बाजरा प्रति यूनिट कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्धता अनुसार निशुल्क वितरित किया जाएगा। बाजरे का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व निर्धारित मात्रा के नुसार 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल का निशुल्क वितरित किया जाएगा। कार्डधारकों को खाद्यान्न एवं बाजरा के निशुल्क वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी। ऐसे लाभार्थी जिनका किन्हीं कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से भी 21 अगस्त को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। बता दें कि इस माह जनपद के 37841 अंत्योदय कार्डधारकों को और 533235 पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को नि शुल्क खाद्यान्न व बाजरा वितरण कराया जाएगा।

डीएसओ चमन शर्मा ने बताया सभी अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारक संबंधित या निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से निशुल्क खाद्यान्न 7 से 21 अगस्त तक प्राप्त कर लें। साथ ही साथ सभी कार्डधारक अपना ईकेवाईसी जरूर करा लें।

# दफ्तर में अभिलेखों का रखरखाव मिला खराब, सब रजिस्ट्रार का जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डीएम ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

● चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के खिलाफ चार्जशीट लगाने के निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने उप निबंधक एवं विवाह पंजीकरण अधिकारी सदर कार्यालय का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका, अलमारी, रखरखाव, दस्तावेज, साफ सफाई का जायजा लिया। डीएम ने वहां मौजूद लोगों से एक-एक करके पूछा कि किस काम से इस कार्यालय आए हो।

कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संजय कुमार ने पहचान पत्र न लगाए जाने और ड्यूटी के समय इधर-उधर घूमते मिलने पर डीएम ने रजिस्ट्रार अरुण कुमार गुप्ता को चार्जशीट लगाने के निर्देश दिए। अभिलेखों का ठीक से रखरखाव न होने और कार्यालय में सफाई ठीक न मिलने पर डीएम ने सबरजिस्ट्राल अरुण कुमार गुप्ता का जवाब तलब किया है।

कार्यालय के एक सीसीटीवी कैमरा संचालित न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही कैमरा सही करने को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में अपना पहचान पत्र लगाकर रखें। कोई भी व्यक्ति कार्यालय परिसर में अनावश्यक रूप से मौजूद न हो। उन्होंने प्रत्येक पटल पर किए जा रहे कार्यों और पंजिकाओं का अवलोकन किया। अलमारियों में अव्यवस्थित ढंग से रखे अभिलेखों को देखकर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। यहां बैनामा कराने लोगों एवं गवाहों से भी पूछताछ की। पूछा कि बैनामा करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा तो नहीं हुई है। निरीक्षण के दौरान पटल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से फाइल, अलमारी, दस्तावेज की जानकारी लेते हुए कार्यालय में सफाई एवं अच्छे से कार्य करने के निर्देश दिए। शासकीय कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



उप निबंधक एवं विवाह पंजीकरण अधिकारी सदर कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम।

# सीएमओ ने पांच दिव्यांगों को प्रमाणपत्र वितरित किए



दिव्यांग को प्रमाण पत्र देते सीएमओ डॉ. आरके गौतम। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने मंगलवार को सीएचसी ददरौल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पांच दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग प्रमाणपत्र वितरित किए। शिविर में 72 रोगियों का पंजीकरण किया गया था। सभी मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गयी। उन्होंने केंद्र पर चल रहे टीकाकरण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों के टीके लगाए और 5 साल से कम उम्र के बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस व जिंक टेबलेट का वितरण करें। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा अमित यादव, डा अभिनव रस्तोगी, नंदनी सक्सेना, रमेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# असंगठित मजदूर यूनियन पदाधिकारी आज करेंगे प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से श्रमिकों की गंभीर समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग को लेकर यूनियन के कार्यकर्ता सात अगस्त को प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपेंगे। यह जानकारी देते हुए यूनियन के मंत्री आफताब अहमद ने बताया कि यूनियन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सात अगस्त को सुबह दस बजे गोविंदगंज फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग स्थल पर एकत्र होंगे और 12 बजे गोविंदगंज मार्केट से सदर चौराहा होते हुए 12:30 कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। जहां श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा।

# रोगों से बचाव को चलाया जागरुकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में मच्छर जनित रोगों मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया इत्यादि के रोगियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

इसी के तहत मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा विभाग के आचार्य के निर्देशन में जेआर, ट्यूटर एवं इंटर्न द्वारा मंगलवार को गांव धरनीधरपुर में जन जागरण अभियान चलाया गया। जन जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों लोगों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया रोग के लक्षण, रोकथाम, नियंत्रण और उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

लोगों को बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति को मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, उल्टी या जी मिचलाना, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, खांसी, जाड़ा देकर बुखार आना लक्षण दिखायी पड़ते है तो स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर से परामर्श ले। रोकथाम के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर के अंदर या बाहर पानी को जमा न होने दे, कूलर का पानी एक सप्ताह के अंदर बदल देना चाहिए। पूरी आस्तीन के कपड़े के पहनें। उबले हुए पानी का इस्तेमाल करें।



मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

● मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की दी गई जानकारी

# सेंट्रल बार एसोसिएशन ने तीन स्टाम्प विक्रेता किए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कचहरी स्थित राजीव सभागार में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं स्टाम्प विक्रेताओं की एक बैठक हुई। इसमें विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बार एसोसिएशन का सर्वाधिक सहयोग करने वाले तीन स्टाम्प विक्रेता सुभाषचंद्र वर्मा, विपिन दीक्षित व विमलेश यादव को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अधिवक्ता लोग मौजूद रहे।



स्टाम्प विक्रेताओं को सम्मानित करते सेंट्रल बार एसोसिएशन में पदाधिकारी।

# काकोरी ट्रेन एक्शन: बच्चों को सुनाई अमर शहीदों की गौरवगाथा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● परिषदीय स्कूलों में भाषण, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, समूह गान, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित

अमृत विचारः काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंगलवार से परिषदीय स्कूलों में उत्सव शुरू हो गए। पहले दिन भाषण, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, समूह गान, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर अधिकारियों व शिक्षकों ने बच्चों को अमर शहीदों की गौरवगाथा सुनाई।

बीएसए दिव्या गुप्ता के निर्देश पर नगर क्षेत्र के स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारी नगेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं गईं। रोटी गोदाम स्कूल आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में यश सक्सेना ने प्रथम, आयुष राठौर ने द्वितीय और शिव नारायण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, निबंध प्रतियोगिता में काजल प्रथम, आंशी द्वितीय और शकीला तृतीय स्थान पर रहीं। दिव्यांग छात्र आदर्श ने गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक इमरान सईद खां ने बच्चों को काकोरी ट्रेन एक्शन और अमर शहीदों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने देश भक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में खुशबू सबूर, खुशनुमा, नीलम, रचना जौहरी आदि का सहयोग रहा।



रोटी गोदाम स्कूल में प्रतियोगिता के दौरान बनाए पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### भाषण में अंशुल और पोस्टर प्रतियोगिता में मानसी ने बाजी मारी



शाहजहांपुर। कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाषण, पोस्टर, समूहगान आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। भाषण प्रतियोगिता में अंशुल ने प्रथम, कोमल वर्मा ने द्वितीय एवं सुहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मानसी वर्मा प्रथम, काजल वर्मा द्वितीय और अनन्या वर्मा तृतीय, समूह गान में आयुष वर्मा, अंशिका, आयुषी, अभ्यास कुमार, कुबेर को पहला, सपना, आयुष, आर्यन, मोहित, रोहिणी, अनसुनी को दूसरा स्थान मिला। शिक्षिका निकहत परवीन और दपिंदर कौर ने छात्र छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन पर लघु फिल्म भी दिखाई। प्रधानाध्यापिका मुन्नी आर्य ने बच्चों को जनपद के अमर शहीदों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मीरा सिंह, सायमा तरन्नुम, रश्मि सक्सेना, शालिनी मिश्रा, शुभांगी, नम्रता मिश्रा, वर्षा मिश्रा आदि का योगदान रहा।

### निबंध में मानवी, नागेश, प्राक्षी, वंशिका, पद्माक्षी विजयी

शाहजहांपुर : कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी में काकोरी ट्रेन की एक्शन की 100वीं वर्षगांठ उत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में कक्षा चार की मानवी ने पहला, वरुण ने दूसरा, कक्षा पांच में नागेश को पहला, सोनाक्षी को दूसरा, कक्षा छह में प्राक्षी राज को पहला, सुमित को दूसरा, कक्षा सात में वंशिका को पहला, ललित को दूसरा और कक्षा आठ में पद्माक्षी तिवारी को पहला और शिवानी को दूसरा स्थान मिला। प्रधान अध्यापक देवेश वाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन और जनपद के महानायकों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। प्रतियोगिता के आयोजन में सल्तनत नावेद, नाजिया, देशराज, सचिन तिवारी, सोनाक्षी सिंह, रूबी मिश्रा, विनय कुमार, जेवा खान, तमहीद बेगम, राजकुमारी आदि शिक्षकों का योगदान रहा।



कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी के उत्सव में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार









# जिले में दो लाख बिजली के कनेक्शन काटने की तैयारी

## बार-बार नोटिस देने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले के दो लाख उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग के लगभग आठ अरब रुपये बकाया है। बार-बार तगादा करने और नोटिस जारी करने के बावजूद इन उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में अधिकारी कनेक्शन काटने और आरसी जारी करने की तैयारी में हैं। स्वतंत्रता दिवस के बाद अभियान तेज किया जाएगा। इसको लेकर विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है।

जिले में चार लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। यह उपभोक्ता हर माह औसतन 75 करोड़ रुपये की बिजली का उपभोग कर रहे हैं, लेकिन बिल जमा करने से बच रहे हैं। वर्तमान में करीब आठ अरब रुपये बिजली बिलों के लोगों पर बकाया है। दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं को कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा। इसलिए अब लेखपाल व अमीनों का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया है। जिले में चार लाख 38 हजार उपभोक्ता हैं। इनके द्वारा 75 करोड़ रुपये की बिजली का उपयोग हर माह किया जा रहा है। इनमें से केवल 35 करोड़ रुपये विभाग हर माह औसतन जमा करा पाता है। जबकि शेष बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। 280 करोड़ से अधिक पुवायां डिवीजन के उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों का बकाया है, 233 करोड़ तिलहर डिवीजन में उपभोक्ताओं पर देनदारी है। 140 करोड़ जलालाबाद और 120 करोड़ से अधिक डिवीजन प्रथम के उपभोक्ताओं पर बकाया है। 40 करोड़ से अधिक का डिवीजन द्वितीय में बकाया चल रहा है।



कार्यालय अधीक्षण अभियंता।

- **जिले के उपभोक्ताओं पर पॉवर कॉर्पोरेशन के आठ अरब रुपये बकाया**
- **स्वतंत्रता दिवस के बाद चलेगा, बड़े पैमाने पर काटे जाएंगे बिजली कनेक्शन**

> जिले के लगभग दो लाख उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग के लगभग आठ अरब रुपये बकाया है। बार-बार कहने के बाद भी बकाया बिल जमा नहीं किया हैं। कुछ लोग तो जानबूझ कर बकाया जमा नहीं कर रहे हैं। 15 अगस्त के बाद बकायादारों के खिलाफ तेजी से अभियान चलाने का फैसला लिया है। कनेक्शन काटने और आरसी जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।
> 
> **- जेपी वर्मा,** अधीक्षण अभियंता।

# जन्म प्रमाणपत्र पर मांगा सुविधा शुल्क सचिव निलंबित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सात माह से जन्म प्रमाणपत्र जारी न करने एवं प्रमाणपत्र के बदले सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत पर डीडीओ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कटरा खुदागंज के सचिव हरिओम को निलम्बित कर दिया है।

सचिव को निलंबन की अवधि तक ब्लॉक मुख्यालय कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। डीडीओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि रामवीर निवासी बाजपुर कुमरिखा ने शिकायत की थी कि उनकी पुत्री ज्योति का जन्म प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा रहा है। सचिव हरिओम ने लगाए प्राइवेट व्यक्ति अनुज कुमार से अनाधिकृत रूप से सुविधा शुल्क लिए जाने की बात बताई। इस पर सचिव को निलंबित किया गया है। डीडीओ ने बताया कि सचिव द्वारा वाट्सएप ग्रुप पर विकास खंड की शासकीय सूचनाओं को प्राइवेट व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से आदान प्रदान करवाया। जनता को गुमराह करने, मनमाने ढंग से काम करने व शासकीय नियमों के विपरीत कार्य करने पर सचिव पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# रोजा में चल रहा नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा, आज से सभी ट्रेनों का संचालन शुरु

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोजा में एक माह से चल रहा नान इंटरलॉकिंग कार्य का मंगलवार रात 12 बजे समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली डाउन तथा अप लाइन की 38 ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

बता दे कि रोजा में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से नान इंटरलाकिंग का कार्य शुरू हुआ था। इस दौरान मेगा ब्लाक को लेकर मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली डाउन तथा अप लाइन की 30 ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था।

जबकि छह ट्रेनों का रूट डायवर्जन किया गया था। मंडल के अधिकारियों ने रोजा में डेरा डाल दिया था। इस दौरान डीआरएम ने तीन बार रोजा स्टेशन का निरीक्षण करके कार्य को देखा था। रोजाना एक दिन में करीब दस हजार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था और रिजर्वेशन टिकट वापस किए थे। रेल की आय भी घट गयी थी। इधर रक्षा बंधन को लेकर रेल प्रशासन ने सोचा कि नान इंटरलाकिंग का कार्य त्योहार से पहले पूरा हो जाए। अधिकारी रात-दिन कार्य कराने में जुटे हुए थे। रोजा में नान इंटरलाकिंग का कार्य मंगलवार की रात 12 बजे तक पूरा हो जाएगा। सात अगस्त से सभी ट्रेनों का संचालन शुरु हो जाएगा। मंगलवार को अप लाइन की बरेली-रोजा पैसेंजर, सीतापुर-शाहजहांपुर पैसेंजर, लखनऊ-शाहजहांपुर मेमो, बनारस-बरेली एक्सप्रेस, प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस, राज्यरानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से आयी है। जबकि डाउन लाइन की बरेली-प्रयाग एक्स्प्रेस, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस, रोजा-बरेली पैसेंजर, त्रिवेणी एक्सप्रेस, शाहजहांपुर-लखनऊ मेमो, चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस का संचालन बुधवार से शुरु हो जाएग। ट्रेनों के संचालन होने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।



शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन। ● अमृत विचार

- **एक महीने से चल रहा था कार्य, मुरादाबाद मंडल की 30 ट्रेनों को किया गया था निरस्त**
- **छह ट्रेनों का रूट डायवर्जन करने से एक दिन में दस हजार यात्रियों को होती थी दिक्कत**

> रोजा में नान इंटरलाकिंग का कार्य पूरा हो गया है। सात अगस्त से डाउन व अप लाइन की निरस्त की गई ट्रेनों का संचालन शुरु हो जाएगा।
> 
> **– आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम

## एक नजर

### युवक का शव मिला शिनाख्त नहीं

**निगोही।** शाहजहांपुर रोड पर टिकरी चौकी पुलिस ने शक्ति ईट भट्ठा के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोरी को अगवा करने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि रविवार की रात में उसकी 17 वर्षीय पुत्री कमरे में खाना खाकर सोने के लिए चली गयी थी। सोमवार की सुबह चार बजे उठा तो उसकी पुत्री कमरे में नहीं थी और मकान मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। उसने पुत्री को तलाश किया और पता नहीं चला। उसे शाम को पता चला कि उसकी पुत्री को गांव मोनू अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### मुकदमा वापस न लेने पर धमका रहे आरोपी

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि अनस से पुरानी रंजिश चल रही है। उसने अनस आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तीन अगस्त की रात में आठ बजे आरोपी ने उसे फोन करके अपने घर बुलाया। वह आरोपी के घर पर गयी। आरोपी ने उससे मुकदमा वापस लेने के दबाव बनाया। महिला ने मुकदमा वापस लेने से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपी अमन, बिट्टू ने उसे मारा पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। उसके अश्लील फोटो अनस के मोबाइल में है। आरोपी धमकी देता है कि फोटो वायलर कर देगे। उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी अनस व बिट्टू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### पति समेत 3 के खिलाफ दहेज की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव ढकिया तिवारी निवासी रचना ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले सुभाष सिंह निवासी बहेरी थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये व बाइक मंगाकर दो। रचना ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले बाइक व दो लाख रुपये नहीं दे पाएगे। ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 12 मई को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है और ससुराल से कोई लेने नहीं आ रहा है। पीड़िता ने महिला थाना में पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# जिला पंचायत सदस्य पर रायफल तानने से अफरा-तफरी, पुलिस ने एक हिरासत में लिया


मौके पर पहुंचा पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

- **सारेआम हुई घटना से मची अफरा-तफरी, भीड़ ने किया हंगामा**

> मतदान केंद्र के बाहर दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। मतदान केंद्र के अंदर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ है। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। सूचना पर पहुंचकर विवाद शांत करा दिया गया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।
> 
> **– वीएस वीर कुमार,** सीओ सदर

संवाददाता, मदनापुर

**अमृत विचार:** मत पेटिका सील कराने पहुंचे जिला पंचायत सदस्य पर दबंगों ने मतदान केंद्र के बाहर घेरकर रायफल तान दी, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। भरे बाजार राइफल तानने से आक्रोशित भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर सीओ सदर ने भीड़ को समझा बुझाकर शांत किया।

पुलिस ने एक आरोपित को राइफल सहित हिरासत में ले लिया, जबकि उसके अन्य साथी भाग गए। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य ने नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव अली अकबर नवादा निवासी जिला पंचायत सदस्य अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया की मदनापुर द्वितीय वार्ड संख्या 36 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी दयाराम के अभिकर्ता बने और मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह गाड़ी से मदनापुर स्थित मतदान केंद्र पर मतपेटी सील कराने के लिए पहुंचे। जहां मतदान केंद्र के बाहर पहले से मौजूद मदनापुर के गांव मथाना निवासी रवि सिंह अपने चार पांच अन्य साथियों के साथ हाथों में असलहे लेकर आ गया और राइफल उनके ऊपर तान दी। इस दौरान मौके पर तमाम भीड़ जमा हो गई।

अभिषेक प्रताप ने फोन से घटना की सूचना सीओ सदर व एसओ मदनापुर को दी। सूचना पर सीओ सदर वीएस वीर कुमार एवं एसओ मदनापुर अमित चौहान मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझा बुझाकर शांत किया। इस मामले में एक युवक को लाइसेंसी राइफल सहित हिरासत में ले लिया।इस मामले में अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है।

# उपचुनावः कड़ी सुरक्षा में 70.46 फीसदी हुआ मतदान


ग्राम पंचायत धर्मगदापुर में पोलिंग पार्टी ने शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव संपन्न कराया।


मतदान करने जाते मतदाता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में मंगलवार को आठ ग्राम प्रधान, एक जिला पंचायत सदस्य और एक ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए उपचुनाव हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 47 केंद्रों पर वोट डाले। पंजीकृत कुल 55 हजार 315 मतदाताओं से 70.46 प्रतिशत वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलता रहा। हालांकि उपचुनाव में बूथों पर मतदाताओं में कम उत्साह देखा गया।

पंचायत उपचुनाव में औ प्रधान पदों के लिए 31, जिला पंचायत के एक पद पर पांच व ग्राम पंचायत सदस्य पद के एक पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान होने के दौरान छिटपुट शिकायत सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट व तहसील प्रशासन के पास आती रहीं, जिनका मौके पर जाकर अधिकारी निस्तारण भी कराते रहे। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद सभी बूथों से मतपेटियों को सीलबंद करके कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए, स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स स्ट्रांग रूम के बाहर मतगणना होने तक के लिए तैनात कर दिया गया है। मतगणना आठ अगस्त को संबंधित ब्लाकों पर कराई जाएगी। जिसकी प्रशासन ने तैयारियां पहले ही पूरी कर ली है।

### बंडा के गांव बरीबरा में 71 प्रतिशत वोट पड़े

**बंडा।** बंडा के गांव बरीबरा में हुए प्रधान पद के लिए उपचुनाव में करीब 71 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां तीन प्रत्याशी चुनव मैदान में हैं। ग्राम पंचायत बरीबरा में प्रधान शिव कुमार की सात मार्च को मृत्यु हो गई थी। इससे ग्राम प्रधान का पद खाली थ। मंगलवार को आरओ सहित गांव पहुंचे पुलिस बल ने उपचुनाव कराया गया, जिसमें तीन प्रत्याशी मैदान में है। सीताराम, कंधई और धर्मपाल तीनों प्रत्याशी उपचुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ग्राम पंचायत में कुल 1485 मतदाता हैं, जिनमें 1062 मतदाताओं ने मतदान किया ।

### जैतीपुर के दो गांवों में प्रधान पद के लिए हुआ उपचुनाव

**जैतीपुर।** ब्लॉक में दो प्रधान प्रधान पद के लिए वोट डाले गए। ग्राम प्रधान मरेना और गोगेपुर में मतदान हुआ। मरेना में मतदान के लिए कुल पंजीकृत 2185 में से 1277 मतदाताओं ने वोट डाले। जबकि, गोगेपुर में ग्राम प्रधान के पद पर वोट डालने के लिए कुल वोट 959 मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से 824 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जौरा में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 221 मतदाता थे, जिनमें से 170 ने वोट डाले।

### तिलहर बिलहरी गांव में 66.47 प्रतिशत मत पड़े

**तिलहर, अमृत विचार:** बिलहरी गांव के प्रधान पद के लिए उपचुनाव एसडीएम जीत सिंह की देखरेख में हुआ। जिसमें कुल मतदान 66.47 प्रतिशत हुआ। मत पेटिकाओं को सील कराकर ब्लॉक मुख्यालय के स्ट्रांग रूम में रखा गया। जिनकी मतगणना 8 अगस्त को सुबह 7:00 से होगी। बिलहरी गांव के प्रधान चंद्र मोहन गंगवार की 6 माह पूर्व सड़क हादसे में मौत होने के बाद प्रधान पद के उपचुनाव में चंद्र मोहन गंगवार की पत्नी वेदवती व जंग बहादुर दो प्रत्याशी थे। मंगलवार को मतदान में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। मतदान में कुल 1369 मतदाताओं में 910 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें मतदान केंद्र 169 पर 669 मतदाताओं में 478 और मतदान केंद्र 170 पर 700 मतदाताओं में से 432 वोट पड़े है। एसडीएम जीत सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को पुलिस सुरक्षा में रखा गया है और 8 अगस्त को मतगणना होगी।

### धर्मगदापुर गांव में 1144 में से पड़े 692 वोट

संवाददाता, पुवायां

- **कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सात ब्लॉकों में हुआ पंचायत उपचुनाव**
- **धर्मगदापुर में तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सीओ ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** पुवायां ब्लॉक के धर्मगदापुर जप्ती में प्रधान पद के लिए मतदान हुआ। लोगों में वोट डालने के लिए उत्साह देखा गया। धर्मगदापुर में तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। मंगलवार 5 बजे तक चले मतदान में 1144 वोट में 692 मतदाताओं ने उत्साह दिखा 60.48 प्रतिशत मतदान किया। सेक्टर मजिस्ट्रेट संजय पांडेय व सीओ पंकज पंत ने मतदान का निरीक्षण किया। वहीं कोतवाल प्रदीप राय बूथ पर डटे रहे और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतपेटियों को ब्लॉक में बने स्ट्रांग रूम में रखवाकर सील करवा दिया गया है और स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

# घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट

**बंड़ा, अमृत विचार:** हाथ पकड़ कर खींचने का विरोध करने पर महिला को पांच लोगों ने लात घूसों से मारा पीटा, बचाने आए उसके पुत्र को भी मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि 11 जुलाई को वह घर पर अकेली थी, तो समय करीब पांच बजे मोहल्ले का एक युवक उसके घर में घुस आया और उसे कमरे में चलने के लिए कहने लगा। विरोध करने पर वह हाथ पकड़कर उसे कमरे में खींचने लगा और गाली देने लगा। शोर मचाने पर वह मौके से भाग निकला।

थोड़ी देर में वह अपने चार अन्य साथियों के साथ घर में घुस आया और उसे लाठी डंडों व लात घूंसों से मारा पीटा, बचाने आए उसके पुत्र को भी मारा पीटा। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि एक फैक्ट्री में काम करती है। रविवार की रात नौ बजे घर के बाहर खड़ी थी। गांव के अनूप, मानू, ज्ञानू उसके दरवाजे पर आए और महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**समस्या** थाने के पास चिह्नित की गई थी जमीन, शासन से राशि मिलने पर बना दी गई थी बाउंड्री

# 40 साल से अधर में लटका अल्हागंज का बस अड्डा

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार:** पिछले 40 साल से अल्हागंज का बस अड्डा अधर में लटका है। इस बीच कितने सांसद-विधायक चुनाव जीते, लेकिन किसी ने बस अड्डे की ओर ध्यान नहीं दिया। 40 साल पहले आवंटित की गई जमीन पर बाउंड्री बनाकर छोड़ दी गई है। इससे आगे कार्य नहीं बढ़ पा रहा है। लोगों ने कई बार इस मामले को जनप्रतिनिधियों के सामने उठाया, लेकिन अभी तक किसी ने बस अड्डे का निर्माण पूरा कराने के बारे में नहीं सोचा। अभी भी लोग सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं।

लगभग 40 साल पहले थाने के पास रोडवेज बस स्टैंडके लिए भूमि का एलॉटमेंट हुआ था। शासन से धनराशि मिलने पर निर्धारित भूमि के चारों तरफ बाउंड्री भी बनवा दी गई थी। इसके बाद बसपा शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के विशेष सचिव ने बस स्टेशन के सौंदर्यीकरण और उसकी इनकम के लिए दुकानें बनवाकर उनका अलॉटमेंट भी किया था, हो अब जर्जर हो रही हैं। बस स्टेशन परिसर में यात्रियों को बैठने, पेयजल, रोशनी, बड़े टीन सेड, बुकिंग विंडो, बसों के रुकने के लिए स्थान सहित तमाम निर्माण कार्य होने थे, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। एमएलए, एमपी और मंत्री यहां से होकर आते-जाते रहते हैं।

यहां तक कि किसी सामाजिक संस्था संगठन राजनीतिक दलों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। सभी इसके निर्माण के प्रति उदासीन हैं। वर्तमान में बस अड्डे पर बनी दुकानों पर अवैध कब्जे हैं। आगे अतिक्रमण हो गया है। रोडवेज की बसें स्टेशन के अंदर जाती भी नहीं हैं। नगर पंचायत के द्वारा बनवाए गए शौचालयों में पानी की टंकी टूटी हुई हैं। ऊपर रखी पानी की टंकी भी क्षतिग्रस्त है। बाहर लगवाई गई समर से पानी शौचालय में नहीं जाता। किसी कर्मचारी की नियुक्ति भी नहीं है। हाईवे और उसका नाला ऊंचा होने की वजह से रोडवेज बसें स्टेशन के अंदर नहीं जाती। इसके अंदर खराब वाहन खड़े रहते हैं।


बस अड्डा परिसर में खड़े वाहन। ● अमृत विचार

- **लोगों के कई बार मांग करने के बावजूद जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया ध्यान**

### एकजुटता दिखाने की जरूरत

कलान और मिर्जापुर के लोगों ने एकजुटता दिखाकर कोलाघाट के पुल को खोले जाने के लिए आंदोलन किया। आंदोलन को मिले अपार समर्थन से मुख्यमंत्री ने उसके लोड बहन करने की क्षमता के आकलन करने का निर्देश अधिकारियों और टेक्निकल कर्मचारियों को दिया है। इससे साफ है कि अगर जनता जागरूक है तो क्षेत्र के विकास को कोई रोक नहीं सकता। भारी जन समर्थन को देखकर सपा के आंवला सांसद नीरज मौर्य भी मौके पर पहुंचे थे, और पुल को छोटे वाहनों के लिए खोलने का समर्थन भी किया था। फिलहाल सत्ता पक्ष हो या विपक्ष का कोई भी विधायक और सांसद बस अड्डा निर्माण के लिए प्रयत्नशील नहीं है।

### अल्हागंज से होकर गुजरती हैं कई राज्यों की बसें

यूपी के विभिन्न डिपो के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड की बसें अल्हागंज होकर गुजरती हैं। बस अड्डा न होने से यात्रियों को फूटपाथ पर बस से उतरना और चढ़ना पड़ता है। इससे गर्मी, बरसात, सर्दी के मौसम की मार यात्रियों सहनी पड़ती है। कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता। बस स्टेशन के अंदर असामाजिक तत्वों का जमाबड़ा रहता है। आरटीओ की ओर से पकड़े गए खराब वाहन यहां खड़े कर दिए जाते हैं। जल भराव भी होता है।



# सतर्क रहें...बच्चों पर हमलावर हो रहा डायरिया और बुखार

## महिला अस्पताल में बीमार बच्चों को लेकर आने वालों की लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डाक्टर बोले, गर्मी के चलते डायरिया की चपेट में आ रहे बच्चे
- बच्चों की साफ सफाई पर ज्यादा ध्यान दें अभिभावक

**अमृत विचार :** जैसे जैसे गर्मी और उमस बढ़ रही है वैसे ही छोटे बच्चे डायरिया और टाइफाइड की चपेट में आते जा रहे हैं। बीमार बच्चों की जिला महिला अस्पताल में हर रोज लाइन लग रही हैं। बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को साफ पानी देने और साफ कपड़ों में रखने की हिदायत दे रहे हैं।

मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में चार माह से एक साल तक के बच्चे डायरिया और टाइफाइड से पीड़ित 168 बच्चे पहुंचे। इन बच्चों में डायरिया से पीड़ित बच्चे 102 और टाइफाइड से पीड़ित 66 बच्चे थे। सुबह नौ बजे से बीमार बच्चों को लेकर आए परिजनों ने लाइन लगकर दवा ली। परिजनों का कहना था कि जब भी गर्मी शुरू होती है तो टाइफाइड व डायरिया से बच्चे बीमार होते हैं। जबकि मौसम ठंडा होने पर बच्चों को कोई बीमारी नहीं होती है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप ने बताया कि गर्मी में बच्चों को यदि मां का दूध नहीं दिया जाता तो उसका पेट निश्चित ही खराब हो जाएगा। बच्चे की पाचन क्रिया बिगड़ जाती है जिससे डायरिया का शिकार हो जाता है। इसी तरह गर्मी में बच्चों को बुखार आता है तो जल्द ठीक नहीं होता। इस बीमारी से बच्चे की मौत भी हो जाती है इसलिए बच्चे को बुखार आए तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं बच्चे को साफ कपड़े में ही रखें उसे ताजा साफ पानी दें।



जिला अस्पताल में पैथोलॉजी लैब के बाहर लगी मरीजों की भीड़।

### डॉ. सुकुमार ने जिला महिला अस्पताल में काम करने किया इनकार, सीएमएस को लिखा पत्र

जिला महिला अस्पताल में संविदा चिकित्सक डॉ. सुकुमार ने सीएमएस को पत्र लिखकर कहा है कि अब वह काम नहीं कर पाएंगे। जिला महिला अस्पताल को अब सेवाएं नहीं दे सकते। ऐसी स्थिति में जिला महिला अस्पताल में अब केवल दो बाल रोग विशेषज्ञ ही बचे हैं, जिनमें एक डा. कुमार वासु हैं, जबकि दूसरे डा. संदीप। जब यह दोनों चिकित्सक अवकाश पर होते हैं तो सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ही बच्चों को देखते हैं। वैसे भी अस्पताल में हर दिन एक ही चिकित्सक बैठते हैं। अस्पताल में अब छोटे बच्चों को समय पर शायद ही चिकित्सक मिल पाए।

### बत्ती गुल होते ही डॉक्टरों ने छोड़ी सीटें, मरीज परेशान



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को 11 बजे से डेढ़ बजे तक बिजली गुल रही। जिसके चलते जिला अस्पताल में कुछ डॉक्टरों को छोड़ कई चिकित्सक गर्मी के कारण ओपीडी से बाहर निकल कर टहलते रहे। मरीजों की लाइन लगी रही। बिजली नही होने से एक्सरे मशीन बंद रही। उधर, पैथोलॉजी लैब के बाहर ब्लड रिपोर्ट लेने वालों की लाइन लगी रही। करीब डेढ़ बजे विद्युत सप्लाई शुरू हुई तब तक काफी मरीज वापस लौट चुके थे। डेढ़ बजे सप्लाई शुरू होने के बाद जब रिपोर्ट तैयार हुयी तो दर्जन भर मरीजों को देने के बाद फिर विंडो बंद कर दी गयी। उधर, मलेरिया वार्ड में पंखे बंद रहे जिससे स्टाफ को भी परेशानी हुयी।

### बिजली कटौती की दिक्कत बरकरार

सोमवार को ही जिला अस्पताल के बिजली घर को मरम्मत के बाद चालू किया गया था, अस्पताल प्रशासन की ओर से कहा गया कि अब बिजली घर को 33 हजार की लाइन से बिजली दी जाएगी। इससे कटौती बहुत कम होती है, ट्रिपिंग खत्म हो जाती है। दूसरे दिन ही मरीज बिजली कटौती से ढाई घंटे तक जूझते रहे।

### रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव डरेला के पास मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे रेलवे लाइन किनारे एक शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। जो अक्सर नशे में रहता था। वह सोमवार शाम घर से निकला था। रात भर घर न पहुंचने पर लगा कि वह नशे की वजह से वापस नहीं आया होगा। लेकिन डरेला के पास वह किसी तरह ट्रेन की चपेट में आ गया। परिजनों ने हत्या की आंशका से इंकार किया। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बिल्सी, अमृत विचार :** मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव अंबियापुर स्थित बाबा पंडित रामचन्द्र शर्मा डिग्री कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधक प्रशांत शर्मा समेत स्टाफ ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों को लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रशांत शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे लगाने से हमारा पर्यावरण संतुलित होता है तथा जलवायु परिवर्तन भी ठीक होता है। इस मौके पर डॉ राजकुमार वर्मा, डॉ नेहा शर्मा, अरविन्द देव सिंह, मोहनी राठौर, जॉनी शर्मा, आशीष कुमार, मयंक कुमार, अंकित बाबू, पायल, रोशनी आदि मौजूद रहे।

### गुधनी में आज से होगी वेद कथा, तैयारी पूरी

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर वेद कथा सप्ताह कल सात अगस्त से आयोजित की जाएगी। जिसमें आचार्य संजीव रुप द्वारा कथा का वाचन करेंगे। कथा रोजाना रात्रि आठ से 10 बजे तक होगी।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

## एक नजर

### रामलीला मैदान में मिला बुजुर्ग का शव

**बिसौली, अमृत विचार** : मंगलवार को कोतवाली बिसौली क्षेत्र के रामलीला मैदान के मंच पर बुजुर्ग का शव मिला। बुजुर्ग सिर पर चोट के निशान थे और आंखों पर भी जख्म थे। लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग की पहचान गांव कुढ़ोली निवासी उमेश वाल्मीकि पुत्र रामलाल के रूप में हुई। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। सूचना मिलने पर परिजन रोते हुए मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बृजुर्ग एक विद्यालय में सफाई का काम करता था। सोमवार को विद्यालय से वेतन मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खेलते समय विवाद में बच्चे को उठा ले गया हिस्ट्रीशीटर

**कुंवरगांव, अमृत विचार** : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हरिनगला निवासी राजेश कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे उनका नौ साल का बेटा अनीकेश का खेलते समय गांव निवासी आर्येंद्र, अजीत, पुष्पेंद्र से विवाद हो गया था। गांव का हिस्ट्रीशीटर अनीकेश को जबरन घर से उठाकर ले गया। उसे जमीन पर पटककर पीटा। जब उनकी पत्नी विमला देवी हिस्ट्रीशीटर के घर गईं तो पत्नी के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### 113 को मिला शादी अनुदान योजना का लाभ

**बदायूं, अमृत विचार** : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 181.40 लाख का आवंटन जारी किया गया है। इस धनराशि से 907 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है।

# पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण निपटा, कल होगी मतगणना

## मतदान केंद्रों पर कहीं लगी रहीं लंबी कतारें तो कहीं पसरा रहा सन्नाटा, चार ग्राम प्रधान, एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** चार ग्राम प्रधान, एक बीडीसी सदस्य पद के लिए मंगलवार को उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रधानी के लिए मतदान में जहां भारी उत्साह दिखा। वहीं बीडीसी के लिए लिए मतदाताओं ने उदासीनता दिखाई। प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए वोटरों की बेरुखी के कारण 42.59 प्रतिशत वोट पड़े। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। डीएम-एसएसपी समेत जिले के आला अधिकारी सुरक्षा का जायजा लेते रहे। मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियों ने ब्लाक मुख्यालय पर मतपेटिकाएं सुरक्षित रखवाईं। आठ अगस्त को सुबह सात बजे मतगणना शुरू होगी।

क्षेत्र पंचायत के लिए उपचुनाव में मतदान काफी धीमी गति से चला। मतदान कर्मी मतदाताओं का इंतजार करते रहे। सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हो गया था। मतदान समाप्ति तक कोई भी ऐसा बूथ नहीं था, जहां लंबी लाइन लगी हो। मतदाताओं में उत्साह न के बराबर रहा। मतदान के प्रति महिलाओं में जोश जरूर दिखा। प्रत्येक बूथ में अधिकतर महिलाएं ही मतदान करने आईं। दो मतदान केंद्रों पर चार बूथ बनाए गए थे। सुबह नौ बजे तक मात्र 7.41 प्रतिशत ही मतदान हो सका। मतदाताओं की बेरुखी के कारण शाम पांच बजे तक मात्र 42.59 प्रतिशत ही मतदान हो सका। वहीं प्रधान पद के लिए ब्लॉक सालारपुर की ग्राम पंचायत भिन्दुलिया प्लासी, इस्लामनगर की ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाचीपुर, जगत की रिजोली और वजीरगंज की ग्राम पंचायत तालिबनगर ग्राम पंचायतों में 75.85 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रधान पद के लिए हुए उप चुनाव के दौरान सुबह से ही मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह दिखाया। सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ और बिना किसी विवाद के चुनाव हो गया। शाम पांच 5 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों में 75.85 प्रतिशत वोट डाले गए। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मत पेटिकाओं को सील कर मतगणना स्थल के लिए भिजवाया गया।

**तालिब नगर में शांतिपूर्ण निपटी मतदान प्रक्रिया :वजीरगंज:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत तालिब नगर ग्राम पंचायत में हुआ प्रधानी का उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से निपटा। शाम पांच बजे तक 75.85 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 737 मतदाताओं में से 559 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। उनकी सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर किया गया है।



ई-रिक्शा से मतदान करने पहुंची बुजुर्ग महिला। ● अमृत विचार



मतदान केंद्र के बाहर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

### भिंदुलिया में 68.98 प्रतिशत मतदान

**विजयनगला ।** सालारपुर की ग्राम पंचायत भिंदुलिया में प्रधान पद के लिए उप चुनाव हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से मतदाताओं की भीड़ जुट गई थी। इस ग्राम पंचायत में दो मतदेय स्थल बने थे। दोनों पर महिलाओं को पुरुषों की कतारें देखी गई। हालांकि सुबह के समय नौ बजे तक 18.19 प्रतिशत मतदान हो सका। इसके बाद मतदान में तेजी आई। 11 बजे तक 40.3, एक बजे तक 55.14, तीन बजे तक 64.72 और पांच बजे तक 69.98 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्लॉक मुख्यालय पर बने स्ट्रांग में रखवा दिया गया। ग्राम पंचायत भिन्दुलिया प्लासी गांव में ग्राम प्रधान पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चुनाव में प्रत्याशी अजय पाल और मेवाराम की बीच मुकाबला है। मतदान के दौरान थाना अध्यक्ष बिनावर श्रीकांत शर्मा पुलिस बल के साथ बूथों पर मुस्तैद रहे।

### तालिब नगर में शांतिपूर्ण निपटी मतदान प्रक्रिया

वजीरगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत तालिब नगर ग्राम पंचायत में हुआ प्रधानी का उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से निपटा। शाम पांच बजे तक 75.85 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 737 मतदाताओं में से 559 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। उनकी सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर किया गया है।



मतदान केंद्र से दूर वोटरों को पर्ची देते समर्थक। ● अमृत विचार

### 84.95 प्रतिशत हुआ रिजौली में हुआ मतदान

रिजौली ग्राम पंचायत में कुल वोटरों की संख्या 671 है। इनमें से 570 ने वोट डाले। जिसमें 311 पुरुष और 259 महिलाओं ने वोट डाले। प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में मतदाताओं में गजब का उत्साह था। सुबह सात बजे तक 20 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हो गई थी। मतदान केंद्रों पर सुबह से शाम तक कतारें देखी गई। शाम पांच बजे तक 84.95 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### अल्लीपुर चाचीपुर में कम हुआ मतदान

**उघैती ।** इस्लामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए सबसे कम मतदान हुआ। वोटरों में अधिक उत्साह न दिखाने पर 54.91 प्रतिशत ही मतदान हो सका। बूथों पर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक रही। 1151 मतदाताओं में 632 ने वोट डाले। जिसमें तीन सौ महिलाओं और 332 पुरुषों ने वोटिंग की। सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया आरंभ की गई। चुनाव के लिए गांव के कमलेश पूरनलाल महेंद्र चुनाव मैदान में थे। कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए एसओ राजेश कौशिक द्वारा गांव में भ्रमण किया गया। नायब तहसीलदार बिल्सी ने भी मतदान के लिए प्राथमिक स्कूल पर बने दोनों बूथ का निरीक्षण किया।

## पुलिस ने बैंक में होल्ड कराए 50 हजार रुपये, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं,अमृत विचार :** साइबर ठगों ने तहसीलदार सदर से 50 हजार रुपये की ठगी की थी। डीएम निधि श्रीवास्तव के फोटो लगे नंबर से तहसीलदार को मैसेज भेजकर रुपये मांगे गए। तहसीलदार की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने रुपये होल्ड करा दिए हैं। रुपये वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

साइबर ठगों ने सदर के तहसीलदार सुरेंद्र कुमार से रविवार को 50 हजार रुपये की ठगी की थी।

तहसीलदार ने रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। उनसे दोबारा रुपये मांगे गए तो शक हुआ। उन्होंने डीएम को फोन कर लिया। तब जाकर ठगी की जानकारी हुई। तहसीलदार ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने ठगी गई 50 हजार रुपये धनराशि बैंक में होल्ड कराई है। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार वर्धन ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि साझा न करें। धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि तहसीलदार से ठगी की गई थी। उस बैंक खाते में धनराशि होल्ड करा दी है। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच की जा रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

संवाददाता, ओरछी (बदायूं)

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर फैजगंज बेहटा क्षेत्र में गांव सिसरका के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायल को इलाज के लिए बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के बाद परिवारों में कोहराम मचा है।

हादसा मंगलवार देर शाम राजमार्ग स्थित गांव सिसरका स्थित गैस एजेंसी के पास हुआ। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी बबलू (18) पुत्र छोटे लाल जिला संभल के कस्बा चंदौसी में देवी जागरण में बाइक से जा रहे थे। वहीं जिला संभल के कस्बा चंदौसी क्षेत्र के मोहल्ला नशाखा निवासी जावेद (22) और उसका दोस्त शाह आलम अपनी रिश्तेदारी में कस्बा फैजगंज बेहटा बाइक से आ रहे थे। गांव सिसरका के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। बाइकों की गति ज्यादा होने की वजह से बाइक सवार दूर जा गिरे। बबलू और जावेद की मौके पर मौत हो गई जबकि शाह आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी भेजा।



बाइक सवार युवकों की मौत पर मौके पर विलाप करते परिजन और सांत्वना देते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से मोपेड सवार महिला की मौत

**बिसौली, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव गुदगांव निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी तारावती और पांच साल की देवती पलक के साथ अपनी ससुराल गांव अकोली से दावत खाकर मोपेड से वापस घर लौट रहे थे। बिसौली क्षेत्र में बिल्सी मार्ग स्थित गांव नागपुर के पास किसी वाहन ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में तारावती (60) की मौके पर मौत हो गई। ओमप्रकाश और पलक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां चिकित्सक ने तारावती को मृत घोषित कर दिया जबकि बाकी दोनों घायलो का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## दुकान में बंद कर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव में दुकानदार ने किशोरी से दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो अगस्त दोपहर लगभग एक बजे वह खेत पर गई थी। उनकी 14 साल की बेटी गांव निवासी प्रदूम की दुकान पर पेचकस लेने के लिए गई थी। वह दुकान के बाहर बैठा था। प्रदूम ने किशोरी से कहा कि पेचकस दुकान के भीतर रखा है। जाओ खुद ले आओ। किशोरी पेचकस लेने के लिए दुकान में घुसी। पीछे से दुकानदार भी आ गया और भीतर से दुकान का शटर बंद कर दिया। किशोरी को दबोच लिया। गंदी हरकतें करते हुए दुष्कर्म किया। धमकाया कि अगर किसी से शिकायत की तो जान से मार देगा। जिसके डर से किशोरी ने यह बात किसी को नहीं बताई। मंगलवार को भी दुकानदार ने किशोरी को धमकाया। तो डरते हुए किशोरी ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# गैर इरादतन हत्या का केस, दोबारा नहीं होने दिया पोस्टमार्टम

संवाददाता, ओरछी (बदायूं)

- फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सिसरका में ढाबे की चारपाई पर मिला था शव
- डीएम के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम कराती पुलिस

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में बुजुर्ग का शव गांव के पास एक ढाबे पर चारपाई पर मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की थी। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो पुलिस हैरत में पड़ गई। रिपोर्ट में 14 चोटें होने का जिक्र था। जिसके चलते पुलिस ने डीएम की अनुमति ली और गांव से दोबारा पोस्टमार्टम के लिए शव मुख्लायालय लाया गया। विरोध में बुजुर्ग के परिजनों ने रात में कलेक्ट्रेट तिराहे पर पहुंचकर जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव सिसरका निवासी बुजुर्ग रामकृपाल ने रविवार रात जानवरों की आवाज सुनकर गेट टार्च जलाई। रोशनी पड़ोसी के घर चली गई थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र बाहर आए और रामकृपाल से गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने बुजुर्ग को ईंट मार दी। जिससे रामकृपाल घायल हो गए। आरोप है कि पिता-पुत्र ने दोबारा उनपर हमला किया था और हत्या करके शव ढाबे की चारपाई पर रख दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा भरा। उस दौरान बुजुर्ग के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले लेकिन पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्ग के शरीर पर 14 चोटें मिलीं। प्रभारी निरीक्षक ने अधिकारियों को सूचना दी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने डीएम निधि श्रीवास्तव से बात करके शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने को कहा। जिसके बाद सीओ बिसौली गांव सिसरका पहुंचे। रामकृपाल का शव पोस्टमार्टम के लिए बदायूं लाए। परिजन भी बदायूं आ गए। रात लगभग 12 बजे कलेक्ट्रेट तिराहे पर बीच सड़क पर बैठकर हंगामा करने लगे। दोबारा पोस्टमार्टम कराने का विरोध किया। अधिकारियों ने चर्चा की और शव परिजनों को दे दिया। मृतक के परिवार की उर्मिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुशेंद्र और गिर्राज के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।



दोबारा पोस्टमार्टम के लिए शव लाने के लिए परिजनों से बात करते सीओ सुनील कुमार।

> शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें कुछ संदेह हो रहा था। जिसके चलते दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए शव गांव से लाया गया था। परिजनों के इंकार करने पर दोबारा पोस्टमार्टम नहीं कराया। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आगे की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

## नीलकंठ महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले की सुनवाई कल

**बदायूं, अमृत विचार** : नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई कल होगी। मस्जिद पक्ष की इंतजामिया कमेटी की ओर से मंगलवार को अधिवक्ता अनवर आलम ने अपनी बहस पूरी कर दी। अब वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता बहस करेंगे। कोर्ट ने अगली तारीख 8 अगस्त निर्धारित की है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में मुकदमा चल रहा है।

# लोकतंत्र सेनानी का निधन सम्मान पूर्वक सुपुर्द ए खाक

संवाददाता,ककराला

**अमृत विचार** : लोकतंत्र सेनानी डॉ. जमील अहमद का 84 साल की उम्र में दिल्ली में निधन हो गया। वह लंबे अर्से से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को उनका शव पैतृक निवास ककराला में लाया गया। राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर उन्हें इब्राहिम बाग में सुपुर्दे खाक किया गया।



मृतक डॉ. जमील अहमद

लोकतंत्र सेनानी का देश के लिए जो प्रेम था वो अकल्पनीय था। वह कांग्रेस सरकार में लगे आपातकाल के दौरान मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किए गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह ने उन्हें लोकतंत्र सेनानी का सम्मान दिया था। वो कुशल चिकित्सक के साथ एक समर्पित समाजसेवी भी थे। उन्होंने अनेक लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान की। डॉ. अहमद उनके योगदान और सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। नमाज ए जनाजा के दौरान स्थानीय लोग और अधिकारियों ने डॉ. जमील अहमद को खिराज ए अकीदत पेश की। नायब तहसीलदार अमित कुमार, लेखपाल मनोज कुमार सिंह, एसएचओ धनंजय सिंह, चौकी इंचार्ज शैलेंद्र तोमर, एसआइ आरके धामी आदि मौजूद रहे।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

### सड़क हादसे में घायल सिपाही की मौत

**उघैती, अमृत विचार** : दो अगस्त को सड़क हादसे में घायल थाना उघैती में तैनात सिपाही व जिला बुलंदशहर के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव डूंगरा जाट निवासी विजेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई।



# पिकअप के नीचे दबा दूधिया, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, ककराला

- ककराला-उहसैत मार्ग पर मगलवार सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार :** गांवों में दूध लेने जा रहे दूधिया के ऊपर पिकअप पलटने से दूधिया गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पीड़ित परिवार की ओर से थाना उसहैत पुलिस को तहरीर दी गई है।

अलापुर थाना क्षेत्र में ककराला कस्बा के वार्ड सात निवासी यूसुफ (30) पुत्र मल्लू खां गांवों से दूध खरीदकर शहर में बेचने का काम करता था।



मृतक यूसुफ।

**तकनीक** — स्वचालित मौसम स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया कार्यदायी संस्था की ढिलाई से स्थान चिन्हीकरण तक सीमित

# जिला व ब्लॉक स्तर पर नहीं मिल रहीं मौसम की सटीक सूचनाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला, तहसील और ब्लाक स्तर पर स्थापित होने हैं मौसम स्टेशन
- एक साल से अधर में लटका हुआ है मौसम स्टेशन का निर्माण कार्य

**अमृत विचार:** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं की सटीक जानकारी समय पर मिल सके इसके लिए जिले की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों पर स्वचालिक मौसम स्टेशन की स्थापना होनी है। यह कार्य पिछले एक साल से लटका हुआ है। शासन स्तर से कार्यदायी संस्था को भी नामित कर दिया गया है। लेकिन अब तक ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित करने के लिए संस्था ने कार्य शुरू नहीं किया है। अगर मौसम स्टेशन बन जाते हैं तो स्थानीय स्तर पर बारिश तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं की सटीक जानकारी मिलने से सैकड़ों किसानों को नुकसान से बचाया जा सकता है।

जनपद में बारिश के सही आकलन की व्यवस्था नहीं है। जिले की सभी पांचों तहसीलों की छतों पर एक बाल्टी नुमा मापक यंत्र रखा गया है। बाल्टी में भरे पानी के आधार पर ही वर्षा का आकलन किया जाता है। इसके चलते सही आकलन के लिए बरेली के मौसम विज्ञान केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है। इसकी जानकारी होने पर शासन ने जनपद में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) स्थापित करने के लिए पिछले साल 2023 में मंजूरी दी थी। साथ ही ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का काम लखनऊ की संस्था ओवन प्राइवेट लिमिटेड को टेंडर प्रक्रिया के बाद नामित किया गया था। नामित होने के बाद संस्था द्वारा सभी पांचों तहसीलों और 15 ब्लॉकों में जमीन को चिन्हित भी कर लिया गया था। जिसमें सदर तहसील में जगह का अभाव होने पर चंदौसी रोड स्थित जीटीआई कॉलेज परिसर में भूमि को चिन्हित किया गया था।



प्रतीकात्मक स्वचालित मौसम स्टेशन

### यहां मिलेंगी सटीक जानकारियां

- दैनिक वर्षा का कुल योग – तापमान
- दैनिक वर्षा औसत – हवा की गति
- साप्ताहिक कुल वर्षा – हवा की दिशा
- साप्ताहिक वर्षा औसत – वायुमंडलीय दबाव
- वार्षिक वर्षा कुल – आर्द्रता
- वार्षिक वर्षा औसत – दृश्यता

> सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की स्थापना होनी है। इन स्टेशनों की स्थापना के लिए शासन स्तर से कार्यदायी संस्था ओवन प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया गया है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित करने के लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई है। लेकिन अभी तक संस्था द्वारा काम शुरू नहीं किया गया है। शासन स्तर पर पत्राचार कर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन लगाने के लिए मांग की जाएगी।
> –डॉ वैभव शर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## सड़क किनारे मिले युवक की अस्पताल में मौत

**बदायूं,अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी युवक दो दिन पहले सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला था। पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर उसे सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सोमवार को उसकी बाइक एक खेत में पड़ी मिली। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है।

कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी नन्हें उर्फ अबरार रविवार शाम से बदायूं शहर जाने की बात कहकर बाइक से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने युवक को तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसी दौरान जिला अस्पताल से नन्हें के बहनोई रजी अहमद के पास फोन आया कि नन्हें अस्पताल में भर्ती है। परिजन अस्पताल पहुंचे। युवक की हालत गंभीर थी। युवक को सैफई ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार शाम युवक की मौत हो गई। सैफई में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस को सोमवार को गांव कासिमपुर के पास युवक की बाइक पड़ी मिली। पुलिस बाइक को थाने ले आई। उनके परिजनों को भी सूचना दी। मंगलवार को परिजन थाने पहुंचे। अपहरण की आशंका व्यक्त की। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। गश्त के दौरान बाइक मिली थी, जांच की जा रही है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# हरियाली तीज पर श्रृंगार सामग्री खरीदने उमड़ीं महिलाएं

## महिलाओं ने खूब की खरीदारी, हाथों पर मेहंदी रचाई, आज पूजेंगी गौरा-पार्वती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** धर्म, संस्कृति और सामाजिक मेल-मिलाप का पर्व हरियाली तीज बुधवार को मनाया जाएगा। तीज की पूर्व संध्या पर देर शाम तक बाजार खुले रहे। श्रृंगार की वस्तुओं की जमकर बिक्री हुई। महिलाओं ने मेहंदी लगवाने के अलावा सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी की। महिलाओं की भीड़ से दिनभर बाजार में रौनक नजर आयी।

हरियाली तीज का त्योहार महिलाओं के लिए बेहद उत्साह से भरा होता है। श्रावण मास में पड़ने वाले इस त्योहार की तैयारी में महिलाएं कई दिन पहले से जुट जाती हैं। सुहागिन महिलाएं गौरा पार्वती की पूजा करती हैं। शादी के बाद पहली तीज पर महिलाओं को सुंदर उपहार मिलते हैं। नाना प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। वहीं सावन के गीतों के साथ झूला झूलकर त्योहार का भरपूर आनंद लिया जाता है। मंगलवार को टिकटगंज, चूना मंडी, बड़ा बाजार सहित अन्य स्थानों पर बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही। घेवर की भी खूब बिक्री हुई।

**मेहंदी लगवाने की बाजार में उमड़ी भीड़ :टिकटगंज:** आर्य समाज चौक, सर्राफा बाजार, रजी चौक समेत विभिन्न जगहों पर मेहंदी लगवाने के लिए देर रात तक स्टाल सजाए गए। महिलाओं ने हथेली, दोनों तरफ और पूरे हाथ पर विभिन्न डिजाइन में मेहंदी लगाने के दुकानदारों ने अलग अलग पर्ची देकर नंबर से मेहंदी लगवाई।



सौंदर्य प्रसाधन की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं । ● अमृत विचार



तीज के त्योहार पर हाथों पर मेहंदी लगाए मातृशक्ति मंडल की महिलाएं

### शिक्षण संस्थाओं में हुईं मेंहदी प्रतियोगिताएं



**बिल्सी, अमृत विचार :** श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगलवार को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में छात्राओं के बीच मेंहदी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विजेता रहीं छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रोहतास कुमार ने सफल छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मीनाक्षी, प्राची, सुमन, कुटमा ,अनीता आदि उपस्थित रही। भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति ने प्रतियोगिता कराई जिसमें श्रेयांशी राठौर, काव्या शर्मा, शगुन माथुर को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा, प्राइमरी इंचार्ज अतुल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। इस्लामिया इंटर कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता में क्रमश : चंचल, सुरक्षा, शिफा ने प्रथम द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रणव कुमार शर्मा, नीलम वर्मा, मारिया राईन मौजूद रहे।

### मातृ शक्ति मंडल ने रचाई हाथों में मेहंदी

**उझानी, अमृत विचार :** मेरे राम सेवा आश्रम पर मंगलवार को हरियाली तीज मनाया गया। मातृशक्ति मंडल के अंतर्गत अंजू चौहान, सरिता मिश्रा, दीपाली सक्सेना, राशि गुप्ता, सीमा मिश्रा, हेमा शर्मा, निम्मी, विभा, गुड्डी गुप्ता, आदि ने हाथों पर मेहंदी लगा कर तीज का त्योहार मनाया।

### श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता



**उघैती, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र गांव रियोनाई स्थित श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के त्योहार के उपलक्ष्य में कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता हुई। जिसमें स्वाति शर्मा एवं सोनम सिंह ने देखरेख की। जूनियर वर्ग से प्रथम स्थान गरिमा माहेश्वरी, दूसरा स्थान शिवानी एवं वर्तिका और तीसरा स्थान पुष्पा,मेघा, रिंकी व प्राइमरी वर्ग से प्रथम स्थान प्राची दूसरा स्थान लक्ष्मी ने प्राप्त किया।

### छात्राओं ने सजाई आकर्षक और सुंदर मेहंदी



**सहसवान, अमृत विचार :** संघटक राजकीय महाविद्यालय में तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गुरदीप सिंह उप्पल ने त्योहार का महत्व बताया। डॉ. रजनी गुप्ता, डॉ. नीति सक्सेना, डॉ. शुभ्रा शुक्ला, डॉ. पारुल अग्रवाल, डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी ने छात्राओं के द्वारा लगाई मेहंदी की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में डॉ. सौरभ नागर, डॉ. नवीन, डॉ. सुरजीत सिंह मौर्य, डॉ. आलोक दीक्षित व डॉ. ब्रह्मस्वरूप रहे। प्रतियोगिता में मेघा, शगुन,विभा सक्सेना, आयुषी, रिद्धी माहेश्वरी, सिद्धी माहेश्वरी, शीतल, रिमझिम, सृष्टि, अर्चना आदि ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# शराब के नशे में धुत युवकों ने की कांवड़ियों से मारपीट



जाम लगाकर मार्ग को बंद किए कांवड़िया। ● अमृत विचार

संवाददाता, दातागंज (बदायूं)

**अमृत विचार :** शराब के नशे में धुत कुछ खुराफाती तत्वों ने कांवड़ियों का ट्रैक्टर-ट्रॉली रोक लिया। कांवड़ियों के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। गुस्साए कांवड़ियों ने धरना-प्रदर्शन किया। सलेमपुर मार्ग पर जाम लगाया। पुलिस ने कांवड़ियों को समझाकर शांत कराकर भेज दिया।

दातागंज क्षेत्र के गांव कड़ेका निवासी ग्रामीण गंगा जल लेने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट गए थे। गंगा जल लेने के बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे। गांव के पास सलेमपुर-कड़ेका मार्ग पर शराब के नशे में धुत रजनेश आया और डीजे पर बज रहे भजनों को लेकर आपत्ति जताई। वह ट्रैक्टर चालक से मारपीट करने लगा। उसके साथ आए युवकों ने भी मारपीट की। नाराज कावड़ियों ने धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ पहुंचे। कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया।

# गंगा में खतरा, रामगंगा में जलस्तर घटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गढ़िया रंगीन मार्ग से उतरा पानी मार्ग पर शुरू हुआ आवागमन
- हजरत पुर- दातागंज और उसहैत में कम होने लगा नदियों का पानी

**अमृत विचार :** कछला गंगा में मंगलवार को मात्र नौ सेंटीमीटर पानी खतरे के निशान से ऊपर रहा। जबकि रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे आ गया है। तटवर्ती इलाकों में पानी सड़कों से नीचे उतरने लगा है। गंगा की धार भी अपना आकार समेटने लगी है।

मंगलवार को नरौरा बैराज से 92 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि दो दिन पहले तक एक लाख से ऊपर पानी डिस्चार्ज किया गया था। जिससे गंगा खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर थी। कछला दुकानदारों को हटा दिया गया था। बाढ़ के खतरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गयी थी। अब गंगा में स्थिति सामान्य हो रही है लेकिन फिर भी कछला में नौ सेंटीमीटर पानी खतरे के निशान से ऊपर है। सहसवान के खादी नगला गांव के बाहर पानी कम हो चुका है। वीर सहाय नगला के पास भी लोगों को राहत मिली है। इधर, उसहैत इलाके में जटा गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग पर भी पानी कम हो गया। हालांकि इस रोड पर अभी आवागमन शुरू नहीं हुआ है। जटा असमिया रफतपुर गांव के बाहर पानी कम हो रहा है। इस इलाके में गंगा की धार भी अब कम हो गई है। उधर, गंगा में पानी कम होने से दातागंज समरेर हजरत पुर क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है। गढ़िया रंगीन मार्ग पर आवागमन शुरू हो गया है। बाढ़ प्रभावित गांवों में संक्रामक रोग पनप रहे हैं। जबकि इलाके में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। लोगों को दवाएं नहीं मिल पा रही हैं।



उसहैत के असमिया रफतपुर इलाके में गंगा नदी । ● अमृत विचार

> गंगा में जलस्तर सामान्य होने लगा है। कई संपर्क मार्ग शुरू हो गए हैं। उसहैत क्षेत्र में गंगा अब अपने मूल स्थान पर बह रही है। संभावना है कि अब पानी और कम होने से किसान अपना काम शुरू कर देंगे।
> **-नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

# तीन चीनी मिलों पर 51 करोड़ रुपये बकाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गन्ना विभाग ने मिलों को लिखा पत्र, जल्द करें भुगतान

**अमृत विचार :** जनपद की तीन चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का 51 करोड़ से अधिक की बकाया है। भुगतान जल्द करने को जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिलों को पत्र लिखा है। इस महीने में यदु शुगर में मिल पर 36 करोड़ बकाया है।

यदु शुगर मिल ने पांच दिन पूर्व गन्ना किसानों को एक करोड़ दस लाख का भुगतान किया। बकाया जल्द अदा करने को जिला गन्ना अधिकारी ने मिल प्रबंधन को पत्र लिखा है। कहा है कि चीनी बेचकर जो धनराशि प्राप्त होती है उसका 85 प्रतिशत धन चीनी मिल अकाउंट में डालें। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि मिल के पास इस समय करीब एक लाख 24 क्विंटल चीनी का स्टॉक है। इस चीनी से किसानों का पूरा भुगतान हो जाएगा। उधर, करीमगंज चीनी मिल पर किसानों का 27 करोड़ 30 लाख बकाया था जिसमें से चीनी मिल ने 20 करोड़ 10 लाख का भुगतान कर दिया, अब चीनी मिल पर मात्र सात करोड़ 20 लाख बकाया है।

## दीवार पर रखा बीम उठाते समय गिरा, चार दबे

**म्याऊं :** दीवार पर रखा बीम उठाते समय जमीन पर गिरा। जिसके नीचे आकर चार लोग दब गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना उसावा क्षेत्र के गांव गूरा निवासी ओमपाल पुत्र सुगपाल की दीवार पर रखा बीम नीचा हो गया था। गांव के ही भगवान सिंह (24) पुत्र वीरपाल, श्यामवीर (12) पुत्र दाताराम, अवनीश (30) पुत्र रामभरोसे, हरिओम (25) जैक लगाकर दीवार पर रखा बीम उठा रहे थे। बीम उठाते समय अचानक से वह जमीन पर गिर गया। जिसके नीचे चारों लोग दब गए। बीम के नीचे दबते ही चीख पुकार मच गई। उनकी चीख पुकार सुनते ही लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने बीम हटा कर उसके नीचे दबे लोगों को निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसावां स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

# खेती में नहीं होगी परेशानी, कुओं के पानी से होगी सिंचाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत 68 किसानों को मिलेगा योजना का लाभ
- लघु सिंचाई विभाग कराएगा गहरे कुओं का बोरिंग, मांगे जाने लगे आवेदन

**अमृत विचार:** खेतों में सिंचाई के लिए किसानों को अब परेशानी नहीं होगी। उनके खेतों में नलकूपों से पानी पहुंचेगा। लघु सिंचाई विभाग की तरफ से जिले में 4 चार करोड़ 71 लाख 92 हजार की लागत से नलकूप लगाने के लिए 68 गहरी बोरिंग की जाएगी। इसके लिए किसानों को 50 फीसदी तक अनुदान मिलेगा। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर किसानों को लाभ मिलेगा। योजना का लाभ डार्क जोन के किसानों को नहीं मिलेगा। जो ब्लॉक डार्क जोन से बाहर हैं उन क्षेत्र के किसानों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

जिले में दो लाख 22 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर रबी और खरीफ की फसलें होती हैं। फसलों की सिंचाई के लिए सरकारी और निजी नलकूप प्रमुख साधन हैं। कई क्षेत्रों में पानी की सुविधा न होने से किसान सिंचाई के लिए परेशान होते हैं। फसल की सिंचाई को लेकर किसानों को अनुदान देकर पंपिंग सेट और नलकूप की स्थापना करने के लिए लघु सिंचाई विभाग की ओर से अनुदानित बोरिंग योजना चलाई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 68 गहरी बोरिंग का प्रस्ताव विभाग ने शासन को भेजा है। जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। पहले आओ-पहले पाओ के तहत किसानों का चयन होना है। लघु सिंचाई विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रति गहरी बोरिंग पर आने वाले छह लाख 94 हजार में तीन लाख 47 हजार का अनुदान किसानों को दिया जाता है। इससे किसान बोरिंग कराकर मिनी नलकूप व पंपिंग सेट की स्थापना कर सकेंगे। शासन से लक्ष्य आवंटित होने के बाद विभाग की ओर से आवेदन मांगे जाने शुरू कर दिए हैं।

### डार्क जोन के किसानों को योजना का नहीं मिलेगा लाभ

जल दोहन अधिक होने से जिले के चार ब्लॉक डार्क जोन में शामिल हैं। इनमें अंबियापुर, इस्लामनगर, आसफपुर और बिसौली ब्लॉक शामिल है। इन ब्लॉकों में मध्यम व गहरी बोरिंग पर रोक लगी हुई है।

> जिले में 68 गहरी बोरिंग का लक्ष्य मिला है। आवेदन मांगे जाने शुरू हो गए हैं। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किसानों को योजना का लाभ दिया जाएगा। डार्क जोन क्षेत्र के किसानों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
> **-कामेंद्र**, अवर अभियंता, लघु सिंचाई विभाग

### मध्यम गहरी बोरिंग के लिए पात्रता

- पीएम किसान सम्मान योजना में पंजीयन हो।
- उप्र भूगर्भ जल प्रबंधन में पंजीयन हो।
- इस योजना में सभी जाति व श्रेणी के किसान पात्र होंगे।
- योजना का लाभ पाने के लिए नलकूप से न्यूनतम 6 हेक्टेयर से 10 हेक्टेयर तक भूमि सिंचित किया जाना है।

## सुमति नाथ स्वामी का मनाया गर्भ कल्याणक

**बिल्सी, अमृत विचार:** कस्बा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगलवार को जैन धर्म के 5वें तीर्थंकर भगवान सुमति नाथ स्वामी का गर्भ कल्याणक धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर में भक्तों ने भगवान जिनेन्द्र स्वामी का मंगल जलाभिषेक कर शांति धारा की गई। इसके बाद उनके द्वारा भगवान की आठ प्रकार के द्रव्यों से विशेष पूजा अर्चना की गई। जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रशान्त जैन ने बताया कि रायसेन मां सुमंगला के गर्भ से अयोध्या में जन्मे और मेघ प्रभ के सुत पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमित नाथ का गर्भ, जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक मनाया गया। तीर्थंकर का अर्थ होता है जो संसार सागर से मोक्ष तक के तीर्थ की रचना करें। भगवान सुमति नाथ की माता का नाम सुमंगला एवं पिता में मेघरथ था। इस मौके पर शालिनी जैन, प्रियांश जैन, सागर जैन, ज्योति जैन, अनिल जैन मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ईशा, वैष्णवी, अंजली, तनुष और वंशिका रहीं प्रथम



**बिल्सी, अमृत विचार :** सतेती वजीरगंज रोड पर स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ईशा गौतम वैष्णवी वार्ष्णेय, अंजली राजपूत तनुष मिश्रा, वंशिका चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैना चौहान, रिजू शाक्य, पारुल राजपूत, रिद्धि सक्सेना, दिव्यांशी, रितिका बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनु,सृष्टि तोमर, साक्षी, अंबिका राघव ,आदित्य कुमारी, अनुष्का राठौर तृतीय स्थान पर रहे। एमडी पीडी सिंह, कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार व कोऑर्डिनेटर अंजली एक्टविटी इंचार्ज कंचन सिंह,रंजीत सिंह, बीना सिंह शिवि चौहान, शिवांगी राठौर, कामेंद्र सिंह, प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

### अभाविप के शिवम नगर अध्यक्ष, प्रेरित नगर मंत्री बने



**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिसौली नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। इसमें जिला प्रमुख सत्यम मिश्रा ने बिसौली नगर इकाई का गठन किया। विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा ने विगत एक वर्ष में संगठन द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। नगर अध्यक्ष शिवम रस्तोगी ने अतिथियों का परिचय कराने के बाद गत वर्ष की कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा ने नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर अध्यक्ष शिवम रस्तोगी, और नगर मंत्री प्रेरित को मनोनीत किया। जिला प्रमुख सत्यम मिश्रा ने सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर विशाल, जिला सह संयोजक सहसवान राजीव सिंह, सोशल मीडिया संयोजक वैभव शर्मा, तहसील सह संयोजक राज विक्रम सिंह, पीयूष शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### 12 को होगी भाकियू चढूनी की मासिक पंचायत



**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट ने मंगलवार को कई गांवों में जन संपर्क कर कई लोगों को संगठन से जोड़ कर संगठन का विस्तार किया। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने ग्राम हसनपुर निवासी सकरूद्दीन पुत्र सूखे सलमानी को ग्राम उपाध्यक्ष नियुक्त किया, छोटे सलमानी पुत्र सुखे सलमानी को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। नगर प्रभारी असलम व जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने संगठन में जोड़े गए लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने बताया कि 12 अगस्त को मालवीय आवास गृह पर भाकियू चढूनी गुट की मासिक पंचायत का आयोजन किया जाएगा। मासिक पंचायत में किसानों की जन समस्याओं को देखते हुए 7 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यालय पर सौंपा जाएगा।

### शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र किए सम्मानित



**बिसौली, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय हररायपुर माह जुलाई 2024 में कुल 22 दिन खुला, इसमें शत प्रतिशत उपस्थित देने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 80 थी। इन सभी को सम्मानित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में श्याम सेवादार परिवार के डॉ. गुंजन गुप्ता, पुलकित वार्ष्णेय, चितरंजन गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, गोपाल वार्ष्णेय, डॉ. अनुज वार्ष्णेय, और पीयूष मुरारी वार्ष्णेय ने विद्यालय में उपस्थित रहे 80 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बच्चे सम्मान पाकर बहुत खुश नजर आए। डॉ गुंजन गुप्ता ने उन बच्चों को भी प्रोत्साहित किया जो किसी कारणवश यह उपस्थित पुरस्कार लेने से वंचित रह गए। इस विद्यालय में नवाचार से छात्र उपस्थित 80 से 95 प्रतिशत के बीच रहती है। उन्होंने साउंड सिस्टम के लिए मिक्सर देने की भी घोषणा की। प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया। सहायक अध्यापक चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सतेती स्थित स्वर्ण अकेडमी फ़ॉर फ्यूचर एजुकेशन में स्नातक के 70 छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत भाजपा के प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने स्मार्टफोन का वितरण किया। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दिये जा रहे स्मार्टफोन का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वरुण मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. विनय कुमार शर्मा, अदिति शर्मा, पुलकित सागर, विवेक पाल, सौरव विद्यार्थी, अशोक सिंह, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### मन्नत पूरी होने पर किन्नर समाज ने किया भंडारा



**कादरचौक, अमृत विचार :** किन्नर समाज ने कस्बा स्थित राधाकांत मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें दूर दराज से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। किन्नर नगीना बुआ ने मनोकामना पूर्ण होने पर राधाकांत मंदिर पर एक विशाल भंडारा कराने की मन्नत मांगी थी। जिसे पूरा होने के बाद उनके द्वारा मंगलवार को मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्राम वासियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### खेत को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**सहसवान, अमृत विचार :** ग्राम खैरपुर खैराती माजरा मचौना की मढैया निवासी एक व्यक्ति ने खेत पर कब्जा दिलाने की मांग करते हुए डीएम से शिकायत की है। किसान रामचंद्र पुत्र दयाराम ने कहा है कि उसका खेत गाटा संख्या 194 रखवा 0 .215 हेक्टेयर स्थित ग्राम काजीपुर महदूदा उर्फ मुहीउद्दीन पर में है। न्यायालय उप जिलाधिकारी सहसवान के आदेश सात जून को राजस्व निरीक्षक द्वारा ढिया बंदी की गई थी। जिसे मेढ़ स्वामी ने उखाड़ कर फेंक दिया है। पीडित किसान ने डीएम से खेत पर कब्जा कराने की मांग की है।

### अज्ञात बीमारी से किसान की दो भैंसों की मौत

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर अल्लीपुर में दो भैंसों की अचानक मौत हो गई। भैंस मालिक इरफान खान ने बताया रोजाना की तरह भैंसे अपने स्थान पर बंधी हुई थीं दोनों भैंसे स्वस्थ थीं। अचानक किसी बीमारी से उनकी मौत मौत हो गई। इरफान ने बताया कि भैंसों की कीमत लगभग 1,75000 से अधिक थी । ग्रामीणों की मदद से दोनों भैंसों को जमीन में गढ़ दिया गया।

### रात को सोया युवक, सुबह मिला मृत

**ककराला, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला में एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव दफन कर दिया। कस्बा ककराला के वार्ड 8 निवासी तारिक (19) पुत्र मोहम्मद नबी की सोमवार रात अपने घर पर सोया था। मंगलवार सुबह वह मृत मिला। वार्ड में युवक के फंदा लगाने की चर्चा हुई। परिजनों ने फंदे से शव नीचे उतारा। बिना पोस्टमार्टम के शव दफन कर दिया गया।

खबरें पेज आठ और नौ पर भी

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

29⁰ अधिकतम तापमान | 26⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.42 | सूर्यास्त 07.00

**शहर में आज**

- आम आदमी पार्टी की बैठक कैंप कार्यालय अमांपुर रोड पर सुबह 10 बजे से।
- शहर के मुहल्ला जय-जयराम गली कुम्हार वाली के शिव मंदिर पर शिव-विवाह शाम चार बजे से।
- हरियाली तीज पर लगने वाले मेले का आरंभ शहर के सोरों गेट बाजार में शाम पांच बजे से।
- बालाजी हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा पौध रोपण पटियाली में सुबह आठ बजे।

# अनफिट पांच स्कूल वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त, 32 वाहन छह माह के लिए सस्पेंड

## सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जांच में कमी मिलने पर की बड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले में एक भी स्कूली वाहन बिना पंजीयन कराए सड़कों पर नहीं दौड़ सकेगा।इसके लिए एआरटीओ ने वाहनों की फिटनेस की जांच को लेकर अभियान तेज कर दिया है । विभाग ने बार-बार नोटिस देने के बाद फिटनेस नहीं कराने पर पांच स्कूली वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया ,जबकि 32 वाहनों को 6 माह के लिए सस्पेंड किया है।

एआरटीओ विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर आदेश जारी किया गया था। अब परिवहन विभाग द्वारा जनपद में स्कूली वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में 162 स्कूली वाहन है। इनमें मैजिक, वैन और बसें शामिल हैं। सहायक संभागीय अधिकारी आरके मिश्रा और उनकी टीम द्वारा विद्यालयों का भ्रमण कर और सड़कों पर दौड़ रहे स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच की गई और वाहनों के अभिलेखों को परखा गया। जांच के दौरान पांच स्कूली वाहन अनफिट की श्रेणी में निकले। लिहाजा ऐसे वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया है। इसके अलावा अनियमितता में 32 वाहनों को सस्पेंड कर दिया गया। विभाग का प्रयास है कि 15 अगस्त तक जनपद में अनफिट वाहनो की संख्या शून्य करके प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जाए।

एआरटीओ ने बताया कि निर्धारित समयावधि में वाहन का फिटनेस नहीं कराया गया, तो पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा। बगैर फिटनेस कराए वाहन सड़क पर दौड़ता मिला तो सीज कर दिया जाएगा।



स्कूली वाहनों की फिटनेस चेक करते एआरटीओ आरपी मिश्रा। ● अमृत विचार

जिले में पांच स्कूली वाहनों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किया गया है। 32 वाहनों को सस्पेंड कर दिया है। अगर ये वाहन सड़कों पर दौड़ते मिलते हैं, तो इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज की जाएगी।
**-आरपी मिश्रा**, एआरटीओ

### सस्पेंड वाहनों का छह माह बाद होगा रजिस्ट्रेशन निरस्त

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि समय से वाहनों का फिटनेस न कराने पर 32 वाहनों को छह माह के लिए सस्पेंड किया गया है। यह स्कूली वाहन छह माह के अंदर प्रक्रिया पूरी कर लें, अन्यथा रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जाएगा।

## धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**कासगंज।** थाना सहावर के ग्राम जौहरी निवासी अभिषेक मिश्रा ने 30 अप्रैल को तहरीर दी कि उसकी भूमि ग्राम पदमपुर तहसील सहावर में है। मुहल्ला चौक बुलंद निवासी रोहताश स्वयं को अभिषेक मिश्रा दर्शाकर फर्जी कागजात तैयार कर भूमि का बैनामा अपने साथियों के साथ मिलकर करने जा रहा है। पुलिस ने रोहतास, मनोज कुमार, आकाश, सोहेल खान, पुरुषोत्तम, अफरोज व मुलायम सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया। 25 जुलाई से कारागार में निरुद्ध चल रहे आरोपी मुलायम सिंह ने झूठा फंसाया जाना बताते हुए जमानत पर रिहा करने की याचना की। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने मुलायम सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## शिक्षकों को दिया गया चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

**कासगंज, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण में मंगलवार को प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को बच्चों को उनके निर्धारित लर्निंग आउट क्रम की स्थिति पर लाने की विभिन्न प्रकार की गतिविधियां एवं जानकारी देकर प्रशिक्षत किया।

बीएसए सूर्यप्रताप सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो भी क्रियाएं और गतिविधियां प्राप्त हो रही हैं उनका प्रयोग बच्चों को पारंगत बनाने में करें। खंड शिक्षाधिकारी शशिकांत ने भी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य में रुचि बढ़ाने और नियमित रूप से विद्यालय में समय से पहुंचने के लिए प्रेरित किया। एआरपी तलकीन हुसैन, सत्येंद्र सिंह एवं चंद्र देव दीक्षित ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। यशवीर सिंह, रतन प्रकाश, शिव कुमार माथुर,सुनील कुमार,मंजू देवी,शरद कुमार वार्ष्णेय, पुष्पेन्द्र परमार,मनोज कुमार अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# अवैध आरा मशीनों पर वन विभाग ने की कार्रवाई



ढूंढरा में आरा मशीनों पर कार्यवाही के दौरान तहसीलदार जितेंद्र कुमार एवं पुलिस बल।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सिढ़पुरा के गांव ढूंढरा में दो अवैध आरा मशीनों को किया जब्त**

**अमृत विचार :** अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध वन विभाग ने अभियान चला रखा है। सोमवार को पटियाली के वन क्षेत्राधिकारी ने गांव ढूंढरा में छापा मारकर अवैध रूप से संचालित दो आरा मशीनों को जब्त किया है। वन विभाग की इस कार्यवाही से अवैध आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया है।

पटियाली के वन क्षेत्राधिकारी यतेंद्र कुमर को सूचना मिली थी कि गांव ढूंढरा में अवैध आरा मशीन चल रही हैं। इन पर प्रतिबंधित लकड़ियों का भी कटान हो रहा है। वन क्षेत्राधिकारी ने पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह से सहयोग मांगा तो एसडीएम ने तहसीलदार जितेंद्र और पुलिस को कार्यवाही में लगा दिया। वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीम ने गांव छापा मारकर दो अवैध आरा मशीनों को जब्त किया है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मशीन का संचालन राजवीर सिंह एवं राजकिशोर के द्वारा किया जा रहा था। दोनों के विरुद्ध विभागीय एवं विधिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान उपनिरीक्षक मुन्नालाल, वन दरोगा महीपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक अनवर अली, आरक्षी हृदेश, पवन कुमार, महिला आरक्षी शिवानी मौजूद रहीं।

## युवक ने शेयर की भड़काऊ वीडियो, पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, अमांपुर

- **बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद ने जताया आक्रोश**

**अमृत विचार :** थाना अमांपुर के गांव अर्जुनपुर के एक युवक ने अपने इंस्टग्राम एकाउंट से एक अमर्यादित भड़काऊ वीडियो शेयर कर दी। जब यह पोस्ट बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो उनमें आक्रोश पनप गया।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

गांव अर्जुनपुर निवासी इलियास ने अपने इंस्टग्राम एकाउंट से एक वीडियो वायरल कर दी। जो आपत्तिजनक थी। इस वीडियो को लेकर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनप गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सावन के पवित्र माह एवं स्वतंत्रता दिवस के दौरान इस तरह की पोस्ट हिंदू और राष्ट्रीय भावना को आहत कर रही है। मामला थाना अमांपुर पुलिस के संज्ञान लाया गया। वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक वीडियो को शेयर एवं पोस्ट न करें।

# चंदेरी, सिफॉन की साड़ी और हाथों में भा रही मेहंदी



हरियाली तीज को लेकर हाथों में मेहंदी लगाए महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **हरियाली तीज आज, महिलाओं में उत्साह, बाजारों में रही रौनक**

**अमृत विचार:** हरियाली तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने बाजारों में पहुंच कर खरीदारी की। साड़ी की दुकानों से चंदेरी, सिफॉन साड़ियां, चूड़ियां और मेहंदी की खूब खरीदारी की।

हरियाली तीज का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। बाजार में मंगलवार की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। सजने संवरने के लिए महिलाएं साड़ी खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंची। किसी ने चंदेरी साडी, तो किसी ने सिफॉन साडी पंसद की। चूड़ियां व अन्य श्रंगार सामग्री की भी खरीदारी की गई।

### बालिका इंटर कॉलेज में मनाया हरियाली तीज पर्व



कॉलेज में हरियाली तीज मनातीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

शहर के नदरई गेट स्थित श्रीमती द्रोपदी देवी जाजू सरस्वती वालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को हरियाली तीज का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षिकाओं ने हरे कलर की साड़ी पहन कर मल्हार गाईं और छात्राओ ने हाथों में मेहंदी रचा कर प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या सोमवती शर्मा ने बताया कि हरियाली तीज का पर्व महिलाओं के लिए बेहद खास है।

### बाइक फिसलने से दंपती घायल

**कासगंज।** शहर के कासगंज-अतरौली मार्ग पर नगला पट्टी के समीप तेज रफ्तार बाइक फिसल जाने से बाइक सवार महेश निवासी छर्रा एवं उनकी पत्नी रीमा घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दी गई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोबीन एवं उसकी पत्नी राना को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति ब मय बच्चों के बेदखल कर दिया है। क्योंकि उसका आचरण मेरे एवं मेरी पत्नी के प्रति क्रूरता पूर्ण रहा है ।अब वह किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अकील अहमद मोहल्ला करीमगंज पुरनपुर पीलीभीत**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राजीव कुमार एवं उसकी पत्नी मुन्नी देवी को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। क्योंकि उसका आचरण मेरे व मेरी पत्नी के प्रति क्रूरता पूर्ण रहा है ।अब वह किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **रतीराम निवासी ग्राम तुलापुर बिलसंडा पीलीभीत**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री शक्ति शर्मा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजाराम शर्मा पुत्र श्री नेमचन्द निवासी ग्राम वफरी अब्दुल नवीपुर थाना शाही तह. मीरगंज, जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
**श्री कृष्ण इंटर कॉलेज**
नवाबगंज जिला बरेली में
**कृषि प्रवक्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता, गणित प्रवक्ता की।**
इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें ।
प्रधानाचार्य/प्रबंधक
श्री कृष्ण इंटर कॉलेज नवाबगंज बरेली
**मो. 9720045777**

**सूचना**
मेरी पुत्री (SHIVANYA SINGH) के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम निधि राजपूत (NIDHI RAJPUT) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम (NIDHI RANI) दर्ज है जो कि सही है। व मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। उक्त नाम को स्कूल रिकॉर्ड में संशोधित किया जाये। **निधि रानी पत्नी श्री अग्रेश कुमार नि. ए-5, मंडावली गली नं. 9, निकट नालन्दा पब्लिक स्कूल, मंडावली, दिल्ली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र चन्द्रप्रकाश सिंह के गलत आचरण व व्यवहार के कारण उसको अपनी जायदाद से बेदखल करने की बावत दिनांक 04.11.2019 ई. दैनिक समाचार पत्र आज में गजट प्रकाशित कराने के उपरानत उसको पंजीकृत आकनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.11.2019 ई. को बही संख्या 4 जिल्द 317 के पृष्ठ 91 से 106 में दस्तावेज नम्बर 467 पर कार्यालय उपनिबन्धक द्वितीय बरेली में हुई है को अपनी जायदाद से बेदखल किया था चूंकि बाद में मेरे पुत्र चन्द्रप्रकाश सिंह व्यवहार मेरे व मेरी पत्नी प्रति बदल चुका है उसके व्यवहार में अपने प्रति बदलाव को देखते हुए समझा कि मेरा पुत्र मेरी जायदाद से वंचित न रह जावे। अत: मैं अपने पुत्र चन्द्रप्रकाश को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति हिस्सा बनाता हूं। **हेमन्त कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी 194, ई.डब्लू.एस., टीबरीनाथ कॉलोनी, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


## मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया प्रतिभाग



मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को देखते शिक्षक। ● अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार:** बीके जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हरियाली तीज पर्व के अवसर पर मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें बीएड, डीएलएड तथा बीकॉम की छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अथिति कॉलेज के सचिव विनय जैन ने कहा कि प्रतियोगिताएं होने से विद्यार्थियों की प्रतिभा सामने आती है। कार्यक्रम संयोजक अंजलि शर्मा ने कहा कि छात्रों को सभी पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में बढ चढकर भाग लेना चाहिए। प्रथम स्थान पर अतिथि गुप्ता द्वितीय स्थान पर अनम तृतीय स्थान पर निहारिका, सांत्वना पुरस्कार कुमारी गार्गी, यामिनी ,वंदना ,संजना को मिला। राजेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. संजय सिन्हा,गौरव माहेश्वरी, अंजलि शर्मा , सौरभ साहू , ताराचंद चक्रवर्ती, संतोष कुमार यादव , कमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### छत से गिरकर किशोर घायल

**कासगंज।** शहर के मुहल्ला बड्डू नगर में हम उम्र बच्चों के साथ छत पर खेल रहा शाकिर का छह वर्षीय शानू छत से सड़क पर आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल ले गए। बालक की हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे गहन चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर किया है।

# उर्वरक की 58 दुकानों पर की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले की तीनों तहसील क्षेत्रों में उर्वरक के प्रतिष्ठानों पर कृषि विभाग और एसडीएम की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। 58 प्रतिष्ठानों को चेक कर 17 नमूने संकलित किए गए। दो संचालक प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए। उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है, जबकि तीन प्रतिष्ठानों पर अभिलेखों के अनुसार स्टॉक कम मिला है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब न मिलने पर उनके लाइसेंस निरस्त किए जायेंगे। इस कार्रवाई से उर्वरक दुकान संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी डा .अवधेश मिश्र और एसडीएम की संयुक्त टीम ने कासगंज, सहावर, पटियाली में उर्वरक के 58 प्रतिष्ठानों और गोदामों पर छापा मारा। टीम ने पीओएस मशीन व अभिलेखों के अनुसार उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया गया। 17 नमूने संकलित किए जो जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जायेंगे। छापेमारी के दौरान ज्योति खाद बीज भंडार हथोडावन, जय अम्बे खाद सीमेंट एजेंसी अलीगंज रोड पटियाली संचालक प्रतिष्ठान और गोदाम बंद कर भाग गए। उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। श्री गंगाजी ट्रेडर्स दत्तलाना, मैसर्स आलोक खाद बीज भंडार धूमरी रोड पटियाली व द्विवेदी खाद भंडार नरदौली प्रतिष्ठान और गोदाम का निरीक्षण करने पर अभिलेख अपूर्ण मिले। उन्हें कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। समस्त उर्वरक विक्रेताओ को फेक-फर्जी सेल एवं कालाबाजारी के प्रति विशेष रूप से सचेत करते हुए निर्देशित किया गया कि गोदाम-प्रतिष्ठान में भंडारित भौतिक स्टॉक का शत प्रतिशत मिलान पॉस मशीन के बैलेंस स्टॉक तथा स्टॉक व वितरण पंजिका से अनिवार्य रूप से होना चाहिए, अन्यथा की दशा में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



बुधवार को उर्वरक के गोदाम को चेक करते एसडीएम के साथ कृषि अधिकारी।

- **छापेमारी के दौरान 17 नमूने संकलित कर भेजे प्रयोगशाला**
- **तीनों तहसीलों पर एसडीएम की देख रेख में हुई कार्रवाई**

तीनों तहसीलों में अलग-अलग टीम गठित कर 58 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई थी। 17 प्रतिष्ठानों से नमूने संकलित किए गए हैं। दो प्रतिष्ठानों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। तीन प्रतिष्ठान संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।
**-डा .अवधेश मिश्र**, जिला कृषि अधिकारी।

## तीन बच्चों की मां ने की खुदकुशी पिता की हादसे में हो चुकी है मौत

संवाददाता, सोरों जी

- **कोतवाल, सीओ सहित फॉरेंसिक टीम पहुंची, साक्ष्य एकत्र किए**

**अमृत विचार:** थाना सोरों क्षेत्र में तीन बच्चों की मांग ने खुदकुशी कर ली। घटना के पीछे गृह क्लेश बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सियारपुर गांव निवासी योगेंद्र सिंह की 30 वर्षीय पत्नी सूरती देवी सोमवार की देर शाम अपने घर में कमरे में छत पर लगे कुंडे में साडी का फंदा गले में डालकर लटक गई। देर तक उसने कमरा नहीं खोला तो परिजनों और बच्चों ने जंगले से झांक कर देखा। सूरती को फंदे पर लटका देख बच्चे चीख-पुकार मचाने लगे। ग्रामीणों ने कमरे का गेट तोड़कर देखा तो सूरती की मौत हो चुकी थी। कोतवाल भोजराज अवस्थी, सीओ विजय राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोरेंसिक टीम को बुलाया और शव को फंदे से उतार कर साक्ष्य एकत्रित किए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सियारपुर गांव की रहने वाली सूरती देवी ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। तहरीर मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
**-भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरों

### 6 वर्ष पूर्व पति की सड़क हादसे में हो गई थी मौत

सूरती देवी के पति योगेंद्र सिंह की छह वर्ष पूर्व मुरादाबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मुरादाबाद में एक कंपनी में नौकरी करता था। सूरती दो बेटे एक बेटी के साथ घर में रहती थी। ग्रामीणों ने बताया कि सूरती आर्थिक तंगी से जूझ रही थी। परेशान होकर उसने आत्म हत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। उसकी मौत के बाद तीन बच्चों के सिर से मां का भी साया उठ गया।

## एक वारंटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कासगंज।** न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को सोरों कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वारंटी सरवन उर्फ रंगी निवासी ग्राम बरोदा थाना सोरों को गिरफ्तार किया। यह वारंटी गिरफ्तारी से बच रहा था एवं न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहा था।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
**बरेली संस्करण**
**स्मृतियाँ शेष**
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
**साइज व रेट**
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


**योजना में सख्ती** | अब तक 10 लाख 91 हजार के सापेक्ष दो लाख 91 हजार 49 की हो सकी ई-केवाईसी

# ई-केवाईसी कराने परदेश से लौट रहे कार्ड धारक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता लाने के मकसद से राशन कार्ड में शामिल प्रत्येक सदस्य की ई-केवाईसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। कार्ड धारक ई केवाईसी कराने के लिए परदेश से घर लौट रहे हैं।

जनपद में अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों की संख्या दो लाख 91 हजार 49 है, जबकि राशन कार्ड में सदस्यों के नामों की संख्या दस लाख 91 हजार है। इनमें से प्रत्येक सदस्य की ई केवाईसी होनी है। बहुत से लोग दूसरे शहरों में रह रहे हैं। वे खाद्यान्न नहीं लेते।

इसके अलावा कुछ मृतकों के नाम भी राशन कार्ड में दर्ज हैं। उचित दर दुकानों पर राशन कार्ड सत्यापन के जरिए विस्थापितों और मृतकों के नाम स्वतः ही हट जाएंगे। कुछ लोग काम काज के सिलसिले में दूसरे प्रदेशों और शहरों में रह रहे हैं। ऐसे लोग ई-केवाईसी करने के लिए घर लौट रहे हैं। ताकि राशन मिलना बाधित न हो।



- **उचित दर दुकानों पर कोटेदार निशुल्क करते हैं ई-केवाईसी**

### 34 फिसदी यूनिट्स ने कराई ई केवाईसी

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड में 10 लाख 91 हजार नाम दर्ज हैं। इनमें से अब तक 2 लाख 91 हजार 49 ने ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया है। यानी 34 फीसदी सदस्यों ने कोटेदार के यहां पहुंचकर ई केवाईसी कराया है।



राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। अब तक 34 फीसदी का ई-केवाईसी हो चुकी है। वर्तमान में खाद्य वितरण नहीं हो रहा है। ऐसे में ई-केवाईसी कराने में उपभोक्ताओं का आसानी होगी। 30 अगस्त तक राशन कार्ड धारक नजदीकी दुकान पर पहुंच कर ई-केवाईसी जरूर करा लें। **-अरुण कुमार**, डीएसओ

### प्रदेश में कहीं भी करा सकते हैं ई-केवाईसी

कोई व्यक्ति कामकाज के लिए शहर से बाहर रहता है, तो वह उसी शहर में किसी कोटेदार के यहां जाकर ई-केवाईसी करा सकता है । इसके लिए उनके पास राशन कार्ड का पूरा विवरण होना आवश्यक है।

## एक नजर

### घर में नकब लगाकर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगंज।** घर में नकब लगाकर हजारों की चोरी कर ली गई। चोर गांव के बाहर कपड़े और सामान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने चोरों की तलाश कर रही है। थाना अलीगंज के गांव बुलाकी नगर निवासी रामेश्वर दयाल पुत्र भोजराज घर में सो रहे थे। रात में चोर दीवार काटकर घर में घुस गए। आठ हजार रुपये की नगदी एवं सोने चांदी के आभूषण ले गए। सुबह जब वह कमरे में गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### सेवानिवृत्त अमीन का विधायक ने किया सम्मान

**अलीगंज।** तहसील में अमीन बहोरन सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। सहयोगियों ने उन्हें फूल माला और विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया। भाजपा विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने उन्हें माला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अलीगंज के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित लेखपाल व अमीन मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य पुलिस और एसओजी ने दबोचे

## आरोपियों के कब्जे से चोरी की 14 बाइकें व 20 चाबियां बरामद, अन्य सदस्यों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** थाना सहावर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 14 बाइकें और 20 चाबियां बरामद की हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। एसपी ने इस सफलता के लिए पुलिस की पीठ-थपथपाई।

जिले में वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे में जुटी थाना सहावर, एसओजी एवं सर्विलांस टीम को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा सहावर के रेलवे लाइन के पास बंद पड़े मुर्गी फार्म में चोरी की



पुलिस कार्यालय में वाहन चोरों के बारे में जानकारी देतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

बाइकें हैं और वहां अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य भी मौजूद हैं। जानकारी मिलते ही सहावर के इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने जानकारी आला अधिकारियों को दी। पटियाली की सीओ शाहिद नसरीन के निर्देशन में पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से मुर्गी फार्म पर छापा मारा। यहां दो व्यक्ति मौजूद जो पुलिस को देखकर भागने लगे। भाग रहे दोनों बाइक चोरों को पुलिस ने पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। आरोपियों ने अपने नाम अनमोल, बिंटू उर्फ राहुल निवासी ग्राम दिलावरनगर

- एसपी ने इस सफलता के लिए पुलिस की पीठ-थपथपाई

थाना सहावर बताया।

मौके से बरामद चोरी की बाइकें और चाबियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बाइकों को विभिन्न जिलों से चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को एसपी अपर्णा रजत कौशिक के समक्ष पेश किया गया। एसपी ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि आरोपियों के तार अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह से जुड़े हुए हैं। आरोपियों ने बताया है कि वह बाइकों को चोरी कर सस्ते दामों पर बेच देते हैं। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने वाहन चोरी में संलिप्त कुछ और साथियों के नाम भी बताए हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

## राशन डीलर ने 10 वर्षीया बालिका के साथ की गलत हरकत

**कासगंज, अमृत विचार :** राशन डीलर ने 10 वर्षीया बालिका के साथ गलत हरकत की। उसके नाना शिकायत लेकर डीलर के पुत्र के पास गए तो उसने रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध तहरीर दी है।

घटना चार अगस्त की है। फर्रुखाबाद के एक गांव की किशोरी थाना पटियाली के गांव में अपनी ननिहाल में आयी थी। दोपहर लगभग एक बजे वह खेल रही थी। आरोप है कि गांव का राशन डीलर उसे गेहूं, चावल का प्रलोभन देकर घेर में ले गया। वहां उसने किशोरी के साथ गलत हरकत की। किशोरी ने घर जाकर नाना- नानी को बताया। नाना शिकायत करने डीलर के पुत्र के पास गए तो रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। नाना धेवती को लेकर कोतवाली पटियाली पहुंचे और तहरीर दी। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में लगाए पौधे



**कासगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत बढ़ारी वैश्य सचिवालय में पारिजात, हरसिंगार, पीपल, बरगद के साथ औषधि, छायादार व फलदार वृक्ष अर्जुन, आंवला, जामुन, अनार, नीम, अमरुद, नीबू, गोल्ड मोहर, कनेर, पिलखुन, आम कटहल के 50 पौधे लगाए। उनके पोषण का भी संकल्प लिया। अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस ने कहा पर्यावरण संतुलन व हम सबके जीवन को शुद्ध हवा व वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण करना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। चंद्रभान सिंह रतीराम, शौर्य प्रताप सिंह, अग्नि प्रताप सिंह कान्हा, जितेंद्र, संजीव कुमार, प्रेम सिंह, राजेंद्र सिंह, ललई सिंह, यशवीर यतेंद्र सिंह आदि ने सहभागिता की

### अंशिका का शव गांव पहुंचा तो मचा कोहराम



**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सिकंदपुर वैश्य के गांव इमामुद्दीन नगर की फर्रूखाबाद के गंगपुर शाहपुर में ब्याही अंशिका की ससुरालीजनों ने दहेज के लिए हत्या कर दी। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव मायके पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया। थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव इमामुद्दीन नगर निवासी उदयपाल सिंह ने बेटी अंशिका का विवाह 2015 में जिला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल के गांव गंगपुर शाहपुर निवासी संजू के साथ किया था। सोमवार को पिता की सूचना मिली कि अंशिका की मौत हो गई है। पिता परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचा तो शव फंदे पर झूल रहा था। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद अंशिका का शव मंगलवार को सुबह गांव इमामुद्दीन नगर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पिता उदयपाल ने बताया कि उसकी बेटी की ससुरालीजनों ने दहेज के लिए हत्या कर दी है। वह उसका उत्पीड़न करते थे।

### स्कूल में हुआ मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन




**एटा, अमृत विचार :** विश्व भारती पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नीलू जैन नेरा फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शालिनी रंजन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, एटा एवं विशिष्ट अतिथि मीता जैन, समाज सेविका द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 6 में नव्या, कक्षा 7 में खांसा एवं कक्षा 8 में अल्फिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विकास सक्सेना एवं प्रधानाचार्या हेमलता वाष्णे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### बंदरों के हमले में बालिका की मौत, पिता घायल



मृतका संध्या

**जलेसर, अमृत विचार :** जलेसर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों के आतंक के चलते लोग भयभीत हैं। बंदर के हमले से छत से गिरकर एक बालिका की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर घायल हो गया। जलेसर के मोहल्ला सराय खानम निवासी 4 वर्षीय बालिका संध्या और उसके पिता टीटू छत पर थे, तभी बंदरों ने हमला कर दिया। संध्या की छत से गिरकर मौत हो गई, पिता घायल हो गए। गत वर्ष बंदरों के आतंक के चलते मोहल्ला भैरव बगीची में बुजुर्ग की मौत हो गई थी, वहीं राह चलते रहागीरों हाथ से सामान राहगीरों के चेहरे से चश्मा छीन ले जाना तो आम बात। नगर वासियों द्वारा वन विभाग एवं पालिका प्रशासन से समय-समय पर बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

### गला दबाकर हत्या का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** मलावन थाने में सियादेवी पत्नी विजय सिंह निवासी बहादुरपुर ने स्वेता पत्नी दीप सिंह समेत दो नामजद और दो अज्ञात निवासी बहादुरपुर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया। सिया का आरोप है कि 16 मई को स्वेता अपने साथियों के साथ आई और गांव में पति को घेरकर मारपीट की तथा गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। जान से मारने की धमकी देकर चली गई। दूसरी ओर मिरहची में किरन देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी नगला खुशाली सोरों को राजेश पुत्र राजपाल सिंह निवासी हीरापुर समेत दो लोगों ने घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### रानी अवंतीबाई की शोभा यात्रा 16 को

**जलेसर, अमृत विचार :** लोधी राजपूत महासभा के तत्वावधान में 16 अगस्त को रानी अवंती बाई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी। धर्मेंद्र सिंह राजपूत प्रधान ने बताया कि शोभा यात्रा महाराणा प्रताप की प्रतिमा से नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रानी अवंती बाई जूनियर हाई स्कूल राज नगर पर संपन्न होगी। मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव के सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज उपस्थित रहेंगे।

### दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नरायण सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मलावन पुलिस द्वारा थाना मलावन थाने में दर्ज धारा-137 (2), 65(1), 87 बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी रोहित निवासी ग्राम रेपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया है।

### कई उपकेंद्रों से दो घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**एटा, अमृत विचार :** उपखण्ड अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि उपकेंद्र 220 केवी एटा पर अति आवश्यक मैटेनेंस एवं टेस्टिंग का कार्य करने के लिए 7 अगस्त को 3 बजे से 5 बजे तक शटडाउन रहेगा। उक्त अवधि में 220 के0 वी से निकलने वाले 33 के वी पोषकों (अमापुर, बारावाला, पिलुआ, रिजोर, मलावन, कोतवाली, आदि) एवं 132 केवी जलेसर से निकलने वाले 33 केवी बदनपुर, बरवाना आदि की विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### घर में घुसकर मारपीट, पथराव

**जलेसर, अमृत विचार :** सरोजदेवी पत्नी केन्द्रपाल सिंह निवासी मुसियार ने गांव के निवासी भूपसिंह की पत्नी प्रेमवती समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि चार अगस्त को आरोपित एकराय होकर पीड़िता के घर में घुस आए। लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और पथराव किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर जलेसर के गांव भोजमपुर निवासी कमलेश पत्नी मुकेश कुमार ने गांव के सतीश पुत्र अमृत सिंह समेत तीन लोगों पर मारपीटकर धमकी देने का आरोप लगाया है। इधर सकीट के ग्राम नाजिमपुर निवासी ममतादेवी पत्नी महेश चन्द्र ने गांव के निवासी विनय पुत्र वीरेश समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है कि उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की।

### दर्जी ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 8 को

**एटा, अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र प्रेमकान्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछडा वर्ग योजना हेतु प्रथम येच हेतु 37 युवक युवतियों को स्थत रोजगार हेतु चार माह का प्रशिक्षण ट्रेड दर्जी में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उन्होनें कहा कि उक्त प्रशिक्षण में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है उनका 8 अगस्त को प्रात 11 बजे से प्रशासनिक भवन कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के सामने कासगंज रोड, एटा में साक्षात्कार होना सुनिश्चत हैं। अत: उक्त साक्षात्कार में प्रतिभाग करने हेतु, समस्त मूल दस्तावेजों के साथ निहित तिथि व समय पर कार्यालय में उपस्थित हों।

### हत्या के आरोपी को कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**गंजडुंडवारा।** मुहल्ला कादरगंज निवासी अभिषेक गौतम की आशीष एवं उसके परिजनों ने 29 मार्च को हत्या कर दी थी। अभिषेक गौतम के पिता मदन गोपाल ने सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आशीष को जेल भेज दिया था। सोमवार को आशीष ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खुद को झूठा फसाए जाने के मामले में जमानत की गुहार लगाई। जिला शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। जिला जज ने दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावलियों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आशीष की जमानत अर्जी निरस्त की है।

# बाला जी क्लब ने जीता गंगा वराह क्रिकेट टूर्नामेंट



विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी व इनामी राशि देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार:** स्व.राम किशोर दुबे सलोने की स्मृति में गंगा वराह क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच बालाजी क्रिकेट क्लब ने जीता।

श्री सिद्ध विनायक क्लब के कप्तान विष्णु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 16 ओवर में 97 रन बनाए। बालाजी क्रिकेट क्लब ने आठ ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकुर ने सर्वाधिक 42 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। आयोजक मंडल ने बालाजी क्रिकेट क्लब के कप्तान राम पाठक को विजयी ट्रॉफी व इनामी राशि देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ कराया। मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला कार्यवाह शिवांशु दुबे, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नीतेश मेधावी, अतुल महेरे सभासद, मोहित तिवारी , एसले गार्डनर ने विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी दी।

## युवक ने खुद को गोली मारकर किया घायल, हायर सेंटर रेफर

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक युवक ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया। यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली देहात के गांव नगला पुढ़ियार निवासी गुड्डू यादव (25) पुत्र कमल सिंह ने मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में स्वयं को गोली मार ली। गोली लगते ही परिवार में हड़कंप मच गया। भाई नीलेश यादव द्वारा परिजनों की मदद से उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया कि पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि युवक मानसिक रूप से परेशान है, पारिवारिक कलह के कारण उसने गोली मारी है। घटना की पुलिस गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# 180 बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के बाद किया जा रहा शिक्षित:राज्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बुधवार को कासगंज, एटा के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कर प्रगति की जानकारी ली।

बेबी रानी मौर्य ने सोरों गेस्ट हाउस में पौधरोपण किया। पोषण कार्यक्रम के तहत पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने बताया कि फुटपाथ, बाजार, रेलवे स्टेशन, मंदिरों में भिक्षावृत्ति करने वाले 180 बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करा निशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

इस दौरान राज्यमंत्री ने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, लंच बॉक्स, पानी की बोतल, ज्यामेट्री बॉक्स तथा कला की पुस्तक एवं अक्षर ज्ञान की पुस्तक दीं। उन्होंने



अधिकारियों के साथ महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री बेबी रानी मौर्य।

- राज्य मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कासगंज, एटा के अधिकारियों के साथ की बैठक
- शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ईमानदारी के साथ कार्य करें। जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर रखें। आप सभी का उद्देश्य अपने जिले को प्रगति के मार्ग पर बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने कहाकि जाति प्रमाण पत्र समय से बनाए, जिससे छात्र छात्राएं, छात्रवृत्ति से वंचित न रह जायें। निराश्रित विधवा पेंशन के नये पात्रों को योजना से लाभांवित कराने के लिये विकास खंडों में कैंप लगवायें

सदर विधायक देवेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरीओम वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी सचिन व अन्य शामिल रहे।

# बदमाशों ने कपड़ा व्यापारी से नगदी लूटी

संवाददाता,जलेसर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े वृद्ध व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर न सिर्फ बदमाशों ने व्यापारी पर तमंचा तान दिया बल्कि सिर में तमंचा की बट मारकर घायल कर दिया, जिससे वे डर गए।

जलेसर के मोहल्ला पंसारियन निवासी 70 वर्षीय सतीश चंद्र जैन मंगलवार सुबह 9:30 बजे नाला बाजार स्थित अपनी कपड़ों की दुकान पर जा रहे थे। डाक्टर रामदास क्लीनिक के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने उनसे थैला छीनने का प्रयास किया। एक हाथ से दिव्यांग सतीश चन्द्र ने बदमाशों को थैला नहीं दिया तो बदमाशों ने



घायल व्यापारी से पूछताछ करते क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी दोहरे। ● अमृत विचार

- सिर में तमंचा की बट मारकर किया घायल, पुलिस कर रही तलाश

उन पर तमंचा तान दिया। इसके बाद थैला छीना और सिर पर तमंचे की बट से प्रहार कर भाग निकले।

सिर में चोट लगने से व्यापारी जमीन पर गिर गया। जब तक लोग वहां आते, तब तक बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग निकले। घायल व्यापारी को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। व्यापारी ने बताया कि थैले में पांच से सात हजार रुपये थे। पीड़ित की सूचना पर क्षेत्राधिकारी जलेसर कृष्ण मुरारी दोहरे और कोतवाली प्रभारी डा. सुबोध राघव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, व्यापारी से जानकारी की। पुलिस ने बाइक सवार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि दो दिवस पूर्व महावीरगंज स्थित हनुमान मंदिर के निकट रात्रि में सर्राफा कारोबारी आशीष पुत्र रामस्वरूप की दुकान के ताले तोड़कर 5 किलोग्राम चांदी 30 ग्राम सोना व 16000 नगदी से भरी अलमारी लेकर भाग गए थे, अलमारी दुकान से 2 किलोमीटर की दूरी पर रसीदपुर के निकट खेतों में पड़ी मिली थी, घटना का पर्दाफाश अभी तक नहीं हो पाया कि पुलिस के सामने दिनदहाड़े मुख्य बाजार में तमंचे की नोक पर व्यापारी से थैला छीनकर खुली चुनौती दी है।

# एक्सीडेंट क्लेम से परेशान युवक ने नहर में कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बदायूं का रहने वाला था युवक, गाजियाबाद में लगाता था सब्जी का ठेला

**अमृत विचार:** थाना ढोलना क्षेत्र में बदायूं के 21 वर्षीय युवक का शव नहर में उतराता मिला। युवक तीन अगस्त से लापता था। परिजनों ने बताया कि एक्सीडेंट क्लेम से वह डिप्रेशन में चल रहा था।



मृतक संदीप शर्मा

बदायूं जिले के कोठा गांव निवासी योगेश शर्मा ने बताया कि संदीप शर्मा गाजियाबाद में रहकर सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था और कार भी चलाता था। उसकी कार से एक्सीडेंट हो गया था। उसका कोर्ट में केस चल रहा था। कोर्ट ने 15 लाख रुपए का क्लेम लगाया था जिससे वह डिप्रेशन में चल रहा था। इसीलिए उसने नहर में कूद कर जान दे दी। उसका शव ढोलना थाना क्षेत्र के गांव चकेरी के निकट सोमवार को नहर में उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ढोलना पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन मृतक के शव पैतृक गांव को लेकर चले गए।

# बाढ़ पीड़ितों को विधायक ने बांटी सहायता राशि



सहायता देते विधायक राजीव कुमार सिंह व एसडीएम धर्मेंद्र सिंह।

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार :** धायक राजीव कुमार सिंह और एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता राशि तथा राहत सामग्री बांटी।

क्षेत्रीय विधायक ने 101 लाभार्थियों में 1,34,03,730 (एक करोड़ चौंतीस लाख तीन हजार सात सौ तीस) रुपये धनराशि के प्रमाण पत्र प्रभावित व्यक्तियों को वितरित किए। जिसमें राजस्व विभाग द्वारा कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 15 लाभार्थियों को 5 लाख प्रति लाभार्थी व दैवीय आपदा के अन्तर्गत 13 लाभार्थियों को 4 लाख प्रति लाभार्थी एवं रामगंगा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित 73 व्यक्तियों को 7,03,730 रुपये की धनराशि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक केके तिवारी, नायब तहसीलदार छबि राम , विजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर शिविर का आयोजन

**एटा, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त एक्शन प्लान-2024 के दिशा-निर्देशों के अनुसार जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र के निर्देश पर अपर जिला जज सचिव कमालुद्दीन के नेतृत्व में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मुख्य चिकिसाधिकारी सभागार परिसर में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ० रिषभ सक्सैना ने बताया कि प्रत्येक शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध पिलाना अतिआवश्यक है क्योंकि वह बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार एवं आने वाली गम्भीर बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान कराता है । छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना आवश्यक है अन्य कोई पेय एवं खाद्य व पानी न दिया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी, एटा डॉ. उमेश त्रिपाठी ने भी जरूरी जानकारी दी।

# हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी भाजपा

**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि विगत वर्षों से पार्टी के सभी कार्यकर्ता, देशवासियों के साथ मिलकर देशभर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ हर घर तिरंगा और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण में हर घर तिरंगा अभियान से हर एक नागरिक को जोड़ने का आह्वान किया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बदायूं जिले में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा 11, 12, 13 अगस्त को हर विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 12, 13, 14 अगस्त को महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारकों के आसपास स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित होगा। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 13, 14,

- सेल्फी विद नेशनल फ्लैग अभियान चलाया जाएगा : राजीव गुप्ता



कार्यालय पर कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

15 अगस्त को महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण करेंगे। भाजपा द्वारा 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। भारत का विभाजन और अभूतपूर्व मानव विस्थापन, मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर एक संगोष्ठी व मौन जुलूस निकाला जाएगा। 15 अगस्त को भाजपा कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों पर लोकतंत्र दिवस समारोह में कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की प्रत्येक बूथ पर हर घर तिरंगा, हर प्रतिष्ठान पर तिरंगा जरूर लगायेंगे।

### जिले में फहराए जाएंगे 5.74 लाख तिरंगा : डीएम

**बदायूं।** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में 13 से 15 अगस्त तक मनाए जाने वाले तिरंगा अभियान तैयारी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कि वह अपने घरों पर शान से तिरंगा फहराएं तथा गर्व से स्वतंत्रता दिवस मनाएं। यह दिवस देश के लिए बलिदान देने वालों को याद करने का भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में जन सहभागिता आवश्यक होती है इसलिए सभी इसमें पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जनपद को गत वर्ष के लक्ष्य 5,74000 तिरंगे का लक्ष्य दिया गया है। 226000 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बनाए हैं। अपर जिलाधिकारी वित वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## बढ़ी जीएसटी के विरोध में जूता कारोबारियों ने किया मार्च

**आगरा, अमृत विचारः** फुटवियर पर जीएसटी घटाने और क्वालिटी कंट्रोल आर्डर कानून हटाने की मांग को लेकर शू फैक्टर्स फेडरेशन ने मार्च निकाला और एडीएम को केंद्र व राज्य सरकारों के नाम ज्ञापन सौंपा।

मार्च से पहले फेडरेशन कार्यालय पर हुई सभा में अध्यक्ष विजय सामा ने कहा कि 15 प्रतिशत जीएसटी और बीआईएस गरीब जूता कारीगरों के व्यापार में स्पीड ब्रेकर हैं। बड़ी कम्पनियां ऐसे हालात पैदा कर देंगी कि छोटा व्यापारी व्यापार ही नहीं कर पाएगा। सलिउद्दीन, रजीउद्दीन, हितेश, चांद दीवान, सोमनाथ पाहूजा, प्रदीप मेहरा, प्रदीप सरीन, नरेन्द्र पुरसनानी, बाबू पुरसनानी, घमश्याम होरा, तेजचंद छिबरानी, मोहित लालवानी, इंदु लालवानी वअन्य शामिल रहे।

# पीड़ित को एफआईआर की कॉपी न देने पर नपेंगे थाना प्रभारी

## अपर पुलिस महानिदेशक ने जोन के अधिकारियों को दिया आदेश

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार :** बरेली जोन के नौ जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने आदेश दिया है कि अगर एफआईआर की कॉपी शिकायतकर्ता को नहीं दी गई तो थाना प्रभारी और मुंशी पर कार्रवाई करें। कई मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी शिकायतकर्ता उनके कार्यालय में शिकायत करने पहुंच रहे हैं।

जोन के सभी जिलों से रोजाना अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय में फरियादी आते हैं। एक माह में करीब एक दर्जन से अधिक शिकायतकर्ता ऐसे भी पहुंचे हैं, जिनकी स्थानीय थाने पर रिपोर्ट दर्ज हो गई है। बावजूद उन्हें यह पता नहीं है कि उनकी रिपोर्ट दर्ज हो गई है। ऐसे में वह दोबारा से शिकायत करने के लिए पहुंच रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने जोन के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को सख्त आदेश दिए हैं कि अगर रिपोर्ट दर्ज हुई है और शिकायतकर्ता को एफआईआर की कॉपी नहीं मिली है तो संबंधित थाना प्रभारी और मुंशी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जोन कार्यालय में एक दरोगा की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो कार्यालय में आने वाली शिकायतों का सबसे पहले पता करते हैं कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है या नहीं। अगर रिपोर्ट दर्ज पाई जाती है तो तुरंत एफआईआर की कॉपी पीड़ित को उपलब्ध कराई जाती है।

> शिकायतकर्ता को रिपोर्ट दर्ज होने पर अगर उसे तुरंत एफआईआर की कॉपी उपलब्ध नहीं होती है और शिकायतकर्ता उनके कार्यालय में शिकायत करने आता है तो संबंधित थाना प्रभारी और मुंशी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -**रमित शर्मा**, अपर पुलिस महानिदेशक

## डीएम ने तलब की अवैध नर्सिंग होम व पैथ लैब की रिपोर्ट

**वजीरगंज, अमृत विचारः** डीएम निधि श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्र में संचालित अवैध नर्सिंग होम,पैथ लैब तथा अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच रिपोर्ट सीएमओ से रिपोर्ट तलब की है। उधर सीएमओ ने एमओआईसी स्तर से विभागीय कमेटी बनाकर अपने अपने क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम, पैथ लैब तथा अल्ट्रासाउंड केंद्रों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी इलाके में झोलाछाप बे खौफ इलाज कर रहे हैं।

सीएमओ ने सभी एमओआईसी को झोलाछाप के खिलाफ जांच करने को टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। कस्बा सहित आस पास क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम,पैथ लैब तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर मामला सुलटा देते हैं। वहीं क्षेत्र में संचालित अवैध नर्सिंग होम और पैथ लैब को अभियान चलाकर बंद करने के आदेश डीएम निधि श्रीवास्तव ने सीएमओ को दिए हैं। जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा तलब की गई है। रिपोर्ट मांगे जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें कस्बे में छापेमारी के लिए पहुंचीं। टीम के पहुंचने से पूर्व ही नर्सिंग और पैथ लैब संचालक उन्हें बंद कर भाग खड़े हुए। टीम बैरंग लौट गई।

# हर सोमवार को करेंगे ताज में जलाभिषेक

**आगरा, अमृत विचारः** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने ऐलान कर दिया है कि हर सोमवार को ताजमहल में जलाभिषेक करेंगे।

गौरतलब है कि सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीना राठौर ने ताजमहल के मुख्य गुबंद पर गंगाजल चढ़ाया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था लेकिन उसके पति के माफी मांगने के बाद छोड़ दिया गया। मीना ने पुलिस को बताया कि उसने स्कार्फ लहराया था, झंडा नहीं। उसकी बोतल में गंगाजल नहीं था। पानी में कुछ गिर गया था, इसलिए फैला दिया था। इस मामले के बाद अधिकारियों ने मुख्य गुबंद तक पानी की बोतल ले जाने पर पाबंदी लगा दी लेकिन मंगलवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा की पदाधिकारी मीना दिवाकर ने ऐलान कर दिया कि वह अब हर सोमवार को गंगाजल चढ़ाएंगे। आज एक मीना पकड़ी गई हैं, आगे बहुत महिलाएं सामने आएंगी। अपने महादेव की पूजा से कोई नहीं रोक सकता। वह खुद सबसे पहले जेल जाने को तैयार है।


## कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांकः- 1311/स्वी.अनु./धा.ख./हैण्ड.- ई-निविदा/2024-25/बरेली दिनांक-06.08.2024

**ई-टेण्डर नोटिस**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098 / मु.वि.अ./धा.ख.-नीति प्रस्ताव-I/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं0 591/29-4-2023/4013(99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं0 1215/29-4013(99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं0- 571/29-4-2023/4013(099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29-4-2023-385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/ अ.वि.श. / है.परि./परि0 दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त, अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित समस्त क्रय एजेन्सियों से सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तावित (जिलाधिकारी के अनुमोदन अधीन) / अनुमोदित धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध चावल मिलों तक तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों को आधार मानते हुए गेहूं क्रय केन्द्रों से निर्धारित/सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक गेहूं के परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा अनुमोदित शेडयूल दर के सापेक्ष ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 128, जनपद बदायूँ में 48, जनपद पीलीभीत में 136 एवं जनपद शाहजहाँपुर में 153, कुल 465 प्रस्तावित (जिलाधिकारी के अनुमोदन अधीन) धान क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । संलग्न सूची के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान परिवहन कार्य हेतु एंव रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूं परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें जनपदवार, केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी । निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक केन्द्र हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट / यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। शासनादेश सं0-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 में निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत क्रय केन्द्रों का चयन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। यदि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त परिवहन कार्य की निविदायें निरस्त समझी जायेगी। परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)=590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू0 15,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा । प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट / यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी । निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.08.2024 को अपराहन 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 16.08.2024 को अपराहन 03:00 बजे तदर्थ गठित ई- निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा । निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें ।

**मनिकन्डा ए**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली**


# रक्षाबंधन पर चलाई जाएगी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

**बरेली कार्यालय**



**अमृत विचारः** रक्षाबंधन के मौके पर रेलवे ने दिल्ली से वाराणसी के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन का ठहराव गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ स्टेशनों पर भी होगा। दोनों तरफ से ट्रेन का संचालन दो-दो फेरों के लिए किया जाएगा।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों के मुताबिक 04080 दिल्ली वाराणसी फेस्टिवल स्पेशल दिल्ली से 14 और 18 अगस्त को चलाई जाएगी। यह ट्रेन दिल्ली से देर रात 21:10 बजे चलकर गाजियाबाद 21:58 बजे, मुरादाबाद 00:47 बजे, बरेली 02:25 बजे, लखनऊ सुबह 06:35 बजे, प्रतापगढ़ 10:15 बजे और वाराणसी दोपहर 14:43 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04079 वाराणसी-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल वाराणसी से 15 व 19 अगस्त को 19:45 बजे चलकर प्रतापगढ़ 22:25 बजे, लखनऊ 03:20 बजे, बरेली 07:30 बजे, मुरादाबाद 09:27 बजे, गाजियाबाद 11:58 बजे और दिल्ली 13 :35 बजे पहुंचेगी। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रक्षाबंधन के मौके पर चलाई जाने वाली यह एक आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन है।

## शादी के छह महीने बाद पत्नी से कहा, पसंद नहीं

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** एक युवक ने युवती को पसंद करने के बाद शादी की और अब छह महीने बाद पत्नी से कह दिया कि तू मुझे पसंद नहीं। इतना ही नहीं मारपीट कर घर से निकाल दिया। पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव गेहट निवासी पूनम पुत्री होमवीर ने तहरीर दी कि उसकी शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर निवासी गुड्डू पुत्र भूरे के साथ करीब छह महीने पहले हुई थी। गुड्डू ने उसे पसंद कर शादी की थी। अब कह रहा है कि तू मुझे पसंद नहीं है। कहा कि तुमने तो मुझे पसंद करने के बाद शादी की थी,तो पति मारपीट पर उतर आया। मंगलवार को ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# बेटी को बेच रहा था पति, विरोध करने पर पत्नी को चाकू घोंपा

**मुरादाबाद कार्यालय**

- दूसरी बेटी पैदा होने से नाराज थे ससुराल वाले
- जिला अस्पताल में चल रहा महिला का उपचार

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में आठ माह की बच्ची को बेचने की जिद में पति ने अपनी पत्नी को चाकू घोंप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति और ससुराल वाले दूसरी बेटी के जन्म देने पर उससे नाराज थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

2017 में संगीता की शादी थाना क्षेत्र के नया गांव गागनपुर निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद संगीता ने दो बेटियों को जन्म दिया। उसका पति ढाबे पर काम करता है। पीड़िता का आरोप है कि आठ माह पहले उसने दूसरी बेटी को जन्म दिया था, लेकिन बेटे के चाहत रखने वाले ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित कर एक बेटी को बेचने की धमकी देने लगे। ससुराल वाले सोमवार देर शाम आठ माह की बच्ची को बेचने की जिद पर अड़ गए और उससे बेटी को छीनने का प्रयास करने लगे। बेटी को बेचने से इन्कार करने और विरोध के चलते पति ने उस पर चाकू से वार कर दिया। जिससे उसके हाथ की नस कट गई। बच्ची को बचाने के लिए उसे लेकर महिला वहां से भाग निकली।शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने संगीता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मझोला थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पीएचडी में प्रवेश के लिए 9 से होंगे साक्षात्कार

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार के लिए तिथियां निर्धारित कर दी हैं। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के 9 से 25 अगस्त तक साक्षात्कार होंगे। शोध निदेशालय की वेबसाइट पर साक्षात्कार का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि पीएचडी में अलग-अलग विभाग 11 सौ से अधिक सीटें हैं। इनमें 625 सीटों पर नेट उत्तीर्ण और 240 पर जीआरएफ व अन्य रिसर्च स्कॉलर के प्रवेश हुए हैं। इसके अलावा रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रवेश होंगे। प्रवेश परीक्षा में 635 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

# न चलने दिए जाएं अनफिट स्कूल वाहन

**बरेली कार्यालय**

- मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त का निर्देश

**अमृत विचार :** मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पुलिस और परिवहन विभाग के अफसरों को अनफिट स्कूल वाहनों को किसी हालत में न चलने देने और 15 अगस्त तक पोर्टल से हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो स्कूल अनफिट वाहनों को चला रहे हैं, उन्हें भी नोटिस दिए जाएं और अगर इसके बाद भी उनका संचालन जारी रहे तो प्रबंधक और प्रधानाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने कांवड़ियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और आईटीएमएस के जरिए और ज्यादा चालान करने का निर्देश दिया।

कमिश्नरी सभागार में हुई बैठक में मंडलायुक्त ने लगातार दुर्घटनाओं के मद्देनजर बरेली में बिलवा मोड़, फतेहगंज पश्चिमी के राधाकृष्ण मंदिर और धनैटा फाटक पर कट को दुरुस्त करने का आदेश दिया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि कांवड़ियों को जागरूक करने के लिए प्रमुख स्थानों पर यातायात नियमों से संबंधित होर्डिंग लगाए जाएं। प्रधानों के सहयोग से भी यातायात नियम बताए जाएं। सुनिश्चित किया जाए कि बाइक से गंगाजल लेने जाने वाले कांवड़िए हेलमेट लगाकर ही जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली बुलेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर और सायरन लगाने वाले वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए

जेडी राकेश कुमार, एडी बेसिक अजीत कुमार, एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज संजीव श्रीवास्तव, आरटीओ प्रशासन कमल प्रसाद गुप्ता, आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन संदीप जायसवाल समेत मंडल के दूसरे जिलों के भी एआरटीओ और एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

## विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना मटसेना क्षेत्र में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी घर से फरार हो गया। थाना मटसेना क्षेत्र के गांव अकलपुर में सोमवार देर रात्रि रेशमा की उसके पति सुरजीत से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा किया कि उसने पत्नी की पीटकर अधमरा कर दिया। वह घायलावस्था में घर में थी, आसपास के लोगों ने मायका पक्ष के लोगों को सूचना दी। जब तक परिजन अस्पताल लेकर गए, जब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भेज दिया। आरोपी पति फरार हो गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोहाना, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत गोहाना में मनरेगा/ग्राम निधि योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-ईट, बजरफुट, बजरी, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप |
|---|---|---|
| 01. | तुलसी राम के घर से नहर तक सी.सी. रोड तथा नाला निर्माण कार्य | 160x3.5 मीटर |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 07.08.2024 से 10.08.2024 दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- श्रीमती सुन्दरवती** **सचिव- श्री राजन बाबू**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की फर्म मैसर्म रविन्द्र एसोसिएट्स पता मकान नं0 90, पीलीभीत रोड़ रोहिलखण्ड डेन्टल कॉलेज, बरेली आशीष रॉयल पार्क फेस-2 बरेली उत्तर प्रदेश 243006 जिसकी पंजीकरण सं0- BAR/0003802 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 12.06.2019 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म से साझेदार श्रीमती अर्चना दीक्षित पत्नी श्री रविन्द्र पाल दीक्षित दिनांक 25.06.2024 को स्वेच्छा से रिटायर/ सेवानिवृत्त हो रही है, उक्त स्थान पर दो साझेदार श्री सुशील दूहन पुत्र श्री सुरेन्द्र पाल सिंह दूहन निवासी 430, अमरावती कॉलोनी मल्ली बमोरी हल्द्वानी उत्तराखण्ड 263139 व श्री प्रवीन कुमार पुत्र श्री मोहर सिंह निवासी 5, कृष्णा वाटिका, कर्मचारी नगर, बरेली उ0प्र0 243122 दिनांक 25.06.2024 को स्वेच्छा से सम्मिलित हो रही है। यह कि उक्त फर्म का पता परिवर्तन भी हो रहा है नया पता 138, ग्रीन पार्क बीसलपुर रोड बरेली उत्तर प्रदेश 243006 है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल त्तीन साझेदार है क्रमशः 1. आलोक तोमर 2. सुशील दूहन 3. प्रवीन कुमार साझेदार हैं। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई ।

**आलोक तोमर**
**(साझेदार)**

## कार्यालय नगर पंचायत जहानाबाद, जिला पीलीभीत

पत्रांक- मैमो./न0पं0जहा./2024-25 दिनांक-06.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय, गोमती नगर विस्तार- 7 लखनऊ कार्यालय के पत्रांक- 4/3061/स्व.शौ./22-23 लखनऊ, दिनांक 26.02.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियम ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन के प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्केवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत जहानाबाद सीमान्तर्गत समस्त 11 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 12.08.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत जहानाबाद में उपस्थित होकर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण / चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जहानाबाद**
**पीलीभीत**

## कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक-36/न0पं0ब/2024-25 दिनांक-06.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय गोमती नगर विस्तार-7 लखनऊ के पत्रांक 4/3061/स्व0शौ/2022-23 दिनांक 26/02/2024 के क्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय मे दाखिल रिट याचिका सं0 324 ऑफ 2020 डा0 वलराम सिंह वनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20/10/2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्केवेजरो एवं स्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत बरखेड़ा सीमान्तर्गत स्थित समस्त 10 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 21/08/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा मे उपस्थित होकर या श्री नफीस अहमद (लेखाकार) मोबाइल नं0 9719470235 से सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेजरो की सूचना दे सकता है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/ चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बरखेड़ा**
**पीलीभीत**



## कार्यालय सहायक अभियन्ता
### प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध
### सिंचाई खण्ड, बरेली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली से सम्बन्धित निम्नलिखित नीलामी दिनांक-14.08.2024 को समय पूर्वान्ह 11:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, 117 सिविल लाईन बरेली में अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं नीलाम समिति के समक्ष सम्पन्न की जायेगी।

जो व्यक्ति नीलामी लेने का इच्छुक हो वह कृपया निश्चित तिथि समय व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्रमांक | नाम नीलाम | धरोहर धनराशि | नीलामी अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | बैगुल बॉध के भीतरी भाग से भसीडे निकालने का नीलाम। | 63200.00 | स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक। |

नोट-
1. उपरोक्त कॉलम 2 (नाम नीलामी) में अंकित नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पूर्व में नीलामी स्थल का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें एवं तदानुसार ही बोली लगाये इस संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
2. प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जारी/प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ड्राफ्ट/चैक के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली के नाम बन्धक/जारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नीलामी की शर्तो का उपखण्डीय कार्यालय में/सूचना पट पर अवलोकन के उपरान्त स्वीकार होने की लिखित सहमति देनी होगी।
4. नीलामी हेतु फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. सर्वोच्च बोली बोलने वाले को नीलामी बोली की 25 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूप में तत्काल जमा करनी होगी शेष बकाया धनराशि एक सप्ताह के अन्दर खण्डीय कार्यालय में जमा करनी होगी एवं उस पर देय समस्त कर (स्टैम्प शुल्क व अन्य) जमा करना अनिवार्य होगा ताकि नीलामी की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जा सके, ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि एवं 25 प्रतिशत बोली धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
6. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। शासकीय हित में अपरिहार्य परिस्थितियों/अवश्यम्भावी घटनाओं/ प्राकृतिक आपदा के घटित होने पर एक सप्ताह की पूर्व सूचना देकर नीलामी को निरस्त किया जा सकता है।
7. धरोहर धनराशि के रूप में जमा ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/चैक (बन्धक अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली) की धनराशि को नीलामी की धनराशि में शामिल नही किया जायेगा जिस व्यक्ति के नाम नीलामी छूटेगी उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जमानत के रूप में विभाग में रहेगी, जिससे यदि नीलाम लेने वाले के द्वारा नहर बन्धे या नीलाम लेने वाले स्थान में कोई क्षति पहुँचायी जाती है तो उसी धनराशि से वसूला जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी अन्यथा नीलामी अवधि समाप्त होने के 6 माह उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
8. नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगा।
9. उच्च बोलीदाता को नीलाम अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली से नीलामी स्वीकृति होने के उपरान्त ही प्रदान किये जायेंगे।
10. शिकारमाही हेतु केवल निर्धारित मानक के जालों का प्रयोग ही मान्य होगा। प्रतिबन्धित साइज/भार 1.5 किग्रा0 से कम की भारतीय मेजर कार्य एवं महाशेर की मछली नही निकाली जा सकेगी। 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक शिकारमाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी।
11. प्रतिबंधित जल जीवों का बिल्कुल शिकार नही किया जायेगा। मछली मारने हेतु बिस्फोटक पदार्थ, जहरीली दबाओं एवं बिजली के करन्ट आदि का प्रयोग नही किया जायेगा।
12. कर्मचारियों पर अनुचित दवाव डालकर या आपराधिक बल प्रयोग की धमकी देकर जबरन सिंचन हेतु जमा की गयी बहुमूल्य जलराशि को व्यर्थ में बहाने पर तत्काल नीलामी को निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुसंगत धाराओं मे एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर बहुमूल्य जलराशि का मूल्य आंकलित कर सम्पूर्ण मूल्य जिलाधिकारी के माध्यम से बसूला जायेगा।
13. परिचालन में कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नही होगा।
14. बाजार भाव के घटाव या वढोत्तरी से होने वाले हानि या लाभ की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की नही होगी और न ही कोई मुआबजा सिंचाई विभाग द्वारा दिया जायेगा।
15. मत्स्य आखेट हेतु लगाये गये श्रमिक, संयत्र एवं सुरक्षा तथा श्रम कानूनों का अनुपालन नीलामी लेने वाले व्यक्ति को करना अनिवार्य होगा।
16. नीलाम लेने वाला व्यक्ति विना अनुमति सिंचाई विभाग की भूमि, भवन का प्रयोग अपने निजी व्यवसाय हेतु नही करेगा।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड बैगुल बॉध
सिंचाई खण्ड, बरेली

**UP-218103 दिनांक 05.08.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# परिवहन निगम के सेवा प्रबंधक ने किया बस अड्डे का निरीक्षण

**संवाददाता, सहसवान**

- सहसवान बस स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार कार्यदायी संस्था का हुआ चयन

**अमृत विचारः** नगर से आगरा, प्रयागराज और मथुरा जाना जल्द आसान हो जाएगा। खंडहर में तब्दील हो चुके बस स्टेशन का जल्द कायाकल्प होगा। इसके लिए शासन स्तर से संस्था का चयन कर लिया गया है। बस स्टैंड का जीर्णोद्धार से पूर्व बरेली परिक्षेत्र के सेवा प्रबंधक ने मंगलवार को पहुंचकर निरीक्षण किया।

सेवा प्रबंधक धनजी ने बताया कि परिवहन निगम बस स्टेशन का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए कार्यदायी संस्था का शासन ने चयन कर लिया है। करीब दो माह के अंदर संस्था निर्माण कार्य पूर्ण शुरू कर देगी। सर्वप्रथम चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद भवन और प्लेटफार्म को दुरुस्त किया जाएगा। सेवा प्रबंधक ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बदायूं अजय कुमार सिंह के साथ बस स्टेशन का भ्रमण किया। सहसवान बस स्टेशन के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। दो माह के अंदर यात्रियों को बैठने के लिए सुविधा ,शौचालय ,जलपान कैंटीन सभी कार्य पूर्ण होंगे।



बस स्टैंड का निरीक्षण करते सेवा प्रबंधक धनजी।

तत्पश्चात स्टेशन से यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली हरिद्वार ,आगरा, प्रयागराज, मथुरा आदि स्थानों के लिए बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।


**न्यायालय उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली**

वाद संख्या/2024

1. मेवाराम पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम धन्तिया तहसील मीरगंज, जिला बरेली 2. रामगोपाल पुत्र कन्हई लाल निवासी ग्राम धन्तिया जिला बरेली

**बनाम**

1. रूकम सिंह पुत्र भग्गी निवासी ग्राम नागर तहसील सहसवान जिला बदायूं 2. ओमप्रकाश पुत्र भग्गी निवासी ग्राम नागर तहसील सहसवान जिला बदायूं 3. रामपाल पुत्र भग्गी निवासी ग्राम नागर जिला बदायूं

अंतर्गत धारा 38(2) राजस्व संहिता 2006
आराजी ग्राम बहादुरपुर परगना सिरौली
तहसील मीरगंज, जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी वादी मेवाराम पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम धन्तिया तहसील मीरगंज जिला बरेली व रामगोपाल पुत्र कन्हई लाल निवासी ग्राम धन्तिया जिला बरेली में धारा 24 राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 16.08.24 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दें, होकर सके मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा। आज तारीख 05.08.2024 में मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी**
**मीरगंज, बरेली**

**न्यायालय श्रीमान ए0डी0जे0 कक्ष सं0 3, बरेली**
**फौजदारी निगरानी सं0 371 सन् 2023**
**इन्द्रराज पाल बनाम उ0प्र0 सरकार आदि**
**धाराः- 397, 398 द0प्र0सं0**
**थानाः-बारादरी, बरेली**

**बनाम**

विपक्षी सं0 2 जुगेन्द्र उर्फ जुगमेन्द्र बालियान सब इंस्पेक्टर तत्कालीन तैनाती, थाना सुभाषनगर, जिला बरेली। विपक्षी सं0 3 सतीश सिपाही व विपक्षी सं0 4 अजय सिंह यादव सब इंस्पेक्टर तत्कालीन तैनाती चौकी कांकरटोला, थाना बारादरी, जिला बरेली। विपक्षी सं0 7 राहुल पाल पुत्र डालचन्द्र पाल व विपक्षी सं0 8 छोटू कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासीगण मोहल्ला विश्नोई सराय, थाना नगीना, जिला बिजनौर। आपके नाम उपरोक्त फौजदारी निगरानी माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 20.08.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बाखूवी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 06.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।


## आत्महत्याः पापा की बेइज्जती हुई, इसलिए जा रहा हूं

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** प्रेमिका के परिजनों ने घर आकर पिता को बेइज्जत करने के साथ धमकाया तो इंटर के छात्र ने अपनी बुआ के घर जाकर आत्महत्या कर ली। जहर खाने से पहले उसने यह कहते हुए अपनी मां के नाम एक वीडियो भी बनाया कि उसकी वजह से पापा की बेइज्जती हुई, इसलिए वह जा रहा है। भाई-बहन के साथ खुश रहना। अब पापा की बेइज्जती मत होने देना। गांव मुड़िया भीकमपुर के रहने वाले इंटरमीडिएट के छात्र के साथ कोचिंग पढ़ने वाली गांव की ही लड़की से उसके प्रेम संबंध थे। छात्रा के घरवालों ने छात्र और फिर उसके परिजनों से गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। छात्रा के परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह छात्रा ने उनके घर आकर बताया कि उसके परिजन उसे मारकर उन लोगों पर आरोप लगाना चाहते हैं। छात्र की मां के मुताबिक छात्रा के परिजनों ने इसके बाद भी उनके बेटे को धमकाया। रविवार को वह अजीत शीशगढ़ के गांव मानपुर में अपनी बुआ के यहां चला गया। वहां सोमवार को उसने जहर खा लिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। छात्र की मां का आरोप है कि छात्रा के परिजनों ने उनके पति को भी बेइज्जत किया था। इसी वजह से बेटे ने आत्महत्या कर ली।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अबन्धुर्बन्धुतामेति नैकट्याभ्यासयोगतः।
यात्यनभ्यासतो दूरात्स्नेहो बन्धुषु तानवम्॥

बार-बार मिलने से अपरिचित भी मित्र बन जाते हैं। दूरी के कारण न मिल पाने से बंधुओं में स्नेह कम हो जाता है।

## संपादकीय

# भारत की नजर

पड़ोस के देश बांग्लादेश के घटनाक्रम पर चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत इस पर नजर रखे हुए है। मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बताया कि सरकार बांग्लादेश की सेना के संपर्क में है। वहां की स्थिति लगातार बदल रही है। बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम में बाहरी हाथ के बारे में बात करना जल्दबाजी है। महत्वपूर्ण बात है कि बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता को लेकर भारत में सभी राजनीतिक दलों की चिंता समान है। वास्तव में अब वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। भारत की चिंता बांग्लादेश में रह रहे भारतीय लोगों की सुरक्षा को लेकर भी है। उनकी संख्या करीब 19,000 है, जिनमें 9,000 विद्यार्थी शामिल हैं। हालांकि अधिकांश छात्र पहले ही भारत वापस आ चुके हैं। अब जब बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंदन जाने की योजना कुछ अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। ऐसे में सरकार ने तय किया है कि उन्हें थोड़ा समय देना चाहिए। उन्हें स्वयं ही यह फैसला करना है कि वह कहां जाना चाहती हैं। भारत के लिए यह मामला बहुत महत्वपूर्ण है। जब सरकार ने पूरी तरह से हसीना को अपना समर्थन दिया हुआ है तो ऐसे में सवाल उठेंगे कि बांग्लादेश में होने वाले बदलावों के बीच सरकार अपने हितों की सुरक्षा कैसे करेगी। प्रदर्शनकारी बांग्लादेशी छात्रों की मांग है कि देश में नई अंतरिम सरकार बनाई जाए और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया जाए।

पिछले दिनों मोहम्मद यूनुस ने भारत सरकार के रवैये के प्रति नाराज़गी जताई थी। वे ढाका में पदस्थ भारतीय दूतावास के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के उस बयान से क्षुब्ध हैं जिसमें उन्होंने वहां के आंदोलन से उपजी स्थिति पर यह कहकर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया था कि यह बांग्लादेश का अंदरूनी मामला है। जबकि यूनुस चाहते थे कि भारत शेख हसीना सरकार की इस मामले को लेकर आलोचना करे। अब देखना यह है कि अंतरिम सरकार, कैसी बनती है, किस प्रकार से हालात को सुधारती है। उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नहीं देगी। उसका रुख पाकिस्तान और चीन समर्थक तो नहीं होगा? उसके रुख के आधार पर भारत को अपनी नई नीति बनानी होगी।

# विवादों और विरोधाभासों से घिरी रही है राजनीति



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दिलचस्प है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री का पद पहली बार संगठन का मुखिया अर्थात कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते ही प्राप्त हुआ था। आजादी के पहले 1946 में अंग्रेजी वायसराय के अधीन अंतरिम सरकार की अगुवाई करने वाली उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस अध्यक्ष के लिए तय थी।

हाल के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में हुए तगड़े नुकसान के बाद भाजपा के मंचों से दोहराए जा रहे जुमले 'सत्ता नहीं संगठन सर्वोपरि' की खासी चर्चा है। असलियत में सत्ता और संगठन के बीच की खींचतान तो आजादी के फौरन बाद ही शुरू हो गई थी। बेशक मंचीय भाषणों में संगठन को सत्ता से ऊपर बताया जाता हो,लेकिन धरातल पर सत्ता ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। सत्ता-संगठन के पहले संघर्ष के लिए 1950 का कांग्रेस अध्यक्ष पद का वह चुनाव याद करना चाहिए जब टंडन की जीत के बाद भी नेहरू की सत्ता को टंडन कुबूल नहीं हुए और अगले कुछ दिनों में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। तब औपचारिक तौर पर कोई विपक्ष नहीं था। कांग्रेस ही पक्ष थी और उसी में विपक्ष भी था।

दिलचस्प है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री का पद पहली बार संगठन का मुखिया अर्थात कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते ही प्राप्त हुआ था। आजादी के पहले 1946 में अंग्रेजी वायसराय के अधीन अंतरिम सरकार की अगुवाई करने वाली उपाध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस अध्यक्ष के लिए तय थी। तब कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए 16 में 14 राज्यों की पार्टी की कमेटियां सरदार पटेल और दो आचार्य कृपलानी के पक्ष में थीं, लेकिन गांधीजी की पसंद पंडित नेहरू थे। उनकी दखल से सरदार पटेल को अपना नाम वापस लेना पड़ा था। बाद में पंडित नेहरू सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। इसी के चलते आजादी के पहले अंतरिम सरकार और फिर आजादी के फौरन बाद उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश के नेतृत्व का अवसर मिला।

1950 में कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव पंडित नेहरू और सरदार पटेल के बीच शक्ति परीक्षण का जरिया बना। सरकार में रहते हुए सरदार पटेल के अनेक मसलों पर पंडित नेहरू से मतभेद थे। पंडित नेहरू की जनता पर पकड़ थी,लेकिन संगठन और क्षेत्रीय क्षत्रप सरदार पटेल के प्रभाव में थे। पंडित नेहरू ने महसूस करना शुरू कर दिया था कि बिना किसी अवरोध के सरकार के संचालन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष पद पर उनके अनुकूल अध्यक्ष का रहना जरूरी है। दूसरी ओर पटेल सरकार पर संगठन की निगरानी के कायल थे और

बेशक टंडन ने नेहरू के उम्मीदवार को शिकस्त दी थी, लेकिन उनकी जीत के असली सूत्रधार सरदार पटेल की 15 दिसंबर 1950 को मृत्यु के बाद संगठन पर सत्ता भारी पड़ने लगी। संगठन से जुड़े तमाम लोगों को सत्ता का साथ जरूरी लगने लगा। समाजवादी पहले ही कांग्रेस छोड़ चुके थे।

इसके लिए जरूरी था कि ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष पद पर रहे,जो सरकार से सवाल कर सके। पटेल की कसौटी पर पुरुषोत्तम दास टंडन खरे उतरते थे। टंडन का स्वतंत्र व्यक्तित्व था। सत्ता से निर्लिप्त थे। वे उन नेताओं में शामिल थे,जिन्होंने देश के विभाजन का हर स्तर पर विरोध किया था। उनकी सोच साफ थी। सिद्धांतों-वसूलों के लिए अडिग रहने वाले टंडन प्रधानमंत्री नेहरू के प्रति आदर और स्नेह का भाव रखते हुए भी उनकी नीतियों से असहमति की स्थिति में उन्हें प्रकट करने में निर्भीक थे। टंडन की तमाम खूबियां सरदार पटेल को भाती थीं। दूसरी ओर पंडित नेहरू की नजर में टंडन पुरातनपंथी थे। उनकी दाढ़ी,वेश भूषा, हिंदी के प्रति उत्कट प्रेम और विभाजन के प्रबल प्रतिरोध के चलते नेहरू की नजर में टंडन की छवि हिंदू समर्थक सांप्रदायिक नेता की थी।

नेहरू और पटेल के बीच अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। एक मौके पर दोनों सी. आर.राजगोपालचारी के नाम पर एक राय थे,लेकिन सी.आर.तैयार नहीं थे। शुरुआत में नेहरू-पटेल की सोच थी कि आचार्य जे. बी. कृपलानी को किसी दशा में उम्मीदवार नहीं बनाना है। सी.आर. ने सुझाव दिया कि सरदार पटेल अध्यक्ष पद की भी जिम्मेदारी संभालें। इस प्रस्ताव पर पंडित नेहरू ने खामोशी अख्तियार करके असहमति जाहिर कर दी। महाराष्ट्र के पैरोकार शंकर राव देव का भी नाम चला,लेकिन सरदार पटेल इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद पटेल ने हिंदी भाषी राज्यों में अच्छी पहचान रखने वाले पुरुषोत्तम दास टंडन का नाम आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। टंडन उस समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। 1948 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वे हार चुके थे। 1950 में एक बार फिर समर्थकों ने उन पर अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का दबाव बनाना शुरू किया। शुरुआत में टंडन अनिच्छुक थे,लेकिन पटेल के समर्थन ने उनका मन बदलना शुरू किया। उनके नाम की चर्चा शुरू होते ही पंडित नेहरू ने खुला विरोध शुरू कर दिया।

नेहरू ने मौलाना आजाद के घर वर्किंग कमेटी के सदस्यों की बैठक में साफ तौर पर कहा कि अध्यक्ष के पद पर टंडन उन्हें स्वीकार्य नही हैं। नेहरू यहीं नहीं थमे। 8 अगस्त 1950 को उन्होंने टंडन जी को सीधे पत्र लिखकर आशंका जाहिर की कि "आपके चुने जाने से उन ताकतों को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा,जिन्हें मैं देश के लिए नुकसानदेह मानता हूं। टंडन ने 12 अगस्त को पंडित नेहरू को काफी संयमित उत्तर दिया,"हम बहुत से सवालों पर एकमत रहे हैं। अनेक बड़ी समस्याओं पर साथ काम किया है। पर कुछ ऐसे विषय हैं,जिस पर हमारा दृष्टिकोण एक नहीं है। निजी पत्रों के आदान-प्रदान से आगे नेहरू इस मसले को अखबारों के जरिए आम जनता के बीच ले गए। टंडन के पत्र के एक दिन पहले ही 11 अगस्त को नेहरू ने एक बयान जारी किया, "जब तक वे प्रधानमंत्री हैं,उन्हें (टंडन) अध्यक्ष स्वीकार करना उचित नही होगा।" टंडन की दावेदारी पर ऐतराज के कारणों का अपने बयान में यह कहते हुए उन्होने खुलासा किया," उम्मीद करनी चाहिए कि राजनीतिक, सांप्रदायिक और अन्य समस्याओं के बारे में फैसले कांग्रेस की पुरानी सोच के मुताबिक ही लिए जाएंगे।" इस चुनाव में रफी अहमद किदवई, पंडित नेहरू के सलाहकार की जिम्मेदारी निभा रहे थे। किदवई नेहरू को समझाने में सफल रहे कि गुजरात, बिहार और उत्तर प्रदेश में अर्से से सक्रिय रहे कृपलानी ही टंडन का मुकाबला कर सकते हैं।

सरकार के भीतर चल रहे नेहरू और पटेल के मतभेद इस चुनाव के कारण और सतह पर आ गए। सिर्फ कांग्रेसियों ही नहीं,बल्कि जनता के बीच संदेश पहुंच चुका था कि बेशक कृपलानी और टंडन उम्मीदवार हैं,लेकिन असलियत में यह नेहरू और पटेल के बीच का मुकाबला है। नेहरू ने इस चुनाव को सीधे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ दिया। 29 अगस्त को इस चुनाव का मतदान और 1 सितंबर को वोटों की गिनती हुई। टंडन को 1306, कृपलानी को 1092 और शंकर राव देव को 202 वोट मिले। उत्तर प्रदेश नेहरू और टंडन दोनों का ही गृह प्रदेश था,लेकिन वहां टंडन को अच्छी बढ़त मिली। सरदार पटेल के गृह राज्य गुजरात के सभी वोट भी टंडन को हासिल हुए। नतीजों के बाद पटेल ने राजगोपालाचारी से पूछा,"क्या वे नेहरू का इस्तीफा लाए हैं?" लेकिन नेहरू अपनी घोषणा से पीछे हट चुके थे। अपने उम्मीदवार कृपलानी की हार के बाद भी नेहरू टंडन की जीत स्वीकार नहीं कर पाए। 13 सितंबर को एक बयान के जरिए उन्होंने नतीजों पर अपना असंतोष जाहिर किया। कहा कि "टंडन की जीत पर सांप्रदायिक और प्रतिक्रियावादी तत्वों ने खुलकर खुशी का इजहार किया है।"

बेशक टंडन ने नेहरू के उम्मीदवार को शिकस्त दी थी, लेकिन उनकी जीत के असली सूत्रधार सरदार पटेल की 15 दिसंबर 1950 को मृत्यु के बाद संगठन पर सत्ता भारी पड़ने लगी। संगठन से जुड़े तमाम लोगों को सत्ता का साथ जरूरी लगने लगा। समाजवादी पहले ही कांग्रेस छोड़ चुके थे। जून 1951 में आचार्य कृपलानी भी कांग्रेस से अलग हो गए। उनके पार्टी छोड़ने के कारणों में टंडन की अगुवाई के चलते पार्टी के पुरातनपंथी बन जाने का आरोप भी शामिल था। नेहरू तो टंडन को कभी अध्यक्ष स्वीकार ही नहीं कर पाए। सितंबर 1951 में उन्होंने वर्किंग कमेटी से इस्तीफा देकर टंडन पर नए सिरे से दबाव बनाना शुरू किया। इसी महीने बंगलौर में एआईसीसी की बैठक थी, जहां शक्ति परीक्षण तय था।

पहला आम चुनाव भी पास था। पार्टी और सरकार के बीच कलह बढ़ रही थी। टंडन मजबूर हो चुके थे। उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर नेहरू की इच्छा पूरी कर दी। बंगलौर में नेहरू अध्यक्ष चुन लिए गए। अब पार्टी और सरकार दोनों की कमान नेहरू के हाथ में थी। देश की राजनीति में सत्ता पर संगठन के अंकुश के खात्मे का यह प्रस्थान बिंदु था। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं अन्य दल भी आगे इसी राह चले और चल रहे हैं।

## प्रसंगवश

# पड़ोस के संकेत: भारत रहे सचेत



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बांग्लादेश में लोकतांत्रिक रीति से हाल ही में चुनी गई सरकार का तख्ता पलट हो गया। प्रधानमंत्री शेख हसीना जान बचाकर भारत आ गईं और उनका लड़का घोषणा कर रहा है कि वे अब राजनीति में नहीं लौटेंगी।

सेनापति वकार-उज-जमा,जिन्हें उन्होंने अपना वफादार मानकर पदारूढ़ किया था, उन्हीं ने रक्षा कवच बनने के बजाय उन्हें सलाह दी कि आप त्यागपत्र देकर देश छोड़ दें। वैसा ही हुआ और उन्हीं ने फिलहाल सत्ता संभाल ली है,फिर किसी अंतरिम सरकार का गठन करेंगे,जैसा कि उन्होंने कहा है। इस विद्रोह के मूल में आरक्षण ही था,हालांकि हाल ही में सुप्रीमकोर्ट के हस्तक्षेप से वह मुद्दा लगभग हल हो गया था। ऐसा होने के बावजूद आंदोलनकर्ता हसीना के इस्तीफे पर अड़े रहे और परिणति लोकतंत्र के खात्मे के रूप में हुई।

समझा जाता है कि इसमें देश के अंदर के पाकिस्तान समर्थक तत्वों और चीन का हाथ है। यह घटना भारत के लिए भी काफी चिंताजनक है। बांग्लादेश से लगती हमारी थल सीमा में कई राज्य आते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिये पहले से हमारे लिए समस्याब ने हुए हैं,अब तो वहां माहौल अराजक है तथा यहां इस छोर पर केंद्र सरकार पहले की अपेक्षा कमजोर है। चीन-पाकिस्तान और मौजूदा बांग्लादेशी सरकार से निश्चित तौर पर हमारे सामने भारी समस्याएं खड़ी की जाएंगी। उधर हमारा मणिपुर पहले से जल रहा है तथा उससे मिला हुए म्यांमार की वही गति चीन कर चुका है, जो अब बांग्लादेश की की है। बस फर्क यह है कि शेख हसीना म्यांमार की सत्ता प्रमुख सू ची की तरह जेल में नहीं डाली गईं।

आरक्षण मुद्दा अपने देश में भी सुलग रहा है। विपक्ष केंद्रीय सत्ता से त्रस्त है और कोई भी अवसर उसे अस्थिर करने के लिए नहीं छोड़ेगा। चीन और पाकिस्तान तो हमारे सर्वकालिक शत्रु हैं ही। ऐसे में बैठे बैठाए एक नई समस्या और आ गई,जो काफी अशुभ संकेत है। इस पर बहुत सावधान हो जाने की जरूरत है, ताकि वहां की समस्या हमारा नासूर न बन जाए।

# भारत को चौकन्ना करता बांग्लादेश का घटनाक्रम



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनशक्ति है। माना कि एक तिहाई गद्दार यहां भी सक्रिय हैं,मगर सरकार यह क्यों नहीं समझ पाती कि देश की दो तिहाई जनशक्ति उनके साथ खड़ी है,जो आशा भरी निगाहों से उन्हें ऐसे अवसरों पर देखती है और अपेक्षित कदम न उठाए जाने पर हताश हो जाती है। आज सारे देश में योगी मॉडल की चर्चा है। ढुलमुल नीति की कतई जरूरत नहीं। शठे शाठ्यम समाचरेत।

बांग्लादेश का दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम भारत के लिए बड़ा सबक है। यह भारत के लिए संभावित दुष्परिणामों से प्रभावी तौर पर निपटने की एक बहुफलकीय रणनीतिक कार्यवाही की पुरजोर मांग कर रहा है। यह एक ऐसे दुष्चक्र की देन है,जो दिखने में भले बांग्लादेश केंद्रित है मगर असली निशाना भारत ही है। यह एक ऐसा मंजर है,जो प्रकारांतर से भारत को भी इशारे कर रहा है कि घृणित शक्तियां इतनी पावरफुल हैं कि समान परिदृश्य यहां भी उपस्थित हो सकता है।

बांग्लादेश की तख्तापलट के पीछे जो ताकतें हैं,अनुभवी आंखों से छुपी नहीं हैं। वे भारत को भी अस्थिर करने पर लंबे समय से जुटी हैं और कई छोटी-मोटी घटनाओं को बानगी के तौर पर अंजाम भी दे चुकी हैं। शाहीन बाग, दिल्ली के लाल किले पर झंडा फहराने वाला किसान आंदोलन भला कैसे भुलाया जा सकता है? किंतु चिंताजनक यह है कि भारत सरकार को जितनी सख्ती और इच्छाशक्ति से इन पर प्रतिक्रिया करनी थी,वह दिखी नहीं और भारत की बहुसंख्यक जनता पर एक गहरी निराशा, हताशा तारी होती रही है। जिसे उसने हाल के चुनावों में अलग तरीके से अभिव्यक्त भी किया है।

तमाम सत्तालोलुप नेतागण,कट्टर इस्लामी और कथित साम्यवादी अपने टूल किटों,छुपे आतंकी प्रकोष्ठों के जरिए इसी कूटरचना में लगे हुए हैं कि भारत को कैसे अस्थिर और मोदी को अपदस्थ किया जाए और इसमें नेपथ्य से कुछ खाड़ी देश,पाकिस्तान और चीन योगदान कर रहे हैं और अब यह सब किसी से छिपा भी नहीं है। भारत को प्राथमिकता पर बांग्लादेश से जुड़ी अपनी सीमा पर संभावित घुसपैठ रोकना है। किंतु यथासंभव सीएए कानून की सीमा में प्रताड़ित हो रहे हिन्दुओं को शरण भी देनी है। यहां सक्रियता और तेजी से आवश्यक कदम उठाने का वक्त है और जो भी इसके आड़े आए सख्ती से निपटना है। ज्यादा विचार विमर्श और स्थगन केवल गंभीर परिणाम देगा।

आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनशक्ति है। माना कि एक तिहाई गद्दार यहां भी सक्रिय हैं,मगर सरकार यह क्यों नहीं समझ पाती कि देश की दो तिहाई जनशक्ति उनके साथ खड़ी है,जो आशा भरी निगाहों से उन्हें ऐसे अवसरों पर देखती है और अपेक्षित कदम न उठाए जाने पर हताश हो जाती है। आज सारे देश में योगी मॉडल की चर्चा है। ढुलमुल नीति की कतई जरूरत नहीं। शठे शाठ्यम समाचरेत। योगी जी के कतिपय गंभीर अर्थपूर्ण वक्तव्यों के पीछे छुपे मंतव्य को समझा जा सकता है-"उपद्रवियों को जेल ही नहीं,जरूरत पड़े तो यमराजपुरी का भी रास्ता दिखाया जाएगा"। "इनके लिए सद्भावना नहीं बुलेट ट्रेन चलेगी"। भारत की संप्रभुता,अमन चैन के साथ खिलवाड़ करने की तनिक भी गुंजाइश को रौंद देना होगा। जस्ट निप इन द बड। याद होगा,शाहीनबाग का नाटक लखनऊ में जैसे ही आरंभ हुआ, खाने-पीने की सामग्री, गैस सिलेंडर और ठेले आदि के साथ जैसे ही भीड़ जुटनी शुरु हुई योगी का वज्र टूट पड़ा। सभी भागे पराए। क्षणिक हो हल्ला किया गया,मगर फिर एक गहरी प्रशांति छा गई। यही इलाज है। न कोई नानसेंस न ही न्यूसेंस। कुछ भी कही भी और तनिक भी कानून व्यवस्था विरोधी पहल हो तो उसे आगे बढ़ने नहीं देना है,सख्ती से कुचल देना है। लोकतंत्र में भी डंडे की महत्ता है। बस सजग दृष्टि और पक्का इरादा चाहिए।

आज योगी जो को भारतीय जनमानस ऐसे ही नहीं भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है। उन्होंने बहुसंख्यक जनों का विश्वास जीता है। यदि उनका मॉडल केंद्र नहीं अपनाता तो देर सवेर बांग्लादेश जैसी स्थितियां यहां भी उत्पन्न किए जाने में राष्ट्र विरोधी नहीं चूंकेगे। बस मौके की ताक में हैं। दुरभिसंधिया रची जा रही हैं। बस एक ही मूलमंत्र है,जहां भी तनिक सी सुगबुगाहट दिखे, सौ पचास भी इकट्ठा दिखें भरपूर आवभगत हो उनकी। तनाव बढ़ने ही नहीं देना है। कहीं भी और कभी भी। यह आदेश सभी कानून व्यवस्था में लगी इकाईयों को हो। जैसे सेना को फ्री हैंड मिला हुआ है, वही गृहमंत्री आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी सुनिश्चित करें। हम यहां बांग्लादेश की पुनरावृत्ति नहीं चाहते।

## सोशल फोरम

# गुटनिरपेक्ष नीतियों ने की रक्षा



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

भारत में लोकतंत्र की प्राचीन परंपराएं और सांस्कृतिक सौहार्द का जीवन-अभ्यास सुदृढ़ है। 1947 की कांग्रेस 1977 में हारी तो जनता पार्टी में अगर जनसंघ शामिल थी तो सोशलिस्ट पार्टी भी शामिल थी,रजवाड़ों की स्वतंत्र पार्टी थी तो किसानों की लोकदल भी थी।

सन 2024 के बाद भी आरएसएस और भाजपा अकेले सत्ता पर काबिज होने की स्थिति में नहीं रहे। अपनी मूलभूत जनतांत्रिक आत्मा के साथ-साथ भारत में अमेरिका का एकांत दबदबा नहीं रहा है। पूर्व समाजवादी देशों से हमारे गहरे संबंधों ने आंतरिक प्रतिक्रियावाद को मिलने वाली बाहरी सहायता को नियंत्रित रखा। हमारी गुटनिरपेक्षता की नीतियों ने हमारी रक्षा की और अमेरिका-परस्ती के बावजूद तटस्थता बनी रही है। इसके लिए हमारा आर्थिक आधार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश आर्थिक आधार पर सुदृढ़ नहीं बन पाया है। अतः अमेरिका पर निर्भरता बहुत ज्यादा है,जो थोड़े साधन हैं उनकी लूट में सत्तारूढ़ दल अग्रणी भूमिका निभाता है। दूसरी ओर आजादी के आंदोलन के समय से ही पूर्वी बंगाल में मुस्लिम लीग की भूमिका के कारण सांप्रदायिक राजनीति का बोलबाला रहा है। 1971 की क्रांति ने सांप्रदायिकता को परास्त किया था,लेकिन पिछड़ी आर्थिक दशा और सांप्रदायिक राजनीतिक वातावरण के चलते प्रतिक्रांति की जमीन बनी रही है। जब जनअसंतोष विस्फोटक बिंदु पर पहुंचा, तब उसका फायदा कभी सेना ने,कभी दक्षिणपंथी दलों ने उठाया।

अभी सेना की भूमिका निर्णायक नहीं है,लेकिन दक्षिणपंथी दल एकजुट होकर सत्ता पर कब्जा करने की तैयारी में हैं। मुजीब की बेटी को एक ओर अमेरिका-ब्रिटेन का समर्थन है, दूसरी ओर भारत की मोदी सरकार का। फिर भी यह आशंका बहुत व्यापक रूप में अभिव्यक्त हो रही है कि श्रीलंका (और फिलीपींस) की घटनाओं का असर भारत पर भी पड़ सकता है। यह सब इस पर निर्भर है कि वामपंथी और जनतांत्रिक शक्तियां किस सीमा तक जनअसंतोष को समाज के लिए संगठित कर पाती हैं। अन्यथा, पूंजीवादी वर्चस्व की उत्तर आधुनिक दुनिया में प्रतिक्रांति के लिए समर्थन की कमी नहीं है। वह सारे ताकतवर देशों से मिलेगा।

-फेसबुक वॉल से

# जब दिल्ली ने दी दलाई लामा, शेख हसीना और नजीबुल्लाह को शरण



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

शुभ्रा जी और शेख हसीना में कला, संगीत और बांग्ला साहित्य पर चर्चा होती थी। उनका 18 अगस्त 2015 को निधन हो गया था। शेख हसीना तब अपनी पुत्री पुतुल के साथ खासतौर पर प्रणव मुखर्जी से संवेदना व्यक्त करने आईं थीं।

शेख हसीना के लिए भारत और राजधानी दिल्ली अपने दूसरे घर जैसे हैं। उन्होंने यहां सन 1975-1981 के दौरान पंडारा पार्क में निर्वासित जीवन गुजारा था। शेख हसीना से पहले तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा 1959 में भारत आए तो कुछ महीनों तक हैदराबाद हाउस में रहे। अपनी आत्मकथा वन लाइफ इज नॉट एनफ में नटवर सिंह ने लिखा है कि दलाई लामा अपने दिल्ली प्रवास के दौरान हैदराबाद हाउस में रहते थे। वे वहां से देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गोविंद बल्लभ पंत सरीखे नेताओं से मिलने जाया करते थे। अफगानिस्तान के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद नजीबुल्लाह का परिवार 1990 के दशक में 5 कामराज मार्ग के बंगले में रहा करता था।

शेख हसीना अपने दिल्ली में बिताए दिनों को कैसे भूल सकतीं हैं? उनके साथ उनके पति डॉ. एमए वाजेद मियां और दोनों बच्चे भी थे। वह पंडारा पार्क के एक फ्लैट में रहती थीं। उस कठिन दौर में प्रणब कुमार मुखर्जी और उनकी पत्नी शुभ्रा मुखर्जी उनके साथ रहे। शेख हसीना और शुभ्रा मुखर्जी खूब करीब आ गए थे। दोनों परिवारों का लगातार मिलना-जुलना रहता था। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त 1975 को ढाका के धनमंडी स्थित आवास में कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। वाजिद न्यूक्लियरसाइंटिस्ट थे। वे जर्मनी में ही कार्यरत थे। शेख हसीना पंडारा पार्क में शिफ्ट करने से पहले कुछ सप्ताह तक राजधानी के 56 लाजपत नगर-पार्ट तीन में भी रही थीं। उधर से बाद के कई सालों तक बांग्लादेश का हाई कमीशन काम करता रहा। अब हाई कमीशन चाणक्यपुरी में है।

शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थीं। तब प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें भारत में राजनीतिक शरण देने का फैसला लिया था। श्रीमती इंदिरा गांधी और शेख मुजीब-उर-रहमान के निजी संबंध थे। शेख हसीना का उस हत्याकांड के बाद बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। दिल्ली में शेख हसीना अपने परिवार के साथ प्रणव मुखर्जी के तालकटोरा रोड वाले घर में लगातार जाती थीं। तब दोनों परिवारों के बच्चों भी करीब आए। कुछ समय के बाद उन्होंने आकाशवाणी की बांग्ला सेवा में काम करना भी शुरू कर दिया था ताकि समय बीत सके। शेख हसीना 1981 में स्वदेश वापस चली गईं, पर उनके मुखर्जी परिवार से संबंध अटूट रहे। वह जब भी दिल्ली आईं तो शुभ्रा जी और प्रणव मुखर्जी के साथ कुछ वक्त मिलने का अवश्य निकालती रहीं। शुभ्रा मुखर्जी शिक्षिका थीं। वह राजधानी के लेडी इरविन स्कूल में पढ़ाती थीं।

शुभ्रा जी और शेख हसीना में कला, संगीत और बांग्ला साहित्य पर चर्चा होती थी। उनका 18 अगस्त 2015 को निधन हो गया था। शेख हसीना तब अपनी पुत्री पुतुल के साथ खासतौर पर प्रणव मुखर्जी से संवेदना व्यक्त करने आईं थीं। उनका दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अगवानी करने प्रणव दा की पुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी पहुंची थीं। पुतुल और शर्मिष्ठा ने भी साथ-साथ इंडिया गेट में गुड़ियों के खेल-खेले थे। जब शेख हसीना दिल्ली में रहा करती थीं तब अवामी लीग के नेता लगातार उनसे मिलने के लिए आते थे। उनसे गुजारिश करते थे कि वे अपने देश की सियासत में एक्टिव हो जाएं। लंबे समय तक टाल-मटोल करने के बाद उन्होंने बांग्लादेश की राजनीति में कूदने का मन बनाया था। तब वह 1981 में स्वदेश लौट गईं थीं। अगर शेख हसीना फिर दिल्ली में रहीं तो उनकी आंखें तरसेंगी अपनी कष्ट के दिनों की सहेली को देखने के लिए। पर न उन्हें उनकी सहेली शुभ्रा मुखर्जी और न ही सहेली के पति और भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव कुमार मुखर्जी मिल सकेंगे। दोनों दिवंगत हो चुके हैं। बेशक,शेख हसीना को यहां अपने पिताशेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क देखने को मिल जाएगी। इसका नाम 2017 तक पार्क स्ट्रीट था। यह सड़क राम मनोहर लोहिया अस्पताल के करीब है।

शेख मुजीब-उर- रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। उनका हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। शेख हसीना का दिल्ली की सड़कों, पेड़ों, परिंदों वगैरह को प्यार करना समझ आता है।

# कुपोषित बच्चों की बढ़ती संख्या



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आर्थिक असमानता भी भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रही है। बच्चों में कुपोषण कार्यक्रमों और गतिविधियों से नहीं रूक सकता है। एक मजबूत जन समर्पण और पहल जरूरी है।

कुपोषण एक ऐसा शब्द है,जिसके सुनते ही मन में कई तरह के विचार और चित्र आने लगते हैं। परंतु संसद में दी गई जानकारी के अनुसार हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के करीब 60 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित बताए गए हैं।

एनएफएचएच 5 के अनुसार पांच साल से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित 19.3 प्रतिशत दुर्बल तथा 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि हर साल कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों की संख्या दस लाख से ज्यादा हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में किए गए सर्वे में पाया गया कि देश में सबसे गरीब इलाकों में आज बच्चे भुखमरी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं,अगर इस ओर ध्यान दिया जाए तो इन मौतों को रोका जा सकता है। बच्चों में बौनेपन में यूपी नंबर एक है और कम वजन वाले बच्चों में मध्य प्रदेश टॉप पर है। भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण के कारण एनीमिया, घेंघा, बच्चों की हड्डियों का कमजोर होना, बौनापन आदि समस्याएं होती हैं। बेहतर पोषण और इसलिए बेहतर संकेतकों का जवाब परिवार की आय बढ़ाना है।

आर्थिक असमानता भी भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रही है। बच्चों में कुपोषण कार्यक्रमों और गतिविधियों से नहीं रूक सकता है। एक मजबूत जन समर्पण और पहल जरूरी है। कुपोषित बच्चों को पोषित किए बिना कोई देश विश्व गुरु नहीं बन सकता।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार में आई महिला ने खुद को लगाई आग, हालत नाजुक

## उन्नाव के पुरवा थाने में तैनात दरोगा पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत लेकर आई उन्नाव की महिला ने अपने बच्चे को सड़क बिठाकर विक्रमादित्य मार्ग स्थित जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों की मदद से आग बुझाई और सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक करीब 80 प्रतिशत जल गई है। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मौके से बैग बरामद किया जिसमें एक शिकायती पत्र था। पत्र में उन्नाव के पुरवा थाने के दरोगा पर रिश्वत मांगने की बात लिखी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि उन्नाव के पुरवा थानाक्षेत्र के छत्ताखेड़ा की रहने वाली अंजलि के साथ एक साल का बच्चा था। उसे गोद से उतारकर सड़क किनारे बैठा दिया। बच्चे के पास अपने बैग रख दिए। फिर उसमें से पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली। जांच में सामने आया कि घरेलू विवाद के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। महिला इसी की शिकायत करने लखनऊ आई थी। डीसीपी के मुताबिक अंजलि दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री से शिकायत की थी। वहां मौजूद अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन वह संतुष्ट नहीं थी।

- **ससुरालियों के उत्पीड़न पर पुलिस के कार्रवाई न करने से थी परेशान**



### पिटाई करने पर देवर-पति हुए थे गिरफ्तार

एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर अंजलि ने ससुराल वालों पर मारपीट, लूटपाट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने 2 अगस्त को एफआईआर दर्ज कर लिया था। 5 अगस्त को आरोपी पति और देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दोबारा जनता दरबार पहुंची तो भेज देंगे जेल

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के पास खुद को आग लगाने वाली अंजलि अपना दुखड़ा सुनाने दो-तीन दिन पहले उपमुख्यमंत्री के यहां भी गई थी। वहां बेसुध होने पर पुलिस ने उसे उन्नाव पहुंचाया था, लेकिन रास्ते भर पुलिसकर्मी उसे धमकाते रहे कि दोबारा जनता दरबार में आने पर फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेज दी जाओगी। उपमुख्यमंत्री से शिकायत करने पहुंची अंजलि गुहार लगाने से पहले ही बेहोश हो गई थी। उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था, जिसके बाद उसे उन्नाव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। टीम अंजलि को लेकर उन्नाव पहुंची। अंजलि का आरोप है कि उसे लेने के लिए जो पुलिसकर्मी आए थे, उन्होंने रास्ते भर धमकाते हुए कहा कि समझौता कर लो नहीं तो मरवा दी जाओगी।

### पुरवा थाने का दरोगा राजेश यादव रिश्वतखोर है

अंजलि के बैग से पुलिस को एक पत्र मिला है। पत्र में लिखा कि पुरवा थाने का दरोगा राजेश यादव रिश्वतखोर है। वह उसके पति व ससुराल वालों को बचा रहा है। अंजलि इसकी शिकायत करने लखनऊ आई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंजली मंगलवार को भी जनता दरबार पहुंची थी, लेकिन अंदर नहीं जा सकी थी। वहीं जांच में सामने आया कि ज्वलनशील पदार्थ झोले में लेकर आई थी, जिसे उसने कहीं रख दिया था। यहां से जाने के बाद लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि अंजलि ने जिस दरोगा पर आरोप लगाया है उसके खिलाफ सीओ पुरवा को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आवास निर्माण में लखीमपुर समेत तीन जिले अव्वल

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लखनऊ मंडल में आवासों का निर्माण कराने में लखनऊ, लखीमपुर खीरी व हरदोई को ए ग्रेड मिला है। जबकि सीतापुर की प्रगति सबसे कम होने पर ई ग्रेड दिया गया है।

पिछले माह मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ मंडल के लखनऊ, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर व हरदोई में बने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की थी। इस दौरान हरदोई ने स्वीकृत आवास 2,263 के सापेक्ष 2,251 (99.47 फीसद), लखीमपुर खीरी ने 8,025 आवास के सापेक्ष 7,579 (99.18 फीसद) व लखनऊ ने 941 आवास के सापेक्ष 929 (98.73 फीसद) पूर्ण किए। इन जिलों की प्रगति बेहतर होने पर ए ग्रेड मिला है, जबकि उन्नाव को लक्ष्य 3,088 आवास के सापेक्ष तीन हजार पूर्ण करने पर बी ग्रेड व रायबरेली को 3,146 आवास के सापेक्ष 3,024 पूर्ण करने पर सी ग्रेड मिला है। सबसे खराब प्रगति सीतापुर की रही। जहां, 2,992 आवास के सापेक्ष 2,656 (61.98 फीसद) पूर्ण करने पर ई ग्रेड दिया गया है।

## आप सांसद संजय की अपील खारिज करना होगा सरेंडर

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** बिजली-पानी की समस्या के विरोध में सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह आरोपियों की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर मंगलवार को फैसला सुनाते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट जज एकता वर्मा ने अपील खारिज कर दी तथा दोषियों को 9 अगस्त को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है।



विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया एमपी एमएलए कोर्ट ने 11 जनवरी 2023 को संजय सिंह समेत छह आरोपियों को तीन माह की सजा सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुलतानपुर शहर की सब्जी मंडी के निकट ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर 19 जून 2001 को बिजली कटौती और पानी की समस्या के विरोध में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था

## सार-संक्षेप

### आजम के एक आपराधिक मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजम खान और उनके करीबियों के आपराधिक मामले में मंगलवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ के समक्ष हुई। मौजूदा मामले में शिकायतकर्ता एहतेशाम खान ने आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत अजहर खान, पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका, आले हसन खां, तत्कालीन सीओ सिटी, बरकत अली ठेकेदार और 20-25 पुलिस कर्मियों के खिलाफ रामपुर के गंज थाने में 25 जुलाई 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के अनुसार नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष, तत्कालीन सीओ सिटी और बरेली निवासी ठेकेदार बरकत अली तथा 20-25 अज्ञात पुलिसकर्मियों के साथ शिकायतकर्ता के घर में जबरन घुस गए और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बेदखल कर दिया। शिकायतकर्ता जब अपनी शिकायत लेकर तत्कालीन मंत्री आजम खान के जनता दरबार में पहुंचा तो उन्होंने उससे अभद्रता की और झूठे आरोप में फंसा कर जेल में डालने की धमकी दी।



### ओ और ट्रिपल सी लेवल प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से दिलवाए जाने वाले ओ और ट्रिपल सी लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं अब प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 12 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ी जाति के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए और और ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए विभाग की ओर से संस्था का चयन कर लिया गया है और उसे विभागीय वेबसाइट obccomputertraining.upsdc.gov.in पर अपडेट कर दिया गया है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि पांच अगस्त रखी गई थी मगर इसे बढ़ाकर 12 अगस्त कर दिया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभिषेक कुमार सरोज ने बताया कि आवेदन करने के बाद छात्र ऑनलाइन भरे गए आवेदन-पत्र की प्रति और प्रमाणित अभिलेखों के साथ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 12 अगस्त शाम पांच बजे तक जमा करना होगा।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर पुरस्कार आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मियों/स्वनियोजित दिव्यांगजन, श्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट अधिकारी, एजेंसी, संस्था और खिलाड़ियों सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। पहले आवेदन की तिथि 10 अगस्त थी। राज्य स्तरीय पुरस्कार के संबंध में निर्धारित प्रारूप दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाइट पर www.uphwd.gov.in पर उपलब्ध है। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन समस्त प्रपत्रों के साथ किसी भी कार्य दिवस में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में 26 अगस्त तक जमा किए जाएंगे। जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद आवेदन निदेशालय को भेजे जाएंगे।

### गवाहों के बयानों में असंगति, बच्चे का हत्यारोपी बरी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 6 वर्षीय बच्चे की हत्या के आरोपी पिता को चिकित्सीय साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शी के बयानों में असंगति के आधार पर आईपीसी की धारा 304 के तहत दोषसिद्धि से राहत देते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चिकित्सीय साक्ष्य और चश्मदीद के बयान में विरोधाभास स्पष्ट रूप से मामले पर संदेह उत्पन्न करता है। संदेह का लाभ देते हुए न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने राजेंद्र योगी को अपर सत्र न्यायाधीश, मथुरा द्वारा दी गई आजीवन कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड को रद करते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बच्चे की मौत गला घोंटने और ह्यॉयड हड्डी के टूटने से हुई, जबकि गवाहों ने आरोप लगाया था कि मृतक धर्मेंद्र को मुक्कों और लातों से बुरी तरह पीटा गया था और बाद में उसके सिर को दीवार पर पटका गया था, लेकिन सिर पर कोई चोट नहीं पाई गई।

# आधा दर्जन इकाइयां ठप, बिजली संकट का कहर जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में करीब आधा दर्जन इकाइयों के बंद रहने से बिजली संकट का कहर बना हुआ है। उत्पादन कम होने व स्थानीय खराबी के कारण मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली किल्लत से जूझते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा बिजलीघर की 660 मेगावाट, हरदुआगंज की 105 मेगावाट, ओबरा सी 660 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट व पारीछा की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को उत्पादन ठप है।



इससे 1743 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,489 मेगावाट दर्ज की गई। मांग व आपूर्ति के बीच अंतर होने के कारण एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जाती रही। सूत्रों ने बताया कि हरदुआगंज इकाई 10 अगस्त तक चालू होने की संभावना है, जबकि बाकी इकाइयां अगले दो दिन में चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि उमस के कारण बिजली की मांग लगातर ज्यादा बनी हुई है। इस कारण इकाइयों में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय खराबी के कारण उत्पादन हो रही दिक्कतों को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सौर ऊर्जा को निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरे किए जाएं-एके शर्मा

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए सौर ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाएं शीघ्र पूरी की जाएं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के साथ ही वाराणसी, प्रयागराज व गोरखपुर को विकसित करने की कार्रवाई तेज की जाए। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को यूपीनेडा मुख्यालय में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने शहरों में सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट व अन्य संयंत्रों को भी सौर ऊर्जा से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नवीकरणीय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा की वृहद पैमाने पर आवश्यकता बढ़ेगी।

## गीले कचरे से बायो फ्यूल बनेगा

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य सरकार ने ग्रेटर नोएडा में 50 टीडीपी गीले कचरे के निस्तारण करके उसे बायो सीएनजी में परिवर्तित करने की परियोजना जल्द शुरू करने जा रही है। इसमें 17 करोड़ रुपये की लागत आएगी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण पीपीपी मोड के तहत बनीं योजना से ग्रेटर नोएडा के 95 सेक्टर, 124 गांव समेत 8 एडमिनिस्ट्रेटिव जोन के अंतर्गत कुल 380 स्क्वेयर किलोमीटर क्षेत्र में रह 12 लाख लोग लाभान्वित होंगे। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में भूमि पार्सल की पहचान की जहां पर इकाई की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक 50 टीपीडी गीले कचरे का प्रसंस्करण कर उसे बायो-सीएनजी जरिए रोड रेडी बायो फ्यूल बनाने की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। परियोजना के अंतर्गत बनने वाली बायो-सीएनजी को सिटी बसों समेत विभिन्न वाहनों में प्रयुक्त किया जाएगा। यहां बनने वाली कंप्रेस्ड बायो गैस को इंडियन स्टैंडर्ड नॉर्मस (बीआईएस) तथा पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पेसो) के गैस सिलिंडर फिलिंग मानकों का पालन किया जाएगा।

- **नोएडा में 17 करोड़ की लागत से शुरू होगी परियोजना**

### गांव में घुसे चोर की पीटकर हत्या

**हुजूरपुर, बहराइच।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी गांव में सोमवार देर रात को छह-सात की संख्या में चोर पहुंच गए। चोरों की आहट पाकर ग्रामीण जग गए। दो चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। कुछ ही देर में एक चोर की मौत हो गई। जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी गांव में सोमवार रात को ग्रामीण सो रहे थे। ग्राम पंचायत के मजरा डाकघरपुरवा गांव में सोमवार देर रात को छह से अधिक चोर घुस गए। चोर गांव निवासी राजेश सिंह के घर में घुस गए। यहां चोरी के करने के बाद मुन्ना सिंह के घर में घुसे। इसी दौरान महिला आहट पाकर जगी। शोर मचाया तो गांव के लोग जाग गए। सभी ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन एक चोर पकड़ लिया गया। जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने पीट दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

## 50 रुपये को लेकर की थी हत्या, उम्रकैद रद

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में आईपीसी की लगाई गई धाराओं को संशोधित करते हुए आरोपी की सजा में परिवर्तन कर दिया। कोर्ट ने गौर किया कि दोनों पक्षों के बीच क्षणिक आवेश और अचानक उकसावे में अपीलकर्ता ने शख्स के पेट में छूरी घोंप दी। आवेश के एक क्षण में घटी घटना से अभियुक्त के पास हत्या करने का कोई पूर्व नियोजित इरादा नहीं था और हो सकता है कि उसे अपने कार्यों के घातक परिणामों की ऐसी उम्मीद ना रही हो। लिहाजा, यहां आईपीसी की धारा 302 के अंतर्गत कोई अपराध नहीं बनता है।

न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने सलीम उर्फ सांभा द्वारा आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए फैसला पारित किया और उम्रकैद को 10 साल की सजा में बदल दिया। मामले के अनुसार अभियुक्त और मृतक अजीज संयुक्त रूप से गोश्त बेचा करते थे। एक दिन दोनों के बीच 50 रुपये को लेकर विवाद हो गया। मामले को सुलझाने के लिए सलीम ने मृतक को घर बुलाया। बातचीत के दौरान सलीम ने अजीज पर घर में रखी छुरी से वार कर दिया।

### यूपी पुलिस ने एक्स पर शेयर की डीएसपी ललित की तस्वीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेरिस में चल रहे ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर डीएसपी ललित उपाध्याय को लेकर पुलिस मुख्यालय के अधिकारी गदगद हैं। ललित उपाध्याय की उपलब्धि से जुड़ी एक तस्वीर उप्र. पुलिस ने एक्स पर शेयर कर खुशी जाहिर की है। बता दें कि ललित उपाध्याय उप्र. पुलिस में डीएसपी हैं, जो ओलंपिक में हाकी खेलने पेरिस पहुंचे हैं। ललित ने वहां मैच के दौरान आखिर में चौथा गोल दागा था। जिस वक्त पेरिस में यह मैच चल रहा था, उस समय प्रदेश वासी ललित से बहुत उम्मीद लगाए हुए थे।




## बांग्लादेश मामले में बसपा केंद्र के हर फैसले के साथ: मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बांग्लादेश मामले में बसपा केंद्र के हर फैसले के साथ है। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि पड़ोसी देश के हालात को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों का सरकार के फैसले के साथ रहना जरूरी है।



# आईआईटी की डिवाइस से तुरंत पता चलेगा मुंह का कैंसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** मुंह के कैंसर का पता लगाने के लिए अब मुंह परीक्षक डिवाइस का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पोर्टेबल डिवाइस है, जिसका आविष्कार आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर जयंत कुमार सिंह ने टीम के साथ किया है।

डिवाइस मुंह की जांच करने के लिए विशेष रोशनी और कैमरे का उपयोग करती है। मुंह की फोटो का विश्लेषण कर उन्हें सामान्य, कैंसर से पहले या कैंसर के रूप में वर्गीकृत कर तत्काल परिणाम देगी। आईआईटी कानपुर ने मुंह परीक्षक को स्कैन्जनी साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित किया है, दोनों के बीच प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। प्रोफेसर जयंत कुमार सिंह के मुताबिक डिवाइस स्मार्टफोन, टैबलेट, आईपैड आदि से वायरलेस तरीके से जुड़ती है। यह उपकरण क्लिनिकल सेटिंग्स में 90 फीसदी सटीकता के साथ त्वरित और दर्द रहित जांच प्रदान करता है। यह सुरक्षित, विकिरण-मुक्त है और इसके लिए किसी अतिरिक्त रसायन या प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होती है। आईआईटी निदेशक प्रो.मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि इस तकनीक से मुंह के कैंसर का जल्द पता कर उसका समय पर निस्तारण किया जा सकता है। आईआईटी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो.तरुण गुप्ता ने कहा कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आविष्कार को प्रभावी ढंग से बाजार में उतारना है। जो सभी के लिए किफायती और लाभकारी हो।



- **आईआईटी ने डिवाइस को स्कैन्जनी साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड को किया हस्तांतरित**
- **इससे क्लिनिकल सेटिंग्स में 90 फीसदी सटीकता के साथ त्वरित व दर्द रहित होगी जांच**

## वर्ग पहेली-154

**बाएं से दाएं**

1.1.ढंग 2.बनावट 3.रचना 4.अवस्था; दशा।

4.संस्तुति, सिफ़ारिश, (रिक्मेंडेशन)।

6.जो दूसरों के प्रति संवेदनशील हो, विशाल हृदय वाला, दानी, परोपकारी, मुक्तहस्त, फ़ैयाज़, उदारमना, सहायता करने वाला, परम उदार, दाता।

9.1.वसंत का मौसम 2.मधुमास 3.प्रेम-ऋतु।

**ऊपर से नीचे**

2.1.संस्तुत 2.समर्थित 3.सम्मति-प्राप्त।

3.मौसा-मौसी का घर।

5.1.किसी चीज़ का उबलते समय 'फद-फद' ध्वनि करना 2.शरीर में बहुत दाने या फुंसियां निकल आना 3.पेड़-पौधों में नई पत्तियां निकलना।

7.पानी रखने का धातु निर्मित चौड़े मुंह का एक बड़ा बरतन, कंडाल।

8.1.लकड़ी या धातु का मज़बूत लट्ठा, शहतीर, कड़ी, धरन, आड़ा 2.प्रकाश किरणों का पुंज, प्रकाशरेखा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | 8 | ■ | ■ | |
| | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -153 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 म | स | 2 न | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | ज़ | ■ | 3 ची |
| ■ | ■ | ■ | र | ■ | ला |
| 4 न | ज़ | र | बा | ज़ | ■ |
| क | ■ | ■ | ग | ■ | 5 र |
| च | ■ | ■ | ■ | ■ | ट |
| ढ़ा | ■ | 6 चि | म | ट | ना |

## सुडोकू -67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 1 | | 9 | 7 | |
| | | 1 | | | 8 | | 4 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | | 8 | |
| | | | | 4 | 9 | | 2 | |
| | 9 | | 2 | | 6 | | 5 | |
| | 8 | | 5 | 3 | | | | |
| | 1 | | | 9 | 2 | | | 8 |
| | 3 | | 1 | | | 5 | | |
| | 6 | 4 | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अगस्त बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 22.05 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग

शु. बु. चं. 5 के. 6 | 3 | मं. 2 गु. | सू. 4 | 7 | 1 | 10 | 8 | 9 | 11 श. | 12 रा.

**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 20.30 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र को लेकर परेशानी दूर होगी। ऑनलाइन कारोबार में प्रगति होगी। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। आप काफी प्रसन्नता महसूस करेंगे। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। संपत्ति विवादों का निपटारा होगा।

**वृष:** आज एक साथ कई सारे काम न करें। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। गुप्त शत्रुओं को लेकर मन में भय हो सकता है। आपको परिजनों की अनावश्यक बातों को लेकर दबाव हो सकता है। प्रिय जनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**मिथुन:** आज स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठाएंगे। अपने लक्ष्यों के प्रति काफी गंभीर रहेंगे।

**कर्क:** आज आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में काफी ध्यान देना चाहिए। किसी पर ज्यादा विश्वास करना उचित नहीं है।

**सिंह:** आज उच्चाधिकारियों से ज्यादा बहस न करें। शेयर मार्केट आदि से आपको लाभ मिलेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। ज्यादा सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मत भिन्नता दूर होगी।

**कन्या:** आज अपेक्षित कार्य के समय से पूरे न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। किसी काम में मन नहीं लगेगा। किसी नए काम की योजना बना सकते हैं। आपके साथियों के बीच आपसी तनाव हो सकता है।

**तुला:** आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। संतान के भविष्य की चिंता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिए। घर का वातावरण सुखद रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक:** आज युवा नया कारोबार प्लान करने का विचार बना सकते हैं। माता-पिता से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। दांपत्य समस्याओं का समाधान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे।

**धनु:** आज कारोबार में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है। नई जॉब के लिए प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों में असावधानी रखनी उचित नहीं है।

**मकर:** आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा है। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आय के स्तोत्रों में वृद्धि होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**कुंभ:** आज व्यर्थ के झगड़ों के कारण आपका व्यवहार खराब हो सकता है। आध्यात्मिक विचारों और गुप्त साधनाओं के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। अपने महत्वपूर्ण सामानों को संभाल कर रखें। रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।

**मीन:** आज प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्यार के काबिल — सुबह : 09.57
- सौगंध — शाम : 04.40

&pictures
- मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11.23
- एनएच 10 — रात : 08.00

SONY PIX
- द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 11.47
- सैन एंड्रियास — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.23
- ड्रीम गर्ल — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- चेन्नई एक्सप्रेस — दोपहर : 12.10
- द गार्डियन — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जज साहब, मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वो बर्तन फेंक कर मारती है।
जज- बर्तन अभी मारना शुरू किया है या पहले से ही मार रही है।
पति- पहले से ही
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों लेना चाहते हो?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है।

चिंटू- अपने देश में मृत्यु की औसत दर क्या है?
मिंटू- सौ फीसदी।
चिंटू- सौ फीसदी... क्या मतलब?
मिंटू- मतलब यह कि जो भी जन्म लेता है, वह जरूर मरता है।

## आज भारत के मुकाबले

- **एथलेटिक्स :** मिश्रित मैराथन पैदल चाल रिले (पदक चरण) : प्रियंका गोस्वामी और सूरज पंवार – सुबह 11.00 बजे।
- **पुरुष ऊंची कूद (क्वालीफिकेशन) :** सर्वेश कुशारे – दोपहर 1.35 बजे।
- **महिला भाला फेंक (क्वालीफिकेशन) :** अन्नू रानी – दोपहर 1.55 बजे।
- **महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ (पहला चरण) :** ज्योति याराजी (हीट चार) – दोपहर 2.09 बजे।
- **पुरुषों की त्रिकूद (क्वालीफिकेशन) :** प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबकर नारंगोलिंटेविडा – रात 10.45 बजे।
- **पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज :** अविनाश साबले– देर रात 1.13 बजे।
- **गोल्फ :** महिला व्यक्तिगत : अदिति अशोक और दीक्षा डागर – दोपहर 12.30 बजे।
- **टेबल टेनिस :** महिला टीम (क्वार्टर फाइनल) : भारत (श्रीजा अकुला, मनिका बत्रा और अर्चना गिरीश कामथ) बनाम जर्मनी – दोपहर 1.30 बजे।
- **कुश्ती :** महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा (प्री-क्वार्टर फाइनल) : अंतिम पंघाल बनाम येनेप येटगिल – दोपहर 3.05 बजे।
- **भारोत्तोलन :** महिला 49 किग्रा (पदक चरण) : सैखोम मीराबाई चानू – रात 11.00 बजे।

## खेल डायरी




### आर्मंड ने नौवीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में नौवीं बार रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में जब दिन की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस में 80,000 दर्शकों के सामने 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। ओलंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार यह कारनामा किया। लुइसियाना में जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। स्वीडन के राजा और रानी भी डुप्लांटिस की इस उपलब्धि के गवाह बने। लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवीं बार रिकॉर्ड तोड़कर डुप्लांटिस अब इस स्पर्धा के सबसे महान खिलाड़ी सर्गेई बुबका के करीब पहुंच गए हैं।

### सीन नदी पर होने वाला तैराकी अभ्यास रद

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं के बीच मंगलवार को इस नदी पर होने वाली ओलंपिक मैराथन तैराकी परीक्षण प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया। पेरिस ओलंपिक 2024 की प्रवक्ता ऐनी डेस्कैम्प्स ने पुष्टि की कि वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने अभ्यास रद्द करने का निर्णय लिया है। यह फैसला ट्रायथलॉन मिश्रित रिले प्रतियोगिता के सीन नदी पर सफल आयोजन के एक दिन बाद आया है। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले भी कुछ अभ्यास कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे।

### सर्फिंग सेमीफाइनल के दौरान दिखी व्हेल

**ताहिती।** ताहिती में पेरिस ओलंपिक खेलों की सर्फिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार दोपहर जब सभी की निगाहें समुद्र में अपना कौशल दिखा रहे खिलाड़ियों पर टिकी थी तभी वहां एक नया दर्शक पहुंच गया जो थी एक व्हेल। ब्राजील की तातियाना वेस्टन वेब और कोस्टा रिका की ब्रिसा हेनेसी जब सेमीफाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे तभी वहां व्हेल पहुंच गई। वह हालांकि खिलाड़ियों से सुरक्षित दूरी पर थी और इसलिए प्रतियोगिता जारी रही। दर्शकों और फोटोग्राफरों की निगाहें खिलाड़ियों से हटकर व्हेल पर टिक गई और इस अद्भुत दृश्य को कैमरों में कैद किया।

### भारतीय पुरुष टीम को प्री-क्वार्टरफाइनल में हारी

**पेरिस।** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम को पेरिस ओलंपिक में मंगलवार को हुए राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चीन से 3–0 से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ टेबल टेनिस में भारत का अभियान समाप्त हो गया हैं। यहां हुए मुकाबले में देसाई और ठक्कर युगल प्रतियोगिता का पहला मैच मा लोंग और वांग चुकिन के खिलाफ सीधे गेम (11–2, 11–3, 11–7) में हार गए। इसके बाद शरत कमल पेरिस 2024 एकल स्वर्ण पदक विजेता फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद, चीनी पैडलर ने दूसरा मैच 9–11, 11–7, 11–7, 11–5 से जीत लिया।



तीसरे गेम में, ठक्कर का वांग चुकिन से कोई मुकाबला नहीं था। वांग चुकिन ने 11–9, 11–6, 11–9 से जीत हासिल की। इस हार से भारतीय पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ियों का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया।

# गोल्डन ब्वॉय के भाले ने भेदा फाइनल का टिकट

## क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज चोपड़ा ने 89.34 मीटर का किया थ्रो

**पेरिस, एजेंसी**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के भाला फेंक के क्वालिफिकेशन राउंड में सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.34 मीटर थ्रो के साथ फाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी ग्रुप बी से फाइनल में जगह बनाने वाले तीसरे एथलीट रहे। दो बार के विश्व चैंपियन पीटर्स ने आज स्टेड डी फ्रांस में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.63 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंका और अरशद नदीम से आगे लेकिन नीरज चोपड़ा से पीछे रहे। अब तक कुल सात एथलीटों ने 84.00 मीटर के क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए गुरुवार के पदक स्पर्धा में अपनी जगह पक्की कर ली है।

नीरज चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वियों में से एक पाकिस्तान के अरशद नदीम भी स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए। क्वालिफिकेशन राउंड के ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर रहते हुए नदीम ने अपने पहले प्रयास में 86.59 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और आसानी से क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए मेडल राउंड में जगह बनाई। अरशद नदीम और नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ वर्षों में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी है जिसमें भारतीय भाला फेंक एथलीट हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 9-0 से आगे हैं। हालांकि कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में नदीम का 90.18 मीटर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चोपड़ा के 89.94 मीटर के शीर्ष प्रयास से आगे है।

आज हुए मुकाबले में चोपड़ा ने पहले प्रयास पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.34 मीटर दर्ज किया। वहीं जर्मन एथलीट अपने तीन प्रयासों के बावजूद 85.64 मीटर की दूरी ही दर्ज कर सके। इस बीच पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 85.16 मीटर के दूसरे प्रयास के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई।

### किशोर जेना ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्पर्धा से बाहर

**पेरिस।** भारत के किशोर जेना मंगलवार को पुरुष भाला फेंक के ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गए। ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन से 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए। उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में भाले को 80.21 मीटर की दूरी तक फेंका। जेना ने पिछले साल अक्टूबर में एशियाई खेलों का रजत पदक जीतने के दौरान 87.54 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।



क्वालिफिकेशन में प्रतिभाग करने के बाद किशोर जेना। ● एजेंसी




<< 89.34 मीटर थ्रो करने के बाद नीरज चोपड़ा ने ऐसे मनाया जश्न। ● एजेंसी

> मैं पहले प्रयास में अच्छा करने की कोशिश करता हूं लेकिन यह हमेशा कारगर नहीं होता। ऐसा पहले भी हुआ है जब मेरा शुरुआती थ्रो अच्छा नहीं रहा है लेकिन मैं पहले प्रयास में बेहतर करने की कोशिश करता हूं। मैं अब बेहतर हूं। मैं फाइनल पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मैं इसे ध्यान में रखने और ठीक से अभ्यास करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। फाइनल में हर किसी की मानसिकता अलग होती है। मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हूं। मैं फाइनल के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाने की कोशिश कर रहा हूं।
>
> **– नीरज चोपड़ा,** भाला फेंक खिलाड़ी



**50** किलोग्राम फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में क्यूबा की युसनेलिस को 5–0 से हराया

<< जीत के बाद जश्न मनातीं विनेश फोगाट (लाल जर्सी में)। ○ एजेंसी

# कुश्ती: स्वर्ण पदक से एक जीत दूर विनेश फोगाट

**पेरिस, एजेंसी**

● फाइनल में पहुचने वाली भारत की पहली पहलवान बनीं विनेश

पहलवान विनेश ओलंपिक महिला 50 किग्रा कुश्ती के सेमीफाइनल में क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 हराकर पदक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने इससे पहले ओलंपिक खेलों में बड़ा उलटफेर करते हुए अब तक अपराजेय मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी को शिकस्त देने के बाद यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अंतिम चार मैच में लोपेज ने शुरुआती पीरियड में विनेश के पैर पर पकड़ बनाने की कोशिश की लेकिन उनके अतिरक्षात्मक खेल के कारण भारतीय पहलवान को एक अंक की बढ़त बनाने की मौका मिल गया। शुरुआती पीरियड में बढ़त बनाने के बाद विनेश ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत की और प्रतिद्वंद्वी पहलवान के दायें पैर पर मजबूत पकड़ के साथ 5-0 की बढ़त बना ली। क्यूबा की पहलवान ने इसके बाद विनेश पर पकड़ बनाने की कोशिश की लेकिन विनेश के शानदार रक्षण के आगे उनका प्रयास विफल हो गया। ऐसे में विनेश के पास कुश्ती में देश का पहला स्वर्ण विजेता बनने का मौका होगा। फाइनल बुधवार को होगा।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 22 | 30 | 29 | 81 |
| चीन | 22 | 20 | 15 | 57 |
| ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 9 | 35 |
| फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 15 | 18 | 45 |
| द. कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| जापान | 11 | 6 | 11 | 28 |
| इटली | 9 | 10 | 6 | 25 |
| नीदरलैंड | 8 | 5 | 6 | 19 |
| जर्मनी | 8 | 5 | 4 | 17 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# जर्मनी से हार, टूटा स्वर्ण का सपना

**पेरिस, एजेंसी**

**44** साल बाद स्वर्ण के करीब थी टीम, सेमीफाइनल में 3-2 से हारा भारत, 8 को कांस्य मुकाबले में स्पेन से होगा सामना

विश्व चैंपियन जर्मनी ने भारतीय हॉकी टीम का 44 साल बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना मंगलवार को सेमीफाइनल में उसे 3-2 से हराकर तोड़ दिया।

अपने अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास के बिना उतरी भारतीय टीम ने आज दबाव में कई गलतियां की जिसका जर्मनी ने पूरा फायदा उठाया। भारत के लिए सातवें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने और 36वें मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल किया जबकि जर्मनी के लिए गोंजालो पेयाट ने 18वें, क्रिस्टोफर रूर ने 27वें और मार्को मिल्टकाउ ने 54वें मिनट में गोल दागे। भारतीय टीम अब 8 अगस्त को कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से खेलेगी जबकि फाइनल नीदरलैंड और जर्मनी के बीच खेला जाएगा।




मैच के दौरान भारत व जर्मनी के खिलाड़ी। ○ एजेंसी

### स्पेन का हराकर पुरुष हॉकी के फाइनल में नीदरलैंड

**पेरिस।** नीदरलैंड मंगलवार को पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष हॉकी पहले सेमीफाइनल में मुकाबले स्पेन को हराकर फाइनल में पहुंच गया है। यहां खेले गये मुकाबले में नीदरलैंड ने स्पेन को 4–0 से हराकर प्रतियोगिता में एक पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकालीन खेलों में नीदरलैंड का 10वां पदक है। नीदरलैंड फाइनल मुकाबले में गुरुवार को भारत और जर्मनी के बीच सेमीफाइनल मैच के विजेता से भिड़ेगा। नीदरलैंड की ओर से जिप जानसेन ने 12वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। थियरी ब्रिंकमैन ने 20वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। थिज्स वैन डैम ने 32वें मिनट और डुको टेलजेनकैंप ने 50वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

### मीराबाई चानू की नजर ऐतिहासिक पदक पर

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतकर कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में पोडियम पर पहुंचकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी।

मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई। तोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने तोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था।

### किरण पहल का महिला 400 मीटर दौड़ में सफर खत्म




400 मीटर दौड़ के दौरान भारतीय धावक किरण पहल। ● एजेंसी

**पेरिस।** भारत की किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज चरण में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल से बाहर हो गईं। अपना किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर रही। वह कुल 26 खिलाड़ियों में 23वें स्थान पर रही। रेपेचेज दौर की चार हीट में प्रत्येक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के अलावा सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली दो अन्य ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर–राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था। वह ओलंपिक में इसे दोहराने में विफल रहीं।

**मुकाबला आज** स्पिनरों पर भारतीय बल्लेबाजों को होना होगा हावी, 1997 में आखिरी बार वनडे शृंखला जीती थी श्रीलंका

# 27 साल बाद शृंखला गंवाने की ओर भारत

**कोलंबो, एजेंसी**

पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद शृंखला गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे शृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे शृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था।

भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे शृंखलाएं हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही। भारत वर्तमान शृंखला को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह शृंखला बराबर करने पर टिकी हैं। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है।




अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित, कोच गंभीर और अगरकर। ● एजेंसी

**मैच : दोपहर 2:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका :** चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, डुनिथ वेललागे, चमिका करुणारत्ने, अकिला धनंजय, मोहम्मद शिराज, महीश थीक्षाना, असिथा फर्नांडो, ईशान मलिंगा , जेफ्री वांडरसे।

**महिला टी-20 विश्वकप**

### आईसीसी चिह्नित करेगा वैकल्पिक स्थल

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल के आखिर में बंगलादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप आयोजन के लिए वैकल्पिक स्थल के रुप में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका को चिन्हित किया है।

आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि बंगलादेश की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आईसीसी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हमारी प्राथमिकताओं में सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और उनकी देख-रेख शामिल है। संभावना है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट को किसी और देश में आयोजित कराया जाए। ऐसे में आईसीसी ने भारत, यूएई और श्रीलंका को वैकल्पिक स्थल के रूप में चिन्हित किया है।

# स्पेन और फ्रांस फुटबॉल के फाइनल में

**मार्सिले (फ्रांस), एजेंसी**

**32** वर्षों में पहली बार किसी यूरोपीय टीम के पास स्वर्ण जीतने का मौका, स्पेन ने मोरक्को और फ्रांस ने मिस्र को हराया

स्पेन ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद स्थानापन खिलाड़ी जुआनलू सांचेज़ के गोल की मदद से मोरक्को को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी और रिकॉर्ड पांचवीं बार ओलंपिक खेलों की पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

स्पेन फाइनल में मेजबान फ्रांस से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में मिस्र को 3-1 से पराजित किया। पिछले 32 वर्षों में यह पहला अवसर होगा जबकि यूरोप की कोई टीम स्वर्ण पदक जीतेगी। सांचेज ने स्टेड डे मार्सिले में 85वें मिनट में गोल करके स्पेन को फाइनल में पहुंचाया। इससे पहले टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले सूफियाने रहीमी के 37वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने से मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था। फ़र्मिन लोपेज़ ने 65वें मिनट में स्पेन की तरफ से बराबरी का गोल किया। बार्सिलोना ओलंपिक 1992 में स्वर्ण पदक जीतने वाला स्पेन तीन साल पहले तोक्यो खेलों के फाइनल में ब्राजील से हार गया था। स्पेन की महिला टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका सामना ब्राजील से होगा।



स्पेन पांचवीं बार ओलंपिक फुटबॉल के फाइनल में पहुंचा है और इस तरह से उसने ब्राजील की बराबरी की है। अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस भी मिस्र से एक समय पीछे चल रहा था लेकिन जीन फिलिप माटेटा ने दो गोल करके फाइनल में उसकी जगह सुनिश्चित की। मिस्र महमूद सेबर के 62वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बढ़त बनाने के बाद उलटफेर की ओर बढ़ रहा था। माटेटा ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय में खींच दिया। माटेटा ने 99वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

